सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 19 मार्च, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 75, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 633 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला तीसरे दिन जारी रहा और सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा। } 10

## पीएम मोदी ने कुवैत के युवराज से की वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर विचार-विमर्श किया। } 10

### प्रथम - मां शैलपुत्री

वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखरां।
वृषारुढ़ां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनी॥
दक्ष प्रजापति के यज्ञकुंड में अपने देह की आहुति देने के बाद पर्वतराज हिमालय के यहां उत्पन्न देवी का नाम शैलपुत्री है।

## इजराइली हमले में ईरान के मंत्री इस्माइल खतीब की मौत

एजेंसी

दुबई। इजराइल द्वारा ईरान के नेताओं को निशाना बनाने के लिए की जा रही कार्वाई में बुधवार को उसके खुफिया मामलों के मंत्री इस्माइल खतीब की मौत हो गई।

इजराइल ने इसके साथ ईरान के एक अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर हमला किया, जो क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा, ऊर्जा पर दोनों पक्षों से बढ़ते युद्ध के दबाव का संकेत है। इजराइल के रक्षामंत्री इजराइल काट्ज़ ने कहा कि ईरान के खुफिया मामलों के इस्माइल खतीब रात भर चले हमले में मारे गए और उन्होंने आगे भी चौंकाने वाली खबरें आने का दावा किया। ईरान ने फारस की खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले करके जवाबी कार्वाई की, जिसमें तेल अवीव के पास दो लोग मारे गए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खतीब के मारे जाने की पुष्टि की है, जिन पर अमेरिका ने 2022 में वाशिंगटन और उसके सहयोगियों के खिलाफ कथित साइबर गतिविधियों के लिए प्रतिबंध लगाए थे। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने खतीब की हत्या को अनुचित हत्या करार दिया है।

**❍ तेल अवीव के पास ईरानी हमलों में दो लोगों की मौत**

इजराइल ने बुधवार को एक और शीर्ष ईरानी अधिकारी को मार गिराने का दावा किया जो दो दिनों में इस प्रकार का तीसरा मामला है। वहीं पश्चिम एशिया में संघर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बाराबंकी-बहराइच सड़क परियोजना को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

### ❍ 33,660 करोड़ रुपये की औद्योगिक विकास योजना को हरी झंडी ❍ लघु जलविद्युत विकास योजना पास

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में बाराबंकी से बहराइच के बीच 6,969.04 करोड़ रुपये की लागत से चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के निर्माण को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 101.51 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रमुख आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक केंद्रों को निर्बाध संपर्क सुविधा प्रदान करना है। वहीं एक अन्य निर्णय में सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गई।

इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अन्य निर्णय में 2,585 करोड़ रुपये की लघु जलविद्युत विकास योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य 1,500 मेगावाट की नवीकरणीय क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव

ने यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा लघु जलविद्युत विकास योजना को मंत्रिमंडल ने 2,585 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) के तहत 6,969.04 करोड़ रुपये की लागत से बाराबंकी से बहराइच तक नियंत्रित पहुंच के साथ चार लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-927 के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना में लगभग 3,485.49 करोड़ रुपये की निर्माण लागत और भूमि अधिग्रहण के लिए अतिरिक्त 1,574.85 करोड़ रुपये शामिल हैं। हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल है। इसमें निर्माण के दौरान 40 प्रतिशत सरकारी वित्तपोषण और 60 प्रतिशत निजी निवेश शामिल होता है। इस परियोजना से 36.54 लाख प्रत्यक्ष कार्यदिवस और 43.04 लाख अप्रत्यक्ष कार्यदिवस के नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

बाराबंकी-बहराइच सड़क मार्ग को आधुनिक बनाये जाने से बाराबंकी और बहराइच जिलों के शहरी क्षेत्रों में मौजूद सड़क से जुड़ी खामियों और भीड़भाड़ की समस्या का समाधान होगा। साथ ही यह परियोजना यात्रा की औसत गति बढ़ाएगी, यात्रा समय को लगभग एक घंटे तक कम करेगी और सड़क सुरक्षा, ईंधन दक्षता और वाहन परिचालन लागत में सुधार करेगी। यह परियोजना पूरी होने पर नेपालगंज सीमा के माध्यम से भारत और नेपाल के बीच एक महत्वपूर्ण सीमा पार व्यापार और पारगमन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विराज सागर दास ने दीं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं। विराज सागर दास ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर किया जाने वाला कन्या पूजन नारी शक्ति के महत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों और पुराणों में चैत्र नवरात्र को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा सद् प्रवृत्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विराज सागर दास ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है।

# 9 वर्ष में लिखी यूपी के विकास की नयी गाथा

### डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा, विकास, रोजगार और सुशासन का स्थापित किया मॉडल : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास और सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व उनकी विजनरी नेतृत्व क्षमता के तहत बीते 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह डबल इंजन सरकार की नीतियों, पार्टी कार्यकताओं के अथक परिश्रम, जनप्रतिनिधियों की सेवा भावना और जनता जनार्दन के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को इन 9 वर्षों की उपलब्धियों के लिए हृदय से बधाई देते हुए कहा कि यह परिवर्तन 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 9 वर्षों की यात्रा को समझने के लिए यह जानना आवश्यक है कि 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति क्या थी। उत्तर प्रदेश जैसे असीम संभावनाओं वाले राज्य को पहचान के संकट का सामना करना पड़ रहा था। दुनिया की सबसे उर्वर भूमि और प्रचुर जल संसाधनों के बावजूद किसान आत्महत्या के लिए मजबूर था। प्रदेश का कारीगर, जो अपनी कला के लिए प्रसिद्ध था, वह उद्यमी बनने के बजाय श्रमिक बनकर पलायन करने को विवश था। युवाओं के सामने पहचान ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत-कनाडा साझेदारी को मिलेगी नयी गति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने बुधवार को भेंट कर उत्तर प्रदेश में निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और कौशल विकास के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की व्यापक संभावनाओं पर जोर देते हुए उत्तर प्रदेश को एक उभरते निवेश और नवाचार केंद्र के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हुए व्यापक परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पीएम 28 को करेंगे जेवर हवाई अड्डे का उद्घाटन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में कहा कि यूपी अब इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदेश बना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर से अवगत कराते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क यूपी के पास है। सर्वाधिक सात शहरों (लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ) में मेट्रो चल रही है। देश की पहली रैपिड रेल मेरठ से दिल्ली के बीच प्रारंभ हो चुकी है। देश का पहला रोपवे वाराणसी में बन रहा है। देश में पहला इनलैंड वाटर वे यूपी (वाराणसी से हल्दिया) में बना है।

सीएम ने एयर कनेक्टिविटी का जिक्र करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश में 16 एयरपोर्ट संचालित हैं, जिनमें चार अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। यूपी का पांचवां अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर में तैयार है। यह देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। हमने 28 मार्च को इसके लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री जी से अनुरोध किया है, उन्हें आमंत्रित किया है। जेवर एयरपोर्ट से अर्थव्यवस्था में ग्रोथ होगी और उप्र सरकार को एक लाख करोड़ रुपये की आय होगी। सीएम योगी ने 2017 के पहले राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## कच्चा मकान ढहा, दो बच्चों समेत तीन की मौत

मैनपुरी। जिले के अटपुरा गांव में एक कच्चा मकान ढहने से एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गयी तथा पति और दो अन्य बच्चे घायल हो गए। मकान की दीवार मिट्टी की थी और टीन की छत थी। मकान मंगलवार रात को उस समय ढह गया जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी नीरज द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक नगर अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ बचाव अभियान का नेतृत्व करने के लिए मौके पर पहुंचे। एसपी ने बुधवार को बताया कि छह लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनमें से तीन को मृत घोषित कर दिया।

## आध्यात्मिक विरासत को आधार बनाकर विकास कर रही सरकार

प्रमुख संवाददाता

ऋषिकेश (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से भेंट कर राज्य के विकास मॉडल को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया। इस दौरान समाज में संतुलन, मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने जैसे विषय प्रमुख रूप से चर्चा में रहे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड की आध्यात्मिक विरासत को सशक्त आधार बनाकर विकास की दिशा तय कर रही है। उन्होंने बताया कि योग, ध्यान और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, साथ ही धार्मिक स्थलों ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली और इंदौर में भीषण आग से 17 की मौत

## पालम की इमारत में लगी आग

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महिला की एक पोती की उम्र मात्र तीन साल थी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में तीन लोग घायल हो गए जिनमें से दो लोगों ने आग से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाई थी। यह इमारत पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में है। इमारत के बेसमेंट, भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जबकि शोरूम के मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। पड़ोसियों ने बताया कि आग शुरू में पहली मंजिल पर लगी थी लेकिन तेजी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## इंदौर में ईवी के चार्जिंग प्वाइंट में धमाका

एजेंसी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर में तीन मंजिला मकान के बाहर बुधवार तड़के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को चार्ज किए जाने के दौरान हुए धमाके के बाद इस इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटना में लोगों के हताहत होने पर शोक जताया है। इस बीच, प्रदेश सरकार ने विशेषज्ञों की समिति से इस घटना की विस्तृत जांच कराए जाने और ईवी चार्ज करने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार कराए जाने की घोषणा की है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कुंदन मंडलोई ने बताया कि ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के एक मकान में बुधवार तड़के 03:30 बजे से 04:30 बजे के बीच आग लगी। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि इस ...शेष पृष्ठ 10 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:26 | 4:47 | 6:17 | 4:54 |

### भीतर पढ़ें

❍ संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लॉजिंग-फूडिंग की स्कीम (पृष्ठ-02)
❍ टीईटी-2026 भुगतान प्रक्रिया होगी आसान (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 23 पैसे टूटकर 92.63 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
❍ जापान ने 57.3 अरब येन का व्यापार दर्ज किया (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** हर घर नल से जल को नयी रफ्तार, यूपी-केंद्र के बीच जल जीवन मिशन 2.0 पर समझौता

# पेयजल योजनाओं में अब दिखेगी गति और पारदर्शिता : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की पहुंच को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को एक अहम पहल हुई। जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के तहत केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता मिशन के अगले चरण की औपचारिक शुरूआत है, जिसे हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिली है। यह एमओयू केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर घर नल से जल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने की दिशा में यह समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जलापूर्ति योजनाओं को और बेहतर योजना, समयबद्धता और परिणामों के साथ लागू किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसका सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल के रूप में मिलेगा। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों मजबूत होंगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का संकल्प अब तेजी से साकार हो रहा है। प्रदेश में पेयजल व्यवस्था में आए बदलाव का जिक्र करते हुए ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पूर्व विधायक के घर में विस्फोट दो बेटों समेत 6 पर केस दर्ज

जिला संवाददाता

फर्रुखाबाद। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय सिंह के फर्रुखाबाद स्थित घर पर हुए विस्फोट के मामले में उनके दोनों बेटों सहित छह लोगों के खिलाफ बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे सपा के पूर्व विधायक विजय सिंह के फर्रुखाबाद स्थित घर पर मंगलवार को अचानक हुए तेज धमाके में पांच लोग घायल हो गए थे।

**❍ धमाके में घायल पांच लोगों की हालत गंभीर**

शहर कोतवाली के उपनिरीक्षक इमरान फरीद द्वारा दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि वह मंगलवार को अपनी टीम के साथ साहबगंज चौराहे पर वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे, इसी दौरान एक ई-रिक्शा में दो युवकों को अस्पताल ले जाया जा रहा था, जो झुलस गए थे। फरीद ने बताया कि पूछताछ में घायलों की पहचान अविनाश उर्फ विक्की और अभिषेक उर्फ सिक्की के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां अफरातफरी का माहौल था और चीख-पुकार मची हुई थी। पुलिस उप निरीक्षक ने बताया कि जिस मकान में विस्फोट हुआ था, वहां चारों ओर मलबा फैला हुआ था, और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# आज प्रदेश में न कोई भय है, न तनाव, न अराजकता और न ही दंगों का खतरा

## 9 वर्षों में राज्य में बदली कानून-व्यवस्था की तस्वीर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था में हुए उल्लेखनीय सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। पहले जहां त्योहारों के दौरान भय, तनाव, दंगे और कर्फ्यू का माहौल बन जाता था, वहीं अब नवरात्रि और रमजान जैसे महत्वपूर्ण पर्व एक साथ पूरी शालीनता और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। अलविदा की नमाज और ईद जैसे अवसर भी पूरी शांति से संपन्न हो रहे हैं और कहीं कोई हलचल या अव्यवस्था देखने को नहीं मिलती। यही बदला हुआ उत्तर प्रदेश है, जहां लोग निर्भय होकर अपने धार्मिक स्थलों पर जा रहे हैं और सुरक्षा का वास्तविक अहसास कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बदलाव केवल माहौल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीयत, नीति और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। अब लोग नए साल या अन्य आयोजनों पर भी धार्मिक स्थलों की ओर जा रहे हैं, जो सामाजिक विश्वास और सुरक्षा के मजबूत माहौल को दर्शाता है। आज



प्रदेश में न कोई भय है, न तनाव, न अराजकता और न ही दंगों का खतरा, यह सब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के कारण संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में भर्तियां नहीं होती थीं, क्योंकि सरकार की नीयत साफ नहीं थी और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता था। लेकिन पिछले 9 वर्षों में इस स्थिति को पूरी तरह बदला गया है। सरकार ने 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी हैं, जिनमें 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती शामिल है। यह अपने आप में एक बड़ा परिवर्तन है, जिसने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत आधार प्रदान किया है। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस भर्ती के साथ-साथ प्रशिक्षण क्षमता को भी अभूतपूर्व रूप से बढ़ाया गया है। उन्होंने 2017 के शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा कि उस समय 30 हजार पुलिस भर्ती के लिए केवल 3 हजार प्रशिक्षण क्षमता उपलब्ध थी। तब केंद्र सरकार के सहयोग से मिलिट्री, पैरामिलिट्री और अन्य राज्यों के प्रशिक्षण केंद्रों का उपयोग करना पड़ा था। लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और वर्ष 2025 में भर्ती किए गए 60,244 पुलिसकर्मियों को प्रदेश के भीतर ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन भर्तियों में अनिवार्य रूप से 20 प्रतिशत महिलाओं को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नवनियुक्त पुलिसकर्मी प्रशिक्षण पूर्ण कर नवरात्रि के तुरंत बाद फील्ड में उतरेंगे और प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएंगे। इससे कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी और जनता में सुरक्षा का विश्वास और बढ़ेगा।

सीएम ने भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने के लिए किए गए सुधारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग समेत अन्य संस्थानों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगते थे और समय पर भर्ती नहीं हो पाती थी। लेकिन अब इन व्यवस्थाओं को सुधारते हुए पारदर्शी और समयबद्ध प्रणाली लागू की गई है।

### संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लॉजिंग-फूडिंग की नयी स्कीम से समृद्ध होगा प्रदेश

उत्तर प्रदेश में गरीब का बच्चा भी अब वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त विद्यालय में पढ़ सकता है। शिक्षा क्षेत्र में सुधारों, ऑपरेशन कायाकल्प और संस्कृत के प्रोत्साहन से यूपी में समृद्धि का नया अध्याय शुरू हुआ है। इसके साथ ही संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए लॉजिंग-फूडिंग की नई स्कीम से प्रदेश और समृद्ध होगा। ताकि उनके रहने और खाने की समुचित व्यवस्था हो सके। संस्कृत के माध्यम से प्रदेश समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है, इसलिए सरकार इस दिशा में नई पहल कर रही है। ये बातें बुधवार को लोकभवन में ह्यनव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय इस नई व्यवस्था के मॉडल हैं और इसी तर्ज पर हर जनपद में सीएम कंपोजिट विद्यालयों का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इस वर्ष भी दो-दो विद्यालय दिए जाने की तैयारी है। सीएम योगी ने शिक्षा को सुशासन का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि आज जो बदलाव दिखाई दे रहा है, वह योजनाबद्ध तरीके से ठोस क्रियान्वयन का परिणाम है। सीएम योगी ने कहा कि एक समय बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में बेटियां नंगे पैर जाती थीं, फटे कपड़ों में पढ़ाई करती थीं और सरकारी यूनिफॉर्म भी मजाक का विषय बन जाती थी।

**यूपी अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की छवि से बाहर निकला :** उत्तर प्रदेश अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की छवि से निकलकर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी से आगे बढ़ चुका है। स्वास्थ्य व पर्यावरण के क्षेत्र में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज गोरखपुर और रायबरेली में एम्स संचालित है और काशी के बीएचयू में वर्ल्ड क्लास कैंसर इंस्टीट्यूट बन चुका है। लगभग 06 करोड़ गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और हर पीएचसी पर प्रत्येक रविवार को आरोग्य मेले आयोजित हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज इन्सेफेलाइटिस जैसी बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है और वेक्टर बॉर्न डिजीज के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई की गई है। बीते वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, मेडिकल ढांचे के विकास और योजनाओं की पहुंच ने उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाई है।

**दिव्यांगजन पेंशन बढ़ायेगी सरकार, कैबिनेट जल्द लेगी निर्णय :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार के महिला कल्याण के कार्यों को भी गिनाया। बताया कि प्रदेश में 9 लाख से अधिक सरकारी भर्ती हुईं। इसमें 1.75 लाख से अधिक बेटियों की भर्ती की गई। स्वयंसेवी समूह की 1.10 करोड़ से अधिक महिलाएं प्रदेश में आजीविका दीदी के रूप में उद्यमी बनकर कार्य कर रहीं हैं। इस बार के बजट में महिला उद्यमी स्कीम के अंतर्गत अलग से पैसे की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब तक पांच लाख बेटियों की शादी संपन्न कराई जा चुकी है। सीएम ने निराश्रित महिला, वृद्ध व दिव्यांगजन पेंशन की भी चर्चा करते हुए बताया कि 1.06 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रदेश सरकार 12 हजार रुपये वार्षिक पेंशन उपलब्ध करा रही है। इनके कल्याण के लिए कैबिनेट जल्द ही इसमें वृद्धि का भी निर्णय लेगा।

### हमने जातीय और क्षेत्रीय चश्मे से प्रदेश को नहीं देखा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था, लेकिन आज वही प्रदेश विकास, सुशासन और विश्वास का नया मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों की नीतियों ने युवाओं, किसानों और आम जनता को निराशा के सिवा कुछ नहीं दिया। पहले भर्तियों में पारदर्शिता का अभाव था और भ्रष्टाचार चरम पर था। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि नौकरी निकलते ही महाभारत के सारे रिश्ते वसूली के लिए निकल पड़ते थे, जिससे प्रतिभाशाली युवा हताश होकर या तो पलायन करते थे या खुद को कोसने पर मजबूर होते थे। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था के तहत लाखों युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। सीएम ने विपक्ष पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जाति और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया, जिससे प्रदेश का समग्र विकास बाधित हुआ। हमारी सरकार ने 25 करोड़ जनता को एक परिवार मानकर कार्य किया और दलितों, वंचितों, अति पिछड़ों व गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। धार्मिक आस्था के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री ने विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले भगवान राम और भारतीय परंपराओं को अंधविश्वास बताते थे, आज वही अयोध्या और काशी के विकास को देख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आस्था का सम्मान ही उत्तर प्रदेश की पहचान है और सरकार ने इसे पुनर्स्थापित किया है।

**कांग्रेस, सपा-बसपा ने किसान को बनाया कर्जदार:** नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में किसानों को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पहला निर्णय ही किसानों के लिए लिया था। ऋण माफी से किसान सम्मान निधि तक की यात्रा में यूपी की कृषि विकास दर 8.5 प्रतिशत से बढ़कर 18 फीसदी हो गई है। देश में यूपी कृषि विकास में सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य है। अब यहां किसान आत्महत्या नहीं करता है। गन्ना किसानों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने यूपी में आए परिवर्तन से भी सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 2012 से 2017 के मध्य कुल 95,000 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ था। जबकि, हमने 2017 से अब तक 9 वर्ष में 3,16,800 करोड़ का भुगतान किया। 2017 में किसानों को 300 रुपये प्रति कुंतल गन्ने का दाम मिलता था, आज 400 रुपये मिल रहा है। घटलौती बंद और पर्ची की समस्या का समाधान भी हो गया। सरकारी क्रय केंद्रों पर धान, गेहूं, सरसों, तिलहन, दलहन, मिलेट्स, बाजरा, मक्का की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद हो रही है। हमने किसानों से यह भी कहा है कि बाजार में अच्छा दाम मिले तो वहां अपनी फसल बेचें, लेकिन कम दाम मिले तो अपने उत्पाद क्रय केंद्रों पर बेचें।

# भाजपाई समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के षड्यंत्र रच रहे : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 में जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा जा रही है। अंधभक्तों की जमात भाजपा राजनीतिक पार्टी नहीं गैंग है। भाजपाई समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के षड्यंत्र रच रही है। भाजपा की षड्यंत्रकारी चुनौतियों से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी तैयार है। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में लोकतंत्र पर बहुत खतरा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है। सामाजिक, सदभाव से ही लोकतंत्र साकार होता है। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिकों का जीवन संकट में है। आज की राजनीति में सकारात्मक दिशा पीडीए के रास्ते ही तय हो सकती है। बिना सकारात्मक सोच के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता है। बिना विचारों के अभियान दिशाहीन और भ्रम का शिकार हो सकता है। श्री यादव ने कहा कि सोशलिस्ट और सोशल के बीच रिश्ता है। सकारात्मकता से निष्ठा बनती है। वैचारिकी सिद्धांतों और आंदोलनों से देश और समाज की दिशा बदलती रही है। भाजपा सरकारों से जनता में हताशा और निराशा है। सरकार और प्रशासन बेजा इस्तेमाल करके भाजपा समाजवादी पार्टी के सामने चुनौतियां पैदा करना चाहती हैं। समाजवादी पार्टी भाजपा की हर चुनौती का मुकाबला करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और अफवाह को अपनी ताकत मानती है। समाजवादी सबके साथ है। वह झूठ का भरपूर विरोध करते है। समाजवादी साथियों को यह लड़ाई बड़ी मानकर लड़ना चाहिए। अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि हमारे व्यवहार और भाषा में सादगी होनी चाहिए। हमें अनुशासित रहना होगा। किसी को आक्रोशित नहीं करना है।

# टीईटी-2026 भुगतान प्रक्रिया होगी आसान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग एवं आईसीआई बैंक के मध्य बुधवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर संपन्न हुए। यह एमओयू, आयोग के प्रयागराज एलनगंज स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संपन्न हुआ, जिसमें आयोग के सचिव एवं बैंक के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए तथा अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार एवं बैंक के आंचलिक प्रमुख समित विजय द्वारा समझौता ज्ञापन का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया। इस एमओयू के अंतर्गत आईसीआई बैंक द्वारा आयोग को उन्नत डिजिटल भुगतान समाधान उपलब्ध कराया जाएगा। बैंक द्वारा ₹ईजीपे क्लासिक₹ नामक भुगतान गेटवे सेवा को सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है, जिसके माध्यम से शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के

- बैंक और यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग के बीच हुआ एमओयू

पंजीकरण शुल्क का संग्रह अब अधिक सुगम, तेज और सुरक्षित तरीके से किया जा सकेगा। अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार ने कहा कि यह साझेदारी अभ्यर्थियों के लिए पारदर्शी, सुरक्षित और कुशल भुगतान प्रणाली उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल आवेदन प्रक्रिया सरल होगी, बल्कि डिजिटल लेनदेन को भी बढ़ावा मिलेगा। बेहतर समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैंक द्वारा एक समर्पित समन्वय प्रबंधक की भी नियुक्ति की गई है, जो आयोग के साथ तालमेल स्थापित करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। समझौते के तहत अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भुगतान से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समर्पित सहायता केंद्र सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा लैंडलाइन एवं मोबाइल दोनों माध्यमों पर प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक संचालित रहेगी, जिससे भुगतान विफलता अथवा विलंब जैसी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

# भारतीय किसान यूनियन ने प्रदेश के कृषि मंत्री को सौंपा 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह) के प्रतिनिधिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही को किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन दिया गया। संगठन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित करते हुए किसानों के आर्थिक अस्तित्व और उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल निर्णय लेने का अनुरोध किया है। कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने संगठन की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है। किसान संगठन द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में मुख्य रूप से सी2+50 प्रतिशत एमएसपी की कानूनी गारंटी, आलू पर एमएसपी लागू करने, राष्ट्रीय किसान आयोग के गठन और भारत-अमेरिका ट्रेड डील को खारिज करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, किसानों के संपूर्ण कर्ज माफी, मनरेगा द्वारा किसानों को श्रमिक उपलब्ध कराने, केंद्र सरकार द्वारा पेंशन योजना लागू करने तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज भाड़ा और मंडी शुल्क पर पूर्ण सब्सिडी प्रदान करने जैसे विषयों को भी प्रमुखता से उठाया गया है।

ज्ञापन में शीट बिल 2025 व विद्युत संशोधन बिल को वापस लेने और किसानों व मजदूरों के लिए घरेलू

बिजली मुक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। संगठन ने आलू के निर्धारित समय सीमा में भुगतान न होने पर ब्याज सहित भुगतान और दंडात्मक कार्यवाही के प्रावधान की भी मांग की है। माननीय कृषि मंत्री जी के निर्देश पर यह ज्ञापन उनके विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) द्वारा प्राप्त किया गया।

# रामपुर बना शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने वाला पहला जिला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने एवं सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री (फार्मर आईडी) बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के किसानों की शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए 1 जनवरी से अभियान चलाने के निर्देश दिए थे, यह 31 मार्च तक जारी रहेगा। ऐसे में किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाई जा रही है। वहीं रामपुर जिला प्रशासन ने निर्धारित तिथि से पहले ही किसानों की 100 प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इसी के साथ रामपुर जिला प्रशासन ने शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि दूसरे स्थान पर गाजियाबाद और तीसरे स्थान पर अंबेडकरनगर हैं। उत्तर प्रदेश में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य है। इसके

- गाजियाबाद दूसरा तो अंबेडकरनगर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

सापेक्ष अब तक 1,99,42,798 फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा चुकीं हैं।

रामपुर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के लिए 1 जनवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में लक्ष्य को हासिल करने के लिए अन्नदाताओं को जागरूक करने के लिए किसान गोष्ठी, गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, होर्डिंग, ग्राम पंचायत स्तर पर खुली चौपाल का आयोजन किया गया। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग एवं प्रचार वाहन के जरिये प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही राजस्व, कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास एवं गन्ना विभाग के कर्मचारियों को किसानों के घर-घर जाकर फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने बताया कि वह खुद प्रत्येक सप्ताह अभियान की समीक्षा करते हैं। इस दौरान अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया जबकि कम प्रगति वाले कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि रामपुर को 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल लक्ष्य 2,09,828 निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष 17 मार्च तक शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि रामपुर ने लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत 2,09,828 फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। इसी के साथ रामपुर ने प्रदेश में शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने में पहला स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी रामपुर प्रदेश में सर्वप्रथम 50 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कर प्रथम पुरुस्कार प्राप्त कर चुका है। इसके अलावा गाजियाबाद ने निर्धारित लक्ष्य 38,909 के सापेक्ष अब तक 36,598 फार्मर आईडी बनाकर पूरे प्रदेश में दूसरा तथा अंबेडकरनगर ने 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्य 3,42,847 के सापेक्ष 3,10,145 फार्मर आईडी बनाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन में औरैया, बाराबंकी, फरुर्खाबाद, हरदोई, कन्नौज, मीरजापुर और बिजनौर ने अपनी जगह बनाई है।

# उत्तर प्रदेश का बदला स्वरूप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2017 के बाद एक ऐतिहासिक परिवर्तन का अनुभव किया है और आज यह भारत की विकास यात्रा का प्रमुख इंजन बनकर उभरा है। इस प्रगति को रेखांकित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दस प्रमुख क्षेत्रों में ठोस एवं संरचनात्मक बदलाव सुनिश्चित किए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कमजोर कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक चुनौतियों से निकलकर सशक्त शासन, तीव्र अवसंरचना विकास और सर्वसमावेशी प्रगति का मॉडल स्थापित किया है, जिसका लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँच रहा है।

कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। एक्सप्रेसवे एवं कनेक्टिविटी क्रांति आई है। आर्थिक विकास के क्षेत्र में यूपी ने रफ्तार पकड़ी है। निवेश एवं औद्योगिकीकरण, विनिर्माण विस्तार को लेकर उत्तर प्रदेश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ रहा है। कृषि उत्पादकता में सुधार हुआ है। जनकल्याण योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण, डिजिटल गवर्नेंस एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रगति हुई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह परिवर्तन व्यापक, मापनीय और जन-केंद्रित है, जिसमें विकास का लाभ जन-जन तक पहुँचा है।

# प्रदेशभर में 9 दिवसीय भव्य आयोजन, हर जनपद में दिखेगी विकास की झलक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय सहित सभी जनपदों में 26 मार्च 2026 तक भव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विगत नौ वर्षों की अभूतपूर्व उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों से आमजन को अवगत कराया जाएगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से समस्त जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है।

निर्देशों के अनुसार, कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक परामर्शदाता समिति गठित की जाएगी। मुख्यालयों पर प्रभारी मंत्री की ओर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नौ दिवसीय मेले का उद्घाटन किया जाएगा।

साथ ही सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से साझा किया जाएगा। इस अवसर पर नव निर्माण के नौ वर्ष पर आधारित विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन भी कराया जाएगा। जनपद स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी,

- 26 मार्च तक मेलों, प्रदर्शनी, संवाद, रोजगार और सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन

जिसमें केंद्र सरकार के 11 वर्षों एवं राज्य सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद में लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाओं के शिलापट्टों की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। नौ दिवसीय मेले के दौरान प्रत्येक दिन अलग-अलग थीम (युवा, महिला, किसान, श्रमिक आदि) पर आधारित विचार गोष्ठियों एवं संवाद सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। सत्रों के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही, किसान सम्मेलनों में पशुपालन एवं गोसेवा के आर्थिक मॉडल के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाएगा। नौ दिवसीय मेले में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं का आयोजन कर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कराया जाएगा।

# यूपी के साथ व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहयोग बढ़ायेगा कनाडा

## रक्षा से उर्जा तक, यूपी में दीर्घकालिक संभावनाएं: कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को देश का पसंदीदा निवेश गंतव्य बनाने और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी वैश्विक पहुँच को और विस्तार दिया है। इसी क्रम में बुधवार को भारत में कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह ने किया।

प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी ' मुख्यालय का दौरा किया, जहां अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में एक रणनीतिक बैठक संपन्न हुई। इस उच्च-स्तरीय संवाद का मुख्य उद्देश्य रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और

- यूपी व कनाडा के बीच शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग बढाने पर भी हुई चर्चा

शैक्षणिक नवाचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश और कनाडा के बीच द्विपक्षीय निवेश एवं व्यापारिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

इन्वेस्ट यूपी ने बैठक के दौरान प्रदेश के सुदृढ़ निवेश इकोसिस्टम, विशाल उपभोक्ता बाजार और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का प्रभावी प्रस्तुतीकरण दिया।

इस अवसर पर यूपी एफडीआई नीति-2023 और जीसीसी नीति-2024 जैसी प्रगतिशील नीतियों की सफलता साझा की गई, जिन्होंने वैश्विक फॉर्च्यून-500 कंपनियों को राज्य की ओर आकर्षित किया है। विशेष रूप से, छह रणनीतिक नोड्स और ब्रह्मोस मिसाइल जैसी उन्नत विनिर्माण क्षमताओं से लैस उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की प्रगति को रेखांकित किया गया जो प्रदेश को एक प्रमुख वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

इस अवसर पर उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर ने भारत-कनाडा व्यापार संबंधों को और विस्तार देने की अपार संभावनाओं पर बल दिया, जो वर्तमान में अपेक्षाकृत कम हैं। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर बल दिया, जो भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और विकसित भारत 2027 के लक्ष्य के अनुरूप हैं। साथ ही, बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने शैक्षणिक सहयोग की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि कनाडा के अग्रणी शिक्षण संस्थानों और उत्तर प्रदेश के बीच साझेदारी से कौशल विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिभा आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। उच्चायुक्त ने उत्तर प्रदेश को कनाडा के साथ साझेदारी को और गहरा करने का आमंत्रण देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि व्यापार, तकनीकी हस्तांतरण और कौशल विकास के क्षेत्र में मजबूत सहयोग से दोनों क्षेत्रों में सतत और भविष्य उन्मुख विकास को गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में कर्नल स्टीफन मरे (रक्षा सलाहकार), रोहित शुक्ला (राजनीतिक एवं आर्थिक अधिकारी) और सुमेन मंडल (व्यापार आयुक्त) शामिल रहे। बैठक में निदेशक यूपीनेडा श्री इंदरजीत सिंह, सीईओ इन्वेस्ट यूपी विजय किरण आनंद, एसीईओ शशांक चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# योगी के नेतृत्व में हुए विकास पर जनता की मुहर

## पंकज चौधरी ने की सरकार के विकास कार्यों की सराहना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास और समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया समाप्त करके वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट जैसा बदलाव करने का प्रशंसनीय काम किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पिछले 9 साल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में हुए विकास का परिणाम है कि जनता ने 2017 के बाद 2022 में

- 2027 में बीजेपी हैट्रिक लगायेगी : पंकज चौधरी

भी हमें जिताया और 2027 में बीजेपी हैट्रिक लगाने जा रही है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और उन्होंने वैश्विक स्तर से लेकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक का उत्थान करने का काम किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नवरात्रि की शुरूआत हो रही है और सनातन संस्कृति में नौ को बहुत ही दिव्य माना जाता है।

9 साल पहले उत्तर प्रदेश की जनता ने मेवा वालों को हटाकर सेवा वालों को मौका देने का काम किया था। परिवारवाद वालों को हटाकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास, सबका प्रयास वालों को मौका दिया था। दंगा वालों को हटाकर गंगा वालों को आशीर्वाद दिया था। गुंडाराज और माफियाराज वालों को उत्तर प्रदेश की जनता दोबारा नहीं आने देगी। समाजवादी पार्टी भ्रम और अफवाह फैलाकर दोबारा सत्ता में आने का सपना देख रही है लेकिन जनता दोबारा माफियाराज नहीं आने देगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। किसी भी प्रदेश की तरक्की के लिए उद्योगों की बड़ी आवश्यकता होती है।

योगी जी ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करके इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश पर ध्यान दिया है। आज देश में जितने भी एक्सप्रेसवे हैं उसका 55 फीसदी हिस्सा केवल उत्तर प्रदेश में है। हमारी सरकार गांवों में भी 18 से 20 घंटे बिजली दे रही है।

गन्ना किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को योगी सरकार ने 9 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई और शुभकामना दी।

# योगी सरकार के नौ साल सुशासन व विकास के प्रतीक : केशव मौर्य

## कानून व्यवस्था और विकास में आया बड़ा सुधार : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास और समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर लोक भवन में नव निर्माण के 9 वर्ष पुस्तक के विमोचन अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुशासन और विकास की नई मिसाल कायम हुई है।

प्रदेश की जनता अब विकास और सुशासन की राजनीति को समझ चुकी है और भ्रम फैलाने वाली राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। वर्ष 2016-17 का दौर प्रदेश के लोगों को आज भी याद है, जब उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी और प्रदेश की पहचान गुंडागर्दी और माफियाओं के प्रभाव से जुड़ गई थी। उस समय निवेशक भी प्रदेश में आने से कतराते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में समाज के हर वर्ग के साथ अन्याय हुआ और विकास की रफ्तार थम गई थी। उन्होंने जनता से अपील की कि समाजवादी पार्टी के पीडीए की धज्जियां उड़ा दें। 2047 तक भी समाजवादी पार्टी की सरकार नहीं बनने वाली है। 2047 तक विकसित देश बनेगा और विकसित प्रदेश भी बनेगा।

- **2027 में 2017 से भी बड़ी जीत का भरोसा, 2047 तक यूपी विकसित प्रदेश बनेगा**

उप मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि वर्ष 2017 में भाजपा और उसके सहयोगियों ने 325 सीटें जीतकर जो इतिहास रचा था, उसे 2027 के विधानसभा चुनाव में और बड़े बहुमत के साथ दोहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जो लोग दलितों और पिछड़ों की बात कर रहे हैं, वे समय के साथ अपना रुख बदलते रहे हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से भी बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता मिली है। प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाकर भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पर प्रभावी रोक लगाई गई है। समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में व्यापक सुधार हुआ है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की पहचान खराब कानून व्यवस्था और जर्जर बुनियादी ढांचे से होती थी, जबकि आज उत्तर प्रदेश बेहतर सड़कों, एक्सप्रेसवे, निवेश और मजबूत कानून व्यवस्था के कारण देश में नई पहचान बना रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों का तेजी से विस्तार किया गया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि यह ध्यान रखें कि जिन लोगों ने 2017 से पहले उत्तर प्रदेश को गुंडा स्टेट बनाने का काम किया था, उनको कभी सत्ता में नहीं आने दें।

## नगर निगम का विशेष सदन 22 को पास होगा बजट

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम के पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 तथा मूल बजट वर्ष 2026-27 पर विचार-विमर्श के लिए सदन की एक विशेष बैठक 22 मार्च को बुलाई है। कार्यकारिणी की स्वीकृति उपरांत यह महत्वपूर्ण बैठक 11:00 बजे नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकनाथ सभागार में आयोजित होगी। बैठक में नगर निगम के सभी पार्षदगण, संबंधित अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी, सड़क निर्माण एवं अन्य नागरिक सेवाओं के लिए बेहतर वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

# नौ रो-हाउस पर एलडीए की गाज

## गुड़म्बा में 19 अवैध रो-हाउस, ठाकुरगंज में 03 व्यावसायिक निर्माण सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजनौर स्थित अवैध मॉड गैलेक्सी सिटी पर बुलडोजर चलाया। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान लगभग 9,500 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्मित किये गये 09 रो-हाउस भवनों को ध्वस्त किया गया। वहीं, गुड़म्बा में 19 अवैध रो-हाउस भवन व ठाकुरगंज में 03 अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किये गये।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि बिजनौर थानाक्षेत्र के औरंगाबाद खालसा में बिल्डर मोहम्मद इमरान की ओर से अवैध रूप से मॉड गैलेक्सी सिटी विकसित करते हुए रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना लगभग 9,500 वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्मित किये जा रहे इन 09 रो-हाउस भवनों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने बुधवार को स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान 09 रो-हाउस भवनों के अवैध स्ट्रक्चर को ध्वस्त कर दिया गया।

प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि ठाकुरगंज में जल निगम रोड पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि सैय्यद सिबते मोहम्मद द्वारा 150 वर्गमीटर, चन्द्र प्रकाश अवस्थी की ओर से 200 वर्गमीटर और जगदेव सिंह की ओर से लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्डों पर अवैध रूप से व्यावसायिक भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। उक्त तीनों अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पाण्डेय ने बताया कि सिद्धार्थ, एएम अंसारी, मोहम्मद जोएब व अन्य की ओर से गुड़म्बा में कंचना बिहारी मार्ग पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 10 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह जितेन्द्र जुमनानी की ओर से लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 04 रो-हाउस भवन और बिल्डर अलताब द्वारा 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 05 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे इन 19 रो-हाउस भवनों को सील कर दिया गया।

# 2.1 लाख घरों में अंधेरा, 18 जगहों पर पकड़ी गयी बिजली चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्मार्ट मीटर का बैलेंस नेगेटिव होने की वजह से प्रदेश के 2.1 लाख घरों में बुधवार को अंधेरा रहा। बत्ती कटने के बाद विजिलेंस और बिजली विभाग की टीम ने बिजली चोरी की आशंका पर छापेमरी की, जिसमें 18 जगहों पर बिजली चोरी पकड़ी गई है। सभी मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है और जुमार्ना लगाया गया है।पावर कॉरपोरेशन से मिली जानकारी के मुताबिक स्मार्ट मीटर का बैलेंस नेगेटिव होने की वजह से प्रदेश में लगभग 5.25 लाख स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ताओं का कनेक्शन स्वतः कट गया। इनमें से लगभग 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने बैलेंस रीचार्ज नहीं करवाया, जिसकी वजह से उनके घरों में अंधेरा छाया रहा।

जिन उपभोक्ताओं ने मीटर रीचार्ज नहीं करवाए हैं, उनके यहां बिजली चोरी की आशंका में छापेमारी की गई। पावर कॉरपोरेशन के मुताबिक मध्यांचल, पूर्वांचल, दक्षिणांचल, पश्चिमांचल और केस्को-कानपुर में 1211 उपभोक्ता परिसरों की जांच की गई।

जांच में 18 उपभोक्ता परिसरों पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग होता पाया गया। इन सभी के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है और जुमार्ना लगाया जा रहा है। कॉरपोरेशन ने उपभोक्ताओं से मीटर खातों में पर्याप्त बैलेंस रखने की अपील की है।

### तकनीकी खामियों में उलझकर रह गया स्मार्ट प्रीपेड मीटर का रीचार्ज

रीचार्ज करवाने के बावजूद नेगेटिव बैलेंस में रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के कनेक्शन समय से न जुड़ पाने के पीछे असल वजह महज तकनीकी खामियां हैं। दो अलग-अलग पेमेंट गेटवे, मीटरिंग अवसंरचना सेवा प्रदाता (एमआईएसपी) की दस अलग-अलग मीटर डेटा प्रबंधन प्रणाली (एमडीएम) और दूरस्थ प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) के बीच समन्वय न होने की वजह से भुगतान अपडेट होने में विलंब हो रहा है।स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली लागू होने के बाद प्रदेश में नेगेटिव बैलेंस वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर कनेक्शन धारकों का कनेक्शन स्वतः कट जा रहा है। जो उपभोक्ता उसके बाद रीचार्ज करवा ले रहे हैं, उनमें से तमाम के कनेक्शन फौरन जुड़ नहीं पा रहे हैं।

# निराला नगर में गूंजा भारतीय नववर्ष का शंखनाद

## उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और डॉ. नीरज सिंह ने किया भव्य दीपयज्ञ का शुभारंभ

**लखनऊ।** भारतीय संस्कृति के संवर्धन और विक्रम संवत 2083 के भव्य स्वागत के निमित्त, 'भारतीय नववर्ष महोत्सव समिति' द्वारा संचालित जन-जागरण अभियान के तहत बुधवार को सरस्वती कुंज, निराला नगर में एक सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया गया।

मुख्य संयोजक अभिषेक खरे की अगवाई में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष केवल कैलेंडर का बदलना नहीं, बल्कि हमारी ऋषि परंपरा और प्रकृति के चक्र का उत्सव है।

आज जब पूरी दुनिया भारतीय मूल्यों की ओर देख रही है, तब यह आवश्यक है कि हम अपनी गौरवशाली विरासत को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौट रहा है। हमारा संकल्प होना चाहिए कि चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा पर हर सनातनी घर की छत पर भगवा ध्वज शान से लहराए और हर आंगन दीपों की रोशनी से जगमगाए।

मुख्य वक्ता और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह ने नववर्ष के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय कालगणना सृष्टि के आरंभ से जुड़ी है और यह पूरी तरह से खगोलीय गणनाओं पर आधारित है। उन्होंने युवाओं से अपनी परंपराओं पर गर्व करने का आह्वान किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार व मुख्य संयोजक अभिषेक खरे के सहयोग से 'मां गायत्री दीपयज्ञ' का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों दीपों की लौ ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल और संयोजक अभिषेक खरे ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नई पीढ़ी के भीतर सनातन परंपराओं के प्रति गर्व का भाव जागृत करना है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि भारतीय नववर्ष हमारी अस्मिता और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने अपील की कि हर सनातनी इस पावन पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाए। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, कोषाध्यक्ष विमर्श कुमार रस्तोगी, मंत्री संजीव बालाजी श्याम जी अग्रवाल एवं मंत्री उषा अग्रवाल सहित शहर की अनेक गणमान्य विभूतियां शामिल रहीं।

संयोजक अभिषेक खरे ने अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति का लक्ष्य हर घर में दीपावली जैसा उत्साह पैदा करना है ताकि हम अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़े रहें।

- **चैत्र प्रतिपदा पर हर घर भगवा लहराने और दीप जलाने का संकल्प**
- **भारतीय कालगणना ही विश्व की सबसे वैज्ञानिक पद्धति: डॉ. नीरज सिंह**

## तीन आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश में तीन आईएएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए गए हैं। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकाण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन को उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल को सहारनपुर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सहारनपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतोष कुमार को उप्र आउटसोर्स सेवा निगम का कार्यकारी निदेशक बनाया गया है।

## उद्यम प्रगति वर्कशॉप में जुटे उद्यमी

**लखनऊ।** पीएचडर चैंबर के यूपी स्टेट चैप्टर की ओर से बुधवार को राजधानी में उद्यम प्रगति वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमएसएमई उद्यमियों ने भाग लिया, जिसमें महिला उद्यमियों की विशेष भागीदारी रही। वर्कशॉप का उद्देश्य छोटे, कुटीर और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता और व्यवसाय विस्तार के अवसरों की जानकारी देना था। इस मौके पर उद्योग विभाग के जॉइंट कमिश्नर सुनील कुमार, पीएचडी चैंबर की सीनियर मेंबर कविता निगम, जनरल मैनेजर सिडबी जय कुमार गुप्ता और सीनियर रीजनल डायरेक्टर अतुल श्रीवास्तव मौजूद रहे। अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र में प्रतिभागियों को योजनाओं और फंडिंग से जुड़ी जानकारी दी गई।

## आंधी बारिश के साथ फिर बदला मौसम

**लखनऊ।** प्रदेश के पश्चिमी जिलों में मौसम एक बार फिर बदल गया। देर शाम नोएडा, गाजियाबाद आदि में झोंकेदार हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का यह बदलाव 21 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान बारिश वाले क्षेत्रों में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तेज हवाओं और बारिश के असर से प्रदेशभर में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट के संकेत हैं। गुरुवार को पश्चिमी यूपी व मध्यांचल के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का पूवार्नुमान जारी किया गया है, जबकि सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर समेत छह जिलों में ओलावृष्टि का अलर्ट है। बुधवार को बांदा सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## पंकज चौधरी का लखनऊ में नया ठिकाना

**लखनऊ।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी का प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के नाते अब लखनऊ में भी ठिकाना होगा। आवास न होने के कारण अभी तक उन्हें सरकारी गेस्ट हाउस में रुकना पड़ता है। राजधानी लखनऊ में उनका नया पता 6-ए, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग होगा। सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के बगल में स्थित यह आवास अभी तक व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को आवंटित था। मगर अब उन्हें विभूति खंड स्थित मंत्री आवास में नया घर आवंटित किया गया है।

## महापौर से मिले नामित पार्षद, नगर विकास पर हुई सार्थक चर्चा

**लखनऊ।** बालाकदर रोड स्थित महापौर कैंप कार्यालय पर बुधवार को नामित पार्षद रूपचंद्र अग्रवाल, पुरुषोत्तम पुरी, नेहा सिंह, किशन पाल एवं अखिलेश गिरी पहुंचे। इस दौरान सभी नामित पार्षदों ने महापौर सुषमा खर्कवाल से शिष्टाचार भेंट की। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी नवनियुक्त पार्षदों को उनके नामांकन पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दायित्व जनसेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है और सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करें। भेंट के दौरान नगर के विकास, स्वच्छता, जलापूर्ति एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। महापौर ने पार्षदों से अपेक्षा जताई कि वे नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे शहर के समग्र विकास को गति मिल सके।

# अवध कॉलेजिएट में वार्षिक उत्सव, विज्ञान व क्रॉफ्ट का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट, पारा शाखा वार्षिकउत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व गणेश जी पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने सत्र 2024-25 के कक्षा के मेधावी छात्रों को मोबाइल, नगद पुरस्कार, साइकिलें एवं स्टॉली बैग्स आदि से देकर सम्मानित किया। निर्देशिका जतिंदर वालिया ने इन मेधावी छात्रों की माताओं को उपाधि के प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान एवं कला से जुड़े अनेक आकर्षक मॉडल और क्राफ्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों में सौर ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता तथा आधुनिक तकनीक से जुड़े कई रोचक प्रयोग शामिल थे। छोटे बच्चों ने भी रंग-बिरंगे क्राफ्ट, चार्ट और वेस्ट मटेरियल से बनी उपयोगी वस्तुओं का प्रदर्शन किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे शैक्षणिक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। वहीं संयुक्त निदेशक जतिंदर वालिया ने विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का अवसर देती हैं।

विद्यालय की निदेशिका डॉ. ब्रह्मजोत कौर ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार की भावना को बढ़ावा देती हैं। प्रधानाचार्या देबजानी मुखर्जी ने कहा कि विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी छात्रों को अपनी प्रतिभा और कल्पनाशीलता को प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की द्वितीय शिफ्ट की प्रधानाचार्या श्रीमति मोनिशा व्यास ने बताया कि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को सीखने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं।

# समाजोपयोगी शोध को बढ़ावा: शकुन्तला विवि के छह शोधार्थियों की पीएचडी थीसिस को मंजूरी

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों के छह शोधार्थियों की पीएचडी थीसिस को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

विवि प्रवक्ता प्रो यशवंत वीरोदय ने बताया कि शिक्षा, अंग्रेजी, भौतिकी और वाणिज्य संकाय से जुड़े शोधार्थियों रेनू ओझा, हरि लाल कोरी, शिवम श्रीवास्तव, प्राची सिंह, आशीष कुमार गुप्ता और इना मौर्या को पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) डिग्री के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है। शिक्षा संकाय की शोधार्थी रेणु ओझा ने दिव्यांग छात्रों की उच्च शिक्षा में खुशी के अनुभवों का विश्लेषण किया है, जबकि आशीष कुमार गुप्ता ने दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ब्रेल आधारित गणित एवं विज्ञान शिक्षा को बेहतर बनाने पर कार्य किया है। अंग्रेजी विषय में हरी लाल कोरी ने प्रसिद्ध लेखक विक्रम सेठ के साहित्य में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना को केंद्र में रखा है। वहीं भौतिकी के शोधार्थी शिवम श्रीवास्तव और प्राची सिंह ने मटेरियल साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी से जुड़े जटिल पहलुओं पर शोध किया है।

वाणिज्य संकाय की इना मौर्या ने निफ्टी में शामिल एफएमसीजी कंपनियों के ईएसजी प्रदर्शन का विश्लेषण कर कॉर्पोरेट क्षेत्र में सतत विकास के पहलुओं को उजागर किया है। इस संबंध में कुलसचिव रोहित सिंह की ओर से सूचना जारी कर जानकारी दी गई है।

कुलसचिव रोहित सिंह ने बताया कि सभी स्वीकृत थीसिस को नियमानुसार आगे की प्रक्रिया के लिए अग्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शोध की गुणवत्ता और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए सभी कार्य किए गए हैं। साथ ही संबंधित शोध पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन शोध कार्यों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के शोधगंगा पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपलोड कराना सुनिश्चित करें, ताकि ये शोध व्यापक स्तर पर उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर कुलपति आचार्य संजय सिंह ने सभी शोधार्थियों को बधाई देते हुए कहा, हमारा उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज के लिए उपयोगी और प्रभावी शोध को बढ़ावा देना है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा लैंगिक विमर्श संवाद, पुनर्व्याख्या और समावेशन को बढ़ावा देती है : डॉ. अलका सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इफएलयू के क्षेत्रीय परिसर, लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला जेंडर सेंसिटाइजेशन, इन्क्लूजिविटी एवं एंपावरमेंट में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविधालय लखनऊ की शिक्षिका डॉ अलका सिंह ने जेंडर डिस्कोर्सेज इन द इंडियन नॉलेज सिस्टमः टेक्स्ट्स एंड कंटेम्पररी इंटरप्रिटेशनस पर बतौर मुख्य वक्ता व्याख्यान दिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि जेंडर केवल जैविक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और दार्शनिक अवधारणा है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा में गहराई से निहित है। उन्होंने ॠए.ठ.ऊए.फ रूपरेखा के माध्यम से ग्रंथों, महाकाव्यों, सामाजिक मानदंडों, धर्म, सशक्तिकरण और पुनर्व्याख्या के आयामों को स्पष्ट किया। डॉ. सिंह ने वैदिक परंपरा की विदुषियों गार्गी और मैत्रीय का उल्लेख करते हुए बताया कि प्राचीन भारत में महिलाओं की बौद्धिक भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा की नींव गढ़ने वाले महाकाव्य रामायण की सीता और महाभारत की द्रौपदी के उदाहरणों के माध्यम से स्त्री शक्ति, संघर्ष और न्याय की अवधारणा को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कुरु की भरी सभा में द्रौपदी का प्रतिवाद कानूनी चेतना और महिला अधिकारों का संभवतः पहला प्रभावशाली प्रकरण है। जानबूझ कर किसी महिला को निर्वस्त्र करना भारतीय कानून के तहत एक गंभीर गैर जमानती अपराध है। डॉ अलका सिंह ने न केवल धर्मशास्त्रों द्वारा जेंडर डिस्कोर्सेज का निदेशात्मक रुख अपितु बौद्धिक विद्वता एवं आलोचनात्मक समीक्षा के उत्पादक परिणामों स्वरूप सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों और कानूनी चेतना और संशोधनों पर भी गहन चर्चा की। भक्ति और सूफी परंपरा की संत कवयित्रियों मीरा बाई और लाल देद का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि आध्यात्मिकता ने लैंगिक सीमाओं को पार किया है। समकालीन संदर्भ में उन्होंने नारीवादी और उत्तर-औपनिवेशिक दृष्टिकोणों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अर्धनारीश्वर को स्त्री-पुरुष समन्वय और संतुलन का प्रतीक बताते हुए प्रस्तुत किया। अंत में उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली में लैंगिक विमर्श गतिशील है और निरंतर पुनर्व्याख्या की मांग करता है। उन्होंने यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताःह्व उद्धृत करते हुए समाज में महिलाओं के सम्मान और समानता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जहां अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (इफ्लू) के निर्देशक प्रोफेसर रजनीश अरोड़ा ने डॉ अलका सिंह को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के शिक्षक समेत छात्र एवं अन्य शोध विचारक प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए।

## गृहकर बकाये पर विद्युत सेवा आयोग का भवन सील

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समाप्त होने में अब मात्र 13 दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर निगम के सभी जोनों में विशेष अभियान चलाकर बड़े बकाएदारों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को नगर निगम जोन-4 में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में टीम ने गोमती नगर के विभव खंड स्थित विद्युत सेवा आयोग पर भी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया गया। विद्युत सेवा आयोग पर 11 लाख 16 हजार 789 रुपये का गृह कर बकाया था। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया।


**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), वेबसाइटः "http://www.ldalucknow.in"

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट–ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती मधु शुक्ला | भूखण्ड सं.– S-100/10 | ट्रांसपोर्ट नगर | 01.07.2017 | श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ला | श्रीमती शिखा शुक्ला<br>श्रीमती ऋचा शुक्ला<br>श्री ऋषभ शुक्ला<br>श्रीमती अंशु शुक्ला<br>कुमारी पलक शुक्ला | पति |
| 2 | | भूखण्ड सं.– S-101/10 | | | | | |
| 3 | कपिल सक्सेना | भवन सं.– E-4/624 सेक्टर–ओ, मानसरोवर | कानपुर रोड | 21.04.2021 | जसमिन्दर सक्सेना<br>अरमान सक्सेना | – | पत्नी<br>पुत्र |
| 4 | श्री श्याम विहारी लाल गुप्ता | भूखण्ड सं.–76 | उदयन–1 शारदा नगर रायबरेली रोड योजना, लखनऊ | 06.03.2003 | (1) श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता<br>(2) श्री संजय श्याम गुप्ता<br>(3) श्रीमती अंजुला साहू<br>(4) श्री आरूश गुप्ता | –<br>–<br>–<br>– | पत्नी<br>पुत्र<br>पुत्री<br>पौत्र |
| 5 | स्व. सुधा रानी यादव | भूखण्ड सं. 3/280 | विनम्र खण्ड | 21.06.2023 | श्री प्रेम नारायण सिंह (पति) | 1. श्री आशीष कुमार सिंह<br>2. श्रीमती दीप्ती सिंह<br>3. श्री अनुराग कुमार यादव | पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

**महत्वपूर्ण नंबर**
वुमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

## रि. अनुभाग अधिकारी के बंद मकान में चोरी

**लखनऊ।** तालकटोरा थाना क्षेत्र के राजाजीपुरम ए-ब्लॉक निवासी करीब 79 वर्षीय प्रेम पांडेय आवास विकास से रिटायर्ड हैं। बेटा विदेश में रहता है। पति के निधन के बाद से प्रेम पांडेय अकेले रहती हैं। स्वास्थ्य सही नहीं होने के चलते वह लाटूश रोड में भतीजे के घर पर रह रही थीं। बुधवार सुबह पड़ोसी ने छत का दरवाजा खुला देखा तो कुछ शक हुआ। प्रेम को सूचना दी तो वह भतीजे हरीश के साथ घर पहुंची। मुख्य द्वारा खोलकर अंदर गयी तो ग्रिल कटी मिली। पीड़िता प्रेम पांडेय ने बताया कि चोर एक करोड़ के जेवर, एक लाख रुपये, 15 बैंक एफडी, प्रॉपर्टी के पेपर, 20 एनएससी, नए कपड़े व अन्य सामान उठा ले गए हैं।

## हत्या को आत्महत्या दिखाने की साजिश

● **प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या मामले में कोर्ट के आदेश पर तीन पर मुकदमा दर्ज**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**मलिहाबाद, लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवती पर अपने पिता और भाई के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या करने और उसे आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगा है। घटना के करीब साढ़े छह महीने बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक अशोक कुमार के पिता प्रभु दयाल रैदास, निवासी ग्राम ढिकुनी (थाना अतरौली, जनपद हरदोई) के अनुसार, अशोक नोएडा में ट्रैक्टर चालक था। वह एक सितंबर को घर आया था और दो सितंबर को रहीमाबाद क्षेत्र के महिमा खेड़ा (मजरा मुड़ियारा) जाने की बात कहकर निकला था। आरोप है कि उसकी प्रेमिका संतोषी उर्फ प्रिया ने उसे गांव में लगे मेले में बुलाया था। इसके बाद वह उसे अपने घर ले गई, जहां पहले से मौजूद उसके भाई लालजीत और पिता राजेंद्र कुमार ने कथित तौर पर अशोक का गला दबाकर हत्या कर दी।

परिजनों का आरोप है कि साक्ष्य छिपाने के लिए आरोपियों ने शव को गांव से करीब 100 मीटर दूर आम के पेड़ पर रस्सी से लटका दिया, ताकि मामला आत्महत्या प्रतीत हो। तीन सितंबर को ग्रामीणों ने पेड़ से लटका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, जिसमें मौत का कारण फांसी (हैंगिंग) बताया गया। हालांकि, मृतक के पिता ने शरीर पर चोट के निशान और नाखूनों से खून निकलने की बात कहकर हत्या की आशंका जताई थी। परिजनों का आरोप है कि उस समय पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं किया, जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के निर्देश पर संतोषी उर्फ प्रिया, लालजीत और राजेंद्र कुमार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित लोगों की कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है, जिससे घटना का पूरा सच सामने आ सके।

**युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या :** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी अजय (19 वर्ष) ने घर के अंदर कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब वह बुधवार सुबह से दोपहर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को चिंता हुई। कमरे में जाकर देखा तो अजय फंदे पर लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर घरवालों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के भाई विजय के अनुसार, अजय मोबाइल पर अक्सर किसी लड़की से बात करता था, जिसे लेकर घरवालों ने कई बार उसे डांट-फटकार लगाई थी। बताया जा रहा है कि इसके बाद से वह कुछ दिनों से गुमसुम रहने लगा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। मृतक के परिवार में पिता वीरेंद्र गौतम, माता केतकी देवी के अलावा बड़ा भाई विजय (21 वर्ष) और छोटा भाई विमल गौतम (16 वर्ष) है। बेटे की अचानक मौत से मां केतकी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों की ओर से किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है।

## ससुराल में दामाद की हत्या मामले में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**हत्याकांड फालोअप**

● **मृतक के पिता ने दर्ज कराया मुकदमा, चचिया ससुर फरार**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र के सेक्टर आई में मंगलवार रात्रि ससुराल पहुंचे दामाद की पीट कर हत्या कर देने के मामले में बुधवार सुबह आशियाना थाने पर पहुंचे मृतक के पिता ने सात लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मूलरूप से ग्राम पीठापुर थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ के रहने वाले छेदी यादव बुधवार सुबह अपने बेटे संग आशियाना थाने पर पहुंच अपने बेटे के सास ससुर तीरथराज, सरला सिंह, चचिया ससुर यज्ञराज सिंह एवं तीरथ के चारों बेटियों राधा, रत्ना, ज्योति एवं एक किशोरी पर एकराय होकर बेटे की हत्या कर देने का आरोप लगा नामजद शिकायत किए है। मृतक विष्णु के पिता की मानें तो वह पेशे से किसानी करते है परिवार में तीन अन्य बेटे पवन, सुनील और रोहित यादव है मृतक तीसरे नंबर का बेटा था जो चार साल पूर्व आरोपित की बेटी साक्षी से कोर्ट द्वारा प्रेम विवाह किया था।

मृतक मंगलवार की दोपहर अपनी पत्नी और डेढ़ वर्ष की बेटी के साथ लखनऊ अपने ससुराल के लिए निकला था रात्रि समय उन्हें पुलिस द्वारा बेटे की मौत हो जाने की सूचना मिली। मृतक एक ऑनलाइन कंपनी में सेल्समैन का काम करता था। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि पिता की नामजद शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**मृतक के ससुर ने दो बार अपने दामाद के खिलाफ दर्ज कराया था मुकदमा :** आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि आशियाना इलाके के सेक्टर आई में रह रहे तीरथराज ने वर्ष 2021 में अपने बेटी साक्षी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था दोनों बालिग होने के कारण कोर्ट में शादी रचा लिए, जिसके तीन वर्ष बाद ससुर ने अपने दामाद के खिलाफ किशोरी साली को अगवा कर लेने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया था जिस आरोप में मृतक जेल भी जा चुका है और मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बैंक खाता सं. 33583422184 में मेरा नाम मीना दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मीना प्रजापति दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं। मेरे बैंक खाते में भी मेरा नाम मीना प्रजापति दर्ज किया जाये। **श्रीमती मीना प्रजापति पत्नी राम कृष्ण नि.- 181, कुरौनी, पो. व थाना बंथरा, तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ।**

**Notice**

I Ravindra Agarwal S/o Late Babu Banarasi Das, resident of 55, Purana Kila, Babu Banarasi Das Nagar, Lucknow 226001 UP, have changed my name from Ravindra Agarwal to Ravindra Kumar Agarwal. Henceforth I would be known by the name of Ravindra Kumar Agarwal for all future purposes.

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री का नाम जन्म से मेहल शर्मा है जोकि अब बदलकर कृतिका शर्मा रखा गया है। भविष्य में कृतिका शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये। **चन्दन शर्मा पुत्र श्री नरेन्द्र शर्मा नि.- म.नं. 40-41 द्वारिका विहार, नियर घोड़े वाला मन्दिर, मानस इन्क्लेव इन्दिरा नगर, लखनऊ- 226016**

## चाइनीज मांझे से युवक घायल

● **अलीगंज की घटना, बेकाबू होकर गिरी बाइक, पैर टूटा, पत्नी-बेटी जख्मी**

**लखनऊ।** राजधानी में चाइनीज मांझे से होने वाली घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। अलीगंज के पुरनिया पुल पर बुधवार को एक बार फिर बाइक सवार युवक मांझे की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी गर्दन बुरी तरह से कट गई। कान भी लगभग कटकर अलग हो गया। एकाएक चाइनीज मांझे गले में लगने से वह बाइक से बेकाबू होकर गिरा तो उसका पैर भी टूट गया। साथ ही बाइक पर बैठी पत्नी और बच्ची भी जख्मी हो गए। लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

केशव नगर की तरफ से एक युवक पत्नी और बच्चे के साथ बाइक पर सवार होकर कॉपी-किताब लेने के लिए निकला था। खरीदारी के बाद वे घर की ओर लौट रहे थे। अलीगंज-पुरनिया पुल पर पहुंचते ही अचानक उसके गले में मांझा उलझ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मांझे की चपेट में आते ही युवक की गर्दन पर गहरा घाव हो गया। उसका एक कान लगभग अलग हो गया। हादसे के बाद बाइक बेकाबू हो गई। सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। इससे युवक, उसकी पत्नी और बच्ची गिर गए। युवक का पैर टूट गया। गनीमत रही कि पीछे से कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा था, वरना और बड़ा हादसा हो सकता था।

**सड़क पर गिरे और तड़पते रहे:** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद पति-पत्नी और उनकी बच्ची सड़क पर ही गिरकर तड़पते रहे। इसके बाद कुछ राहगीरों ने रूककर उनकी मदद की। गमछा बांधकर गर्दन का खून रोकने की कोशिश की। ई-रिक्शा रोकर तीनों को अस्पताल भेजा। किसी राहगीर ने पुलिस को भी कॉल करके घटना की जानकारी दी।

## पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को दो जनपदों में सरकारी दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले, जिसे हड़कंप मच गया। लखनऊ के क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और सुल्तानपुर के प्रधान डाकघर में आतंकी खतरे की सूचना मिलते ही दोनों स्थानों पर अफरातफरी का माहौल बन गया। जल्दबाजी में दोनों परिसरों को खाली कराया गया और घंटों सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन दोनों ही स्थानों पर कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है।

गोमतीनगर स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारी की आधिकारिक मेल आईडी पर एक धमकी भरा संदेश मिला। ईमेल में धमकी दी गयी कि परिसर में गैस से भरे सायनाइड बम रखे गए हैं। धमकी देने वाले ने चुनौती देते हुए लिखा कि टाइमर के अनुसार दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर विस्फोट होगा और पूरा ऑफिस उड़ जाएगा।

इस सूचना मिलते ही बीडीएस (बम निरोधक दस्ता) टीम, डॉग स्क्वायड और गोमतीनगर पुलिस बल मौके पर पहुंची। पूरे दफ्तर को खाली कराकर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि सघन चेकिंग के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने राहत की सांस ली।

**सुल्तानपुर जनपद में प्रधान डाकघर को धमकी भरा मिला ईमेलः** जनपद सुल्तानपुर में प्रधान डाकघर में बुधवार सुबह करीब 11 बजे इसी तरह का एक धमकी भरा ईमेल मिला। पोस्टमास्टर सुरेंद्र कुमार चौबे ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सीओ सिटी सौरभ सामंत के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा।

दहशत के साये में डाकघर की पूरी बिल्डिंग को खाली कराया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले सघन तलाशी अभियान में हर कमरे और अलमारी की जांच की गई। पुलिस को यहां भी कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। सीओ सिटी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है और पुलिस इस फर्जी ईमेल भेजने वाले के आईपी एड्रेस की जांच कर रही है।

दोनों ही मामलों में पुलिस और साइबर सेल अब सक्रिय हो गई है। प्राथमिक जांच में इसे किसी की शरारत या 'हॉक्स कॉल' माना जा रहा है, लेकिन संवेदनशीलता को देखते हुए लखनऊ और सुल्तानपुर के अन्य महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या दोनों ईमेल एक ही स्रोत से भेजे गए थे।

विदित हो कि इससे पहले यूपी की कई अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल आये थे। वाराणसी में तो चार दिनों तक धमकी भरे मेल आए थे। सुरक्षा एजेंसियां इन ईमेल को भेजने वालों की तलाश कर रही है।

## शौच जा रही किशोरी के साथ दुष्कर्म

**लखनऊ।** महिगवां थाना क्षेत्र में शौच के लिए जा रही किशोरी से गांव के युवक ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर गाली-गलौज कर बेल्ट से मारा। शोर सुनकर परिवारवाले दौड़े तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकला। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गांव के ही बृजेश यादव के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी, मारपीट, एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने तूफान नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि शोहदा वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसका मानसिक और शारीरिक शोषण कर रहा है। मिलने का दबाव बनाता है। विरोध पर वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देरहा है। पीड़िता ने कहा कि अगर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह जान दे देगी। पीड़िता के मुताबिक तूफान उसे फोन कर आपत्तिजनक बातें करता है। मिलने का दबाव बनाता है। विरोध पर गाली-गलौज कर बदनाम करने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

## रि. सैन्यकर्मी समेत दो के खातों से लाखों उड़ाये

**लखनऊ।** राजधानी में साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड सैन्यकर्मी समेत दो के खातों से 5.68 लाख रुपये उड़ा लिए। पहली घटना बिजनौर के आबेडकर विवि स्थित शहीद विहार निवासी 64 वर्षीय अजय बहादुर सिंह ने बताया कि जालसाजों ने 13 फरवरी से 21 फरवरी के बीच खाते से कई बार में 3.23 लाख रुपये निकले हैं। वहीं, कृष्णानगर के मानसनगर निवासी अरुण गुलाटी के खाते से कई बार में 2.45 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ितों ने साइबर क्राइम सेल में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## ज्वेलर्स का लूटा बैग, चार गिरफ्तार

**लखनऊ।** सैरपुर पुलिस ने ज्वेलरी शॉप की रेकी कर दुकान बन्द करते समय जेवर का बैग आभूषण चोरी करने वाले 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी किये गये लाखों के आभूषण व घटना में प्रयुक्त वाहन को सीज किया है। पुलिस का कहना है कि 22 जनवरी को पीड़ित राम दयाल साह सोनी पुत्र बिन्दालाल सोनी निवासी सहगू पश्चिम गावं सहगाव रायबरेली, हालपता न्यू कालोनी शाहपुर तकिया थाना सैरपुर ने तहरीर देते हुए उनकी दुकान का शटर बन्द करते समय दुकान के बाहर बैग में रखी सोने चांदी की ज्वैलरी को बैग सहित चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की। पुलिस टीम ने करीब 150 कैमरा चेक किये, जिससे कुछ कैमरो से संदिग्ध व्यक्ति व मोटर साइकिल की जानकारी मिली थी, जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी।

## बाल अपचारी समेत दो को दबोचा

**लखनऊ।** गोमतीनगर पुलिस ने कई थाना क्षेत्रों में रात के समय घरों में घुसकर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक बाल अपचारी है। उनके कब्जे से चोरी गये माल की बरामदगी की गयी है। गोमतीनगरपुलिस का कहना है कि 11 मार्च को पीड़िता प्रज्ञा श्रीवास्तव निवासी विरामखण्ड गोमतीनगर ने सूचना दी थी कि घर में चोरी हो गयी है। इसी तरह सुनील कुमार अस्थी ने घर में चोरी की सूचना दी थी।

**न्यायालय सूचना**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय, जूनियर डिवीजन, कक्ष सं.-43, बाराबंकी**
**वाद सं.- 65/22 अ. 12**
**तारीख पेशी- 09.04.2026**

मंजू आफरीन

**बनाम**

श्री अफ़जल खान पुत्र स्व. शाहिद नि. मोहल्ला- ज्वालानगर रफत कॉलोनी थाना- कोतवाली सिविल लाइन जनपद- रामपुर

आप श्री अफजल खान उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू आफरीन पुत्री आफाक अहमद द्वारा आपके विरूद्ध न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय, जूनियर डिवीजन, कोर्ट नं. 43, बाराबंकी में अंतर्गत वाद सं. 65/22, अं. धारा 12, घरेलू हिंसा अधिनियम, थाना- कोतवाली नगर, ज़िला- बाराबंकी के तहत आवेदन दि. 10-03-26 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले 'मंजू आफरीन बनाम अफजल खान' में आपके विरुद्ध सम्मन जारी किये गए थे, जो कि तामील नहीं हो सके हैं। उक्त वाद वास्ते हाज़िरी / जवाबदावा दि. 09.04.2026 नियत है। अतः आपको अवगत कराया जाता है कि आप उक्त तिथि को उपरोक्त न्यायालय के समक्ष अवश्य उपस्थित हों, अन्यथा न्यायालय उपरोक्त के आदेश दिनांकित 10.03.2026 के अनुसार प्रकाशित उक्त प्रकाशन/नोटिस की उपेक्षा करने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश की कार्यवाही की जा सकती है।

## सौर सम्मान अवॉर्ड्स से सोलर एंटरप्रेन्योर्स सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इक्वोजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने सौर सम्मान अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन किया, जिसमें उन इंस्टॉलर्स, ईपीसी पार्टनर्स और सोलर एंटरप्रेन्योर्स को सम्मानित किया गया, जो पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत देशभर में रूफटॉप सोलर अपनाने को तेजी दे रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर काम कर रहे उन प्रोफेशनल्स और ऑर्गनाइजेशंस को सम्मानित करना है, जो घरों और छोटे व्यवसायों तक सोलर एक्सेस बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विश्वसनीय रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के माध्यम से ये पार्टनर्स उपभोक्ताओं को बिजली खर्च कम करने में मदद कर रहे हैं और साथ ही भारत के क्लीन और सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांज़िशन को मजबूत बना रहे हैं।

इस सेरेमनी में इंस्टॉलर्स, सोलर एंटरप्रेन्योर्स, इकोसिस्टम पार्टनर्स और इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स शामिल हुए, जिन्होंने रूफटॉप सोलर अपनाने में नेतृत्व दिखाने वाले व्यक्तियों और ऑर्गनाइज़ेशंस का सम्मान किया।

इस कार्यक्रम में रिन्यूएबल एनर्जी इकोसिस्टम के कई प्रतिष्ठित लीडर्स उपस्थित रहे, जिनमें मीर मोहम्मद अली, डायरेक्टर, एमएनआरई; इंदरजीत सिंह, डायरेक्टर, यूपीनेडा; पंकज सिंह, सेक्रेटरी, यूपीनेडा; राजीव ग्यानी, पूर्व सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, क्रेडा; प्रवीण बी कुमार, रीजनल रिप्रेजेंटेटिव (साउथ एशिया), गोग्ला; वेदांत मानोरे, सीओओ, क्लीन; डॉ. रत्नेश तिवारी, फाउंडर एवं डायरेक्टर, कोशिश सस्टेनेबल सॉल्यूशंस; अजीत बहादुर सिंह, फाउंडर, सोलर इज माय पैशन; अनीता यादव, एसोसिएट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, ग्रामीण फाउंडेशन; श्याम धर दुबे, स्टेट कोऑर्डिनेटर, आरएमआई प्रोग्राम, यूपीनेडा; नीरज बाजपेयी, प्रेसिडेंट, रेडा; मुकेश त्यागी, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, मध्यांचल डिस्कॉम और मैल्कम नोरोन्हा, जीएम, सोलर इज माय पैशन शामिल थे।

## तेजा सरदार गिरफ्तार

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने गुण्डा अधिनियम की धारा का उल्लंघन करने के आरोप में शातिर अभियुक्त तेजा सिंह उर्फ तेजा सरदार को उसके ही घर से गिरफ्तार किया है। विदित हो कि 17 मार्च को उपनिरीक्षक हिमांचल सिंह ने राज्य सरकार की ओर से थाना सुशान्त गोल्फ सिटी तहरीर के आधार पर अभियुक्त तेजा सिंह द्वारा गुण्डागर्दी नियन्त्रण अधिनियम 1970 बनाम तेजा सिंह उर्फ तेजा सरदार पुत्र हीरा सिंह निवासी 17 माढरमऊ कला थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया था। 17 मार्च को तेजा सिंह उर्फ तेजा सरदार को पुलिस टीम ने उसके निवास स्थान पर दबिश देते हुए पकड़ लिया।

## ऑनलाइन ऑर्डर भेज परेशान करने का आरोप

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-आई निवासी दीपेन्द्र तिवारी पुत्र डी पी तिवारी के अनुसार, उनके मोबाइल नंबर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बार-बार अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा जा रहा है। इन ग्रुपों में शामिल कर उनसे रुपयों की मांग की जाती है। जब उन्होंने पैसे देने से मना किया, तो आरोपी ने उनके कॉन्टैक्ट लिस्ट में जुड़े लोगों को भी ग्रुप में जोड़कर उनके साथ अभद्र भाषा और अनैतिक बातें शुरू कर दीं। आरोप है कि जनवरी और फरवरी माह में आरोपी ने कई ऑनलाइन कंपनियों के जरिए उनके पते पर सामान ऑर्डर करवा दिया, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जिसके चलते उन्होंने परेशान होकर संबंधित मोबाइल नंबर और व्हाट्सएप ग्रुप में दिख रहे नाम मोहम्मद अली के खिलाफ स्थानीय आशियाना थाने में लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मंगलवार को आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर जांच कारवाई की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | **14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | **12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | **14207-SLR-F1-MBDP-DLI-26-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:50 hrs. |
| **Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders** | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**906/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय ग्राम पंचायत- पदुमरा बेनीसांगो, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-18.03.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-पदुमरा बेनीसांगो, विकासखंड- कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक 19.03.2026 से दिनांक- 23.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- पदुमरा बेनीसांगो पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 23.03.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से रामबुझ के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 8.51 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**-समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- पदुमरा बेनीसांगो, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत- सलीमपुर ग्रंट, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-18.03.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सलीमपुर ग्रंट, विकासखंड- कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भट्ठा मालिक, दुकानदार दिनांक- 19.03.2026 से दिनांक- 23.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- सलीमपुर ग्रंट पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 23.03.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | नहर से बब्बन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.67 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सहदेव के घर से अतुल के घर की तरफ इंटरलाकिंग कार्य। | 4.91 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- सलीमपुर ग्रंट, वि.ख.- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

## भगवद्गीता-नाट्यशास्त्र भारतीय सांस्कृतिक चेतना के मूल स्तंभ : माण्डवी

● **भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में सांस्कृतिक धरोहर विषय पर संगोष्ठी सम्पन्न**



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से विश्वविद्यालय के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा कला संवाद के अंतर्गत भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र: मानवता की सांस्कृतिक धरोहर विषय पर एक गरिमामय कला संवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो. मांडवी सिंह, संगीत नाटक अकादमी के सचिव श्री राजू दास तथा वक्ताओं विश्व भूषण, प्रो. कुमकुम धर एवं प्रो. शैलेन्द्र गोस्वामी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये दोनों ग्रंथ भारतीय सांस्कृतिक चेतना के मूल स्तंभ हैं, जो जीवन-दर्शन और कला-दर्शन के मध्य सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में साधना, अनुशासन एवं सत्यनिष्ठा की अनिवार्यता पर बल दिया। नाट्यशास्त्र की व्यापकता पर चर्चा करते हुए, उन्होंने कहा कि इसमें अभिनय, ताल, छंद एवं गति जैसे सभी आयाम समाहित हैं और इसकी सूक्ष्मता एवं समग्रता अद्वितीय है। उन्होंने नाट्यशास्त्र को पंचम वेद बताते हुए विद्यार्थियों को इसके गहन अध्ययन हेतु प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने संगीत नाटक अकादमी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संवाद विश्वविद्यालय के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं।

वक्ता के रूप में श्री विश्व भूषण ने भगवद्गीता में निष्काम कर्म की व्यावहारिक अवधारणा को स्पष्ट करते हुए मैं की दार्शनिक व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि समस्त ग्रंथों का मूल आधार संवाद है तथा अनुभूतियाँ अपरोक्ष होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नाट्य के बिना किसी भी रस की अभिव्यक्ति संभव नहीं है और मनुष्य का जन्म उसके पूर्व कर्मों के अनुसार ईश्वरीय व्यवस्था के अंतर्गत होता है। संवाद के द्वितीय क्रम में प्रो. कुमकुम धर ने नाट्यशास्त्र एवं अष्टनायिका विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि यूनेस्को द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता और भरतमुनि के नाट्यशास्त्र की पांडुलिपियों को मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। उन्होंने रस सिद्धांत की व्याख्या करते हुए स्थायी भाव, विभाव एवं संचारी भावों पर विस्तार से चर्चा की तथा अभिनय के विभिन्न आयामों को स्पष्ट किया।

अगले क्रम में प्रो. शैलेन्द्र गोस्वामी ने भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र के संदर्भ में साधना एवं संगीत के विशेष आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रेमभाव साधना का आधार है। उन्होंने नाट्यशास्त्र में वर्णित छंद, अलंकार, भाव तथा रंगमंचीय संरचना का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने प्रेक्षागृह में उपस्थित शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया तथा उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह द्वारा प्रभावी रूप से किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.** | 106-सिग/टेंडर/69/2025-26 |
| **कार्य का नाम** | उत्तर रेलवे के LKO मंडल में, नवीनतम RDSO दिशानिर्देश संख्या – RDSO-SIG0SPD(PROJ)/1/2020, दिनांक 01.01.2025 के अनुसार अर्थिंग व्यवस्थाओं में सुधार से संबंधित S & T कार्य। |
| **अनुमानित लागत** | रु. 5,28,42,608.35/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत** | शून्य |
| **धरोहर राशि** | रु. 4,14,200/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि** | 365 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** | 06.04.2026, 15:30 बजे |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।** | **www.ireps.gov.in** वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: **106-सिग/टेंडर/69/2025-26** दिनांक: **16.03.2026** **895/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चैत्र नवरात्र आज से, शुभ योग में घर-घर पधारेंगी मां भवानी

### कलश स्थापना का मुहूर्त

- 19 मार्च को कलश स्थापना के लिए दो विशेष मुहूर्त बताए गए हैं . पहला शुभ समय सुबह 6 बजकर 02 मिनट से 7 बजकर 43 मिनट तक रहेगा. इसके बाद दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 05 मिनट से दोपहर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा

### प्रतिपदा तिथि पर 3 शुभ योग

- शुक्ल योग- 19 मार्च को सुबह से शुरू होकर देर रात 01:17 बजे तक रहेगा
- ब्रह्म योग- 19 मार्च की रात 01:17 बजे से शुरू होकर 20 मार्च की रात तक प्रभावी रहेगा
- सर्वार्थ सिद्धि योग- 20 मार्च को सुबह 4:05 बजे से 6:25 बजे तक रहेगा

## बाजारों में श्रद्धालुओं ने दिनभर की खरीदारी

**लखनऊ।** चैत्र नवरात्र को लेकर बाजारों, घरों और मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी देवी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया है। नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए मंदिरों में विशेष प्रबंध किए गए हैं। देवी मां की पूजा-अर्चना को लेकर लोग जहां बाजारों में खरीदारी कर रहे हैं, वहीं बाजार भी नवरात्र से जुड़े सामान से सजे हैं। लखनऊ में चंद्रिका देवी मंदिर, चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर, लालबाग स्थित काली बाड़ी सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने की संभावना के मद्देनजर पूरी तैयारियां की गई हैं।

**फलाहार में खाने वाली सब्जियों के दाम आसमान पर:** फलाहार में खाने वाली सब्जियों के दाम नवरात्र शुरू होते ही आसमान पर पहुंच गए हैं। इन दिनों लौकी, कद्दू, परवल, भिंडी आदि सब्जियों के दाम में तेजी से इजाफा हुआ है। लौकी 40 रुपये, कद्दू 30 रुपये, परवल 120 रुपये व भिड़ी का दम 80 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। अभी हरी सब्जियों के दाम में और इजाफा होने की उम्मीद है।

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इस साल चैत्र नवरात्र 19 मार्च से लेकर 27 मार्च तक मनाए जाएंगे। चैत्र नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा तिथि पर विधि-विधान से कलश स्थापना होगी, फिर अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन के साथ नवरात्र का समापन होगा। इस बार घटस्थापना के दिन तीन बड़े ही खास योग रहने वाले हैं। एक और खास बात ये है कि घटस्थापना के समय चैत्र अमावस्या का प्रभाव भी रहने वाला है। हिंदू पंचांग के मुताबिक, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट से प्रारंभ होगी और 20 मार्च को तड़के 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। 19 मार्च को सूर्योदय अमावस्या तिथि में ही होगा। इसलिए घटस्थापना के समय अमावस्या का प्रभाव भी रहने वाला है. ज्योतिषविदों का कहना है कि यह दुर्लभ संयोग करीब 72 साल बाद बन रहा है।

**इस बार मां दुर्गा का वाहन:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र किस दिन से शुरू हो रहे हैं, उसके आधार पर मां दुर्गा के आगमन का वाहन तय माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार जब नवरात्र गुरुवार या शुक्रवार से शुरू होते हैं, तो मां दुर्गा का आगमन पालकी (डोली) पर माना जाता है। साल 2026 में नवरात्र गुरुवार से शुरू हो रहे हैं, इसलिए इस बार मां दुर्गा के पालकी पर आने की मान्यता बताई जा रही है। पालकी पर मां के आगमन को कई लोग बदलाव और नई परिस्थितियों का संकेत भी मानते हैं।

**नवरात्र में कैसे करें कलश स्थापना:** नवरात्र के पहले दिन घर में साफ जगह पर मिट्टी रखकर उसमें जौ बोए जाते हैं। इसके पास जल से भरा कलश रखा जाता है। कलश के ऊपर नारियल और आम के पत्ते रखे जाते हैं। इसके बाद मां दुर्गा का आह्वान किया जाता है और पास में अखंड दीपक जलाया जाता है। नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की जाती है और सात्विक भोजन का पालन किया जाता है।

**फूलों से सजा चंद्रिका देवी मंदिर:** बीकेटी स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। मां चंद्रिका देवी मेला विकास समिति के अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी नागेंद्र चौहान ने बताया कि मुख्य दरबार को लाइटों से सजाया गया है। रोजाना अलग.अलग भक्त की ओर से मां का दिव्य श्रृंगार होगा। नवरात्र पर लगने वाले विशाल मेला व मां के दर्शन को सीतापुर, बाराबंकी समेत कई जिलों भक्त आते हैं।

**भोर में खुल जाएंगे शीतला मंदिर के कपाट:** राजाजीपुरम के टिकैतराय तालाब के सामने मेहंदीगंज स्थित शीतला माता मंदिर में पहले दिन तड़के चार बजे भक्तों के लिए कपाट खुल जाएंगे। शीतला माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील सैनी ने बताया कि परिसर को लाइटों, फूलों से सजाया गया है। इस प्राचीन मंदिर में रोजाना भजन, गीत की प्रस्तुति होगी। साथ ही भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**शास्त्रीनगर दुर्गा मंदिर में लाई गई मां ज्वाला की ज्योत:** शास्त्रीनगर स्थित दुगार्जी मंदिर में सोमवार से नवरात्र उत्सव का शुभारंभ हो गया। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से मां ज्वाला देवी मंदिर से ज्योत लखनऊ लाई गई। शाम को चारबाग स्टेशन पर मां के भक्तों ने जयकारों के साथ ज्योत का स्वागत किया। इसके बाद फूलों से सजे-धजे रथ पर ज्योत को रखकर शास्त्री नगर स्थित मंदिर लाया गया। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। मंदिर में ज्योत को स्थापित किया गया। मंदिर के प्रबंधक राजेन्द्र गोयल ने बताया कि 18 अप्रैल को ज्योत का विसर्जन किया जायेगा। मंदिर के आसपास मेला लगना शुरू हो गया है।

**रंगीन झालरों से सजे मंदिर, फूलों से होगा माता का दिव्य शृंगार:** चैत्र नवरात्र पर शहर के मंदिरों में भव्य तैयारियां चल रही हैं। रंग बिरंगी चमकीली झालरों, रंगीन लाइटों व डिस्को लाइट से सजावट का काम पूरा हो चुका है। पुलिस के सहयोग के साथ ही मंदिर प्रशासन भी अपनी ओर से सेवादारों, सुरक्षा गार्डों आदि की ड्यूटी लगा चुका है। महिला और पुरुषों के दर्शन के लिए अलग-अलग लाइन से दर्शन कराए जाएंगे। मंदिरों में भजन, कीर्तन के साथ भंडारा व प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। शहर के संदोहन देवी, छोटी कालीजी, नंदना 51 शक्तिपीठ, टड़ियन देवी समेत कई प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना होगी।

**इक्यावन शक्तिपीठ में नवरात्र उत्सव आज से:** आशीष सेवा यज्ञ न्यास व नवरात्र महोत्सव सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक को नन्दना बीकेटी के इक्यावन शक्तिपीठ में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष तृप्ती तिवार ने बताया कि नवरात्र महोत्सव का आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च तक किया जायेगा। नवरात्र में प्रतिदिन अलग.अलग रंगों से श्रंगार व सजावट होगी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन आचार्य के सानिध्य में पीण्डी पूजन होगा।

**चौक में माता का दिव्य शृंगार:** चौक स्थित प्राचीन बड़ी काली जी मंदिर के पुजारी शक्तिदीन अवस्थी ने बताया कि मंदिर को लाइटों से सजाया जा रहा है। नवरात्र महोत्सव में मंदिर के कपाट भक्तों के लिए तड़के 4:30 से रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। मंदिर में अलग.अलग दिन मातारानी का फल, मेवा, फूल आदि से भव्य श्रृंगार होगा। साथ ही भंडारे का प्रसाद वितरित होता रहेगा।

**कालीवाड़ी में विशेष इंतजाम:** कैसरबाग घसियारी मंडी स्थित कालीवाड़ी मंदिर मैनेजिंग कमेटी के सभापति गौतम भट्टाचार्या ने बताया कि परिसर से करीब 200 मीटर तक पूरी गली को लाइट, झालर से सजाया जा रहा है। भक्तों के दर्शन, पूजन आदि के लिए मंदिर सुबह सात से दोपहर एक बजे और शाम चार से रात 10 बजे तक खुलेगा। दोपहर एक से शाम चार बजे तक मंदिर सफाई आदि के लिए बंद रहेगा।

## आज से शुरू होगा हिंदू नववर्ष, गुरु बृहस्पति होंगे राजा व मंगल देव मंत्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंचांग के मुताबिक 19 मार्च 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 की शुरूआत होने जा रही है। आपको बता दें कि यह दिन हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से आरंभ होता है और इसी से भारतीय नवसंवत्सर की शुरूआत भी मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस हिंदू नववर्ष के देवगुरु बृहस्पति राजा और मंगल देव मंत्री होंगे। वहीं इस नववर्ष का नाम रौद्र संवत्सर है, जिसके धान्येश गुरु और बुद्ध, मेघेश चंद्रमा, धनेश गुरु एवं रसेश शनि रहने वाले हैं। ज्योतिष शास्त्र में माना जाता है कि जब गुरु राजा और मंगल मंत्री होते हैं तो समाज में धर्म, नीति, साहस, प्रशासन और नेतृत्व क्षमता का प्रभाव बढ़ता है। इस दौरान शिक्षा, धर्म और नीति से जुड़े कार्यों में तेजी आ सकती है, वहीं निर्णय लेने की क्षमता भी मजबूत हो सकती है। साथ ही इस समय देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। हिंदू नववर्ष भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व में से एक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इस दिन को नए कार्यों और शुभ संकल्पों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। वहीं आपको बता दें कि इसी दिन से विक्रम संवत कैलेंडर की शुरूआत होती है, जो भारत की प्राचीन कालगणना पद्धति है। कहा जाता है कि सम्राट विक्रमादित्य ने इस संवत की स्थापना की थी। इसलिए इसका नाम विक्रम संवत है। वहीं विक्रम संवत ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है। साथ ही भारत के अलग-अलग राज्यों में इस दिन को अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग पूजा-पाठ करते हैं, घरों को सजाते हैं और नए कार्यों की शुरूआत करते हैं।

इसी दिन गुड़ी पड़वा मनाया जाएगा, जो हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरूआत का प्रतीक है। इस दिन लोग गुड़ी लगाते हैं, नए वस्त्र पहनते हैं और मीठा भोजन करते हैं। ज्योतिष के अनुसार जब देवगुरु बृहस्पति राजा बनते हैं तो धर्म, ज्ञान, शिक्षा और आध्यात्मिक गतिविधियों में वृद्धि होती है। वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा, प्रशासन और निर्णय क्षमता से जुड़े क्षेत्रों में तेजी देखने को मिलती है। इस कारण आने वाला नववर्ष कई क्षेत्रों में तेज निर्णय, नई योजनाओं की शुरूआत और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने वाला माना जा रहा है। वहीं आपको बता दें कि नववर्ष की शुरूआत एक बड़े ही दुर्लभ संयोग में होने जा रही है. नववर्ष की शुरूआत में राजा बृहस्पति के स्वामित्व वाली मीन राशि में चतुर्ग्रही योग रहेगा। सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि मिलकर मीन राशि में चतुर्ग्रही योग बनाएंगे।

**विक्रम संवत 2083 में अधिकमास का आगमन:** इस वर्ष विक्रम संवत 2083 में एक अधिकमास (अधिक ज्येष्ठ मास) रहेगा। यह 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक चलेगा। अधिकमास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। इस महीने में भगवान विष्णु की विशेष पूजा, जप, तप, दान और कथा का महत्व होता है। अधिकमास में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन या नए व्यापार शुरू करने जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते। इसकी वजह से संवत 2083 कुल 13 महीनों का होगा। संवत्सर का नाम 'रौद्र' है, जिसमें बृहस्पति राजा और मंगल मंत्री की भूमिका में हैं।

## आज होगी प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा

**लखनऊ।** नवरात्र का पहला दिन मां भगवती के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री को समर्पित है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं इसलिए इन्हें पार्वती एवं हेमवती के नाम से भी जाना जाता है। मां शैलपुत्री का वाहन वृषभ है, इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल एवं बाएं हाथ में कमल पुष्प है। भक्तगण मां शैलपुत्री की आराधना कर मन वांछित फल प्राप्त करते हैं। मां दुर्गा को मातृ शक्ति यानी करूणा और ममता का स्वरूप मानकर पूजा की जाती है। अतः इनकी पूजा में सभी तीर्थों, नदियों, समुद्रों, नवग्रहों, दिग्पालों, दिशाओं, नगर देवता, ग्राम देवता सहित सभी योगिनियों आमंत्रित होती हैं। कलश स्थापना के समय इन सभी का आह्वाहन किया जाता है और विराजने के लिए प्रार्थना की जाती है। मां शैलपुत्री कि आराधना से मूलाधार चक्र जागृत होता है, यहीं से योग साधना का आरम्भ भी माना जाता है। कलश में सात प्रकार की मिट्टी, सुपारी और मुद्रा सादर भेट की जाती है। पांच पल्लवों से कलश को सुशोभित किया जाता है। इस कलश के नीचे सात प्रकार के अनाज और जौ बोये जाते हैं और दशमी तिथि को इन्हें काटा जाता है।

## चिरैया वेब सीरीज को प्रमोट करने शहर पहुंचे कलाकार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जियोहॉटस्टार की आगामी सीरीज चिरैया की टीम हाल ही में एक विशेष मीडिया इंटरैक्शन के लिए लखनऊ पहुंची, जहां अभिनेत्री दिव्या दत्ता और निर्देशक शशांत शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होकर मीडिया के साथ बातचीत की। इस कार्यक्रम की मेजबानी मल्लिका यश अस्थाना ने की। लखनऊ में व्यापक रूप से शूट की गई चिरैया का शहर से गहरा जुड़ाव है, जो इसकी कहानी में यहां की संस्कृति, माहौल और भावनात्मक परतों को खूबसूरती से दशार्ता है। कार्यक्रम के दौरान मीडिया के लिए शो का ट्रेलर भी प्रदर्शित किया गया, जिसने एक ऐसी कहानी की झलक दी जो जटिल मानवीय रिश्तों और विवाह के भीतर सहमति जैसे अक्सर अनकहे विषय को सामने लाती है।

चिरैया अपने परिवेश से प्रामाणिकता ग्रहण करती है, जो इसके पात्रों और उनकी यात्राओं को एक सजीव और संवेदनशील रूप में प्रस्तुत करती है। मूल रूप से हिंदी में शूट की गई इस सीरीज को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने के लिए निमार्ताओं ने इसे 11 अन्य भाषाओं– बंगाली, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, भोजपुरी, ओड़िया, गुजराती, हरियाणवी और राजस्थानी– में भी डब किया है। इस मीडिया इंटरैक्शन में शो के निर्माण, रचनात्मक निर्णयों और इसके सामाजिक संदर्भ पर भी चर्चा की गई। यह खुला और ईमानदार संवाद शो के उस उद्देश्य को और मजबूत करता है, जिसके तहत यह कहानी के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना चाहता है।

## 'अधुना अलम अतिभाषणेन भोः' में दिखी शिक्षा विभाग की खामी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम एवं अनादि सांस्कृतिक शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला की मनोरमा श्रीवास्तव लिखित नाट्य कृति अब बस भी करो यार का संस्कृत में अधुना अलम्‌अतिभाषणेन्‌भोः नाम से मंचन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर में सायं काल किया गया। इस नाट्य कृति का संस्कृत अनुवाद, परिकल्पना एवं निर्देशन मुन्नी देवी द्वारा किया गया था।

नाटक का आरम्भ गणेश जी के श्लोक वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ, निर्विघ्नं कुरुमे देव सर्वकार्येषु सर्वदा से होता है। तत्पश्यात संस्कृत नाटक के मंचन पर झज्झर स्थापना की जाती है। नाटक चूँकि विद्यालय की पृष्ठ भूमि पर आधारित है अतः सूत्रधार सर्वप्रथम स्कूल में की जाने वाली वंदना या कुन्देन्दु तुषार हार धवला से प्रारम्भ करता है जिसमें स्कूल के सभी अध्यापक आकर पंक्ति में खड़े हो जाते हैं। इसके बाद सभी अध्यापक स्टाफ रूम में आकर बैठ जाते हैं। तभी स्कूल के प्रधानचार्य स्टाफ रूम में आकर बतलाते हैं कि नियमानुसार सरकारी आदेश आया है कि स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा खेल - कूद वगैरह की प्रतियोगिता करवाई जानी है। अब हमें ये प्रतियोगिताएं निपटानी है। मैंने आपलोगो की छमता को देखते हुए लिस्ट बनायीं है की किसको क्या क्या प्रतियोगिता का आयोजन करना है। प्रधानचार्य सभी को एक एक करके बतलाते हैं कि किसको कौन से प्रतियोगिता करवानी है, साथ ही ये कहकर चले जाते हैं कि आप लोग ये प्रतियोगिताएं दो से तीन दिन में करवा दें। सभी अध्यापक विचार विमर्श करते हैं कि इन प्रतियोगिताएं में जो टेंट और साउंड, बच्चो के फूड पैकेट और पानी, मोमेंटो आदि पर जो खर्चा आएगा उसमें आपना कमीशन कितना ज्यादा से ज्यादा बन पायेगा। सभी आपने-अपने लोगो को जरुरत के हिसाब से काम के साथ-साथ कमीशन तय करने का फैसला करते है। इतने में स्कूल कि घंटी बजती है सब अध्यापक जाने लगते हैं तब चपरासी अंदर आकर कहता है मुझे भी कोई काम बतला दो ताकि मैं भी अपने आदमी को काम देकर कमीशन ले सकूं। इसपर सब चौकते हैं।

## कल निकलेगी हिंदू नव वर्ष शोभायात्रा

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में शुक्रवार 20 मार्च को कैसरबाग स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम मैट्रो स्टेशन से हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क तक दोपहर तीन बजे भव्य हिन्दू नव वर्ष शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें शंखनाद और डमरू वादन करती, झांझ-मंजीरे के साथ पीले वर्ण की साड़ियां धारण कर मातृशक्तियां धर्मध्वज के साथ शामिल होंगी। सुंदरकांड महाअभियान, भारत वर्ष की बने पहचान के माध्यम से लोगों को संगठित होने का संदेश दिया जाएगा। इस अभियान का एक ही उद्दश्य है कि देवों और संतों की भूमि भारतवर्ष दोबारा विश्व गुरु बने। इसकी पूर्व संध्या पर बुधवार 18 मार्च को सपना गोयल ने बताया कि हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत का प्रारंभ चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से होता है, जिसे ब्रह्म पुराण के अनुसार ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि रचना शुरू करने का शुभ दिन माना जाता है। इसी दिन से पंचांग शुरू होता है, जिसके महीनों के नाम, पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की आकाश में स्थिति नक्षत्रों के अनुसार रखे गए हैं। सपना गोयल ने हिन्दु नव वर्ष की पूर्व संध्या पर बताया कि गुरुवार 19 मार्च 2026 को विक्रम संवत 2083 चैत्र प्रतिपदा को नवरात्र आगमन से ही हिन्दू नव वर्ष भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों का आवाहन किया कि वे सुबह उठकर अपने-अपने घरों में शंखनाद करें। पीला या भगवा हिन्दुस्तानी वस्त्र पहने। मस्तक पर तिलक लगाए और मंगल गान करें। प्रसाद और भोग के रूप में खीर या हलवा बनाकर उसका वितरण करें। गरीबों को दान करें। घरों और संस्थानों को केसरिया धर्मध्वज, फूलों, बंधनवार, रंगोली और दीपों से अलंकृत करें। सोशल साइट्स पर जनजागृति के लिए इस दिवस की शुभकामनाएं और चित्र साझा करें।

## हिन्दी अंग्रेजी के संग मिल रहे उर्दू किताबों को खरीदार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रवीन्द्रालय चारबाग में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में हिन्दी और अंग्रेजी किताबों के साथ यहां उर्दू में भी पुस्तकें खूब हैं। नवाबी शहर के लोगों को उर्दू किताबें भी लुभा रही हैं।

मेले में विलायत पब्लिकेशन की ज्यादा मांग वाली किताबों में उर्दू और अंग्रेजी में प्रकाशित दि स्टेटस आफ वुमेन में इस्लामी दृष्टिकोण से स्त्री की विवेचना की गयी है। स्टाल धारक रियाज हैदर बताते हैं कि उर्दू में छपी सैयद मोहम्मद तबा तबाई की लिखी किताब इस्लाम और आज का इंसान भी पसंद की जा रही है। उर्दू के साथ हिन्दी में छपी सैयद अली खामेनई की दो सौ पचास साला इंसान की भी मांग है। इस्लामी साहित्य के संग ही कुछ किताबें अमजद अली शाह जैसे अवध के नवाबों पर भी हैं। नेशनल बुक ट्रस्ट के स्टाल पर उर्दू में मध्यकालीन भारत, जैसी तथ्यपरक किताबों के साथ ही गालिब, बलराज साहनी, साहिर लुधियानवी और नेहरू सुभाष चन्द्र बोस जैसी कई राजनीतिक हस्तियों पर किताबें हैं। डा.राखी बख्शी और मनीष शुक्ल द्वारा सम्पादित पुस्तक अफसाना लिख रहा हूं का विमोचन पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अनुपमा जायसवाल ने गिरीशचंद्र मिश्र, उप्र संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह और पत्रकारिता विभाग लविवि के अध्यक्ष प्रो.सौरभ मालवीय व श्रीधर अग्निहोत्री की उपस्थिति में किया। शिल्पायन द्वारा प्रकाशित और फिल्मी पृष्ठभूमि पर लिखी पुस्तक के अलका प्रमोद के संचालन में चले समारोह में वक्ताओं ने किताब की खूबियों के बारे में बताया। इससे पहले दिन में साहित्य वीथिका की मंजूषा श्रीवास्तव मृदुल के संयोजन, मंजूषा श्रीवास्तव मृदुल के संयोजन और राजेश मेहरोत्रा राज के संचालन में काव्यगोष्ठी हुई। यहां डा.शोभा दीक्षित 'भावना, डा.अर्चना श्रीवास्तव, हरीशचंद्र निशांत व चन्द्रदेव दीक्षित जैसे अतिथियों की उपस्थिति में प्रतिभा गुप्ता, निशा नवल, मीनाक्षी पीयूष, पूजा श्रीवास्तव, श्वेता श्रीवास्तव, शालिनी सिन्हा, आलोक रावत आहत, जितेंद्र पाल सिंह दीप, संदीपिका दीक्षित, वर्षा श्रीवास्तव, कौसर रिजवी और ज्योति किरन रतन ने रचना पाठ किया।

## श्रीराम भजनों संग नव संवत्सर का स्वागत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित सात दिवसीय ऑनलाइन भजन कार्यशाला का समापन बुधवार को नव संवत्सर के पावन अवसर पर श्रीराम भजनों की मधुर स्वर-लहरी के बीच अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। दिल्ली विश्वविद्यालय संगीत संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्मृति त्रिपाठी के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में 42 प्रतिभागियों ने सात दिनों तक भोजपुरी, मैथिली एवं बुंदेली लोक भाषाओं की पारम्परिक धुनों पर आधारित भजनों का सघन प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही संत रविदास, कबीर, गुरु नानक एवं मीराबाई की रचनाओं के माध्यम से रामभक्ति की विविध धाराओं से परिचित हुए।

संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन सत्र में प्रतिभागियों ने सीखे गए भजनों की सराहनीय प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों में चैती घर-घर बाजत बधईया हो रामा, अवधपुरी बाजे आज बधैया, भोजपुरी विवाह गीत सुख नाहीं कहीं जैसन ससुररिया में, मैथिली भजन भजु रघुबर श्याम युगल चरना, संत रैदास का अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी, मीराबाई का मेरो मन रामहि राम रटै, अब तुम दया करो श्रीराम जी, जनकपुर का विवाह गीत मंगल आजु जनकपुर अति मनभावन हे, गुरु नानक का अपने राम का गुन गाऊं, कबीर का मन राम सुमिर पछताएगा, गुरु कृपा जन पायो मेरे भाई तथा बुंदेली भजन मोरे जनक राज के धाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। कार्यशाला के प्रतिभागी कलाकारों में अर्चना गुप्ता, देवेश्वरी पंवार, प्रतिमा मिश्रा, वीना सक्सेना, अलका चतुर्वेदी, निधि निगम, अपर्णा सिंह, शिखा श्रीवास्तव एवं राशि श्रीवास्तव सम्मिलित रहे।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण एवं आमखास को सूचित करना है कि बाकीदार लक्ष्मण प्रसाद उर्फ लक्षिमन पुत्र श्री सूरज पाल उर्फ सुल्ला ग्राम गहरू तह. सरोजनी नगर लखनऊ से भरण-पोषण देय/पारिवारिक न्यायालय बकाया धनराशि मु. 2,48,000=00 विक्रय निष्पादन व्यय सहित वसूल होना है बाकीदार द्वारा बकाया धनराशि जमा करने में असफल होने के कारण वसूली की उत्पीडन कार्यवाही के क्रम में उपजिलाधिकारी तहसील सरोजनी नगर लखनऊ महोदय के आदेश दिनांक 13/03/2026 के अनुपालन में दिनांक 06.04.2026 को सभागार तहसील सरोजनीनगर लखनऊ में अपरान्ह 03:00 PM बजे नीलामी की जायेगी। सम्पत्ति का विवरण निम्नवत है-

| ग्राम का नाम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल हे. में | हे. अंश |
|---|---|---|---|
| गहरू | 600 मि. | .316 हे. | .0632 हे. |
| गहरू | 808 | .120 हे. | .0200 हे. |
| | | कुल योग | 0.0832 हे. |

नीलामी में सर्वोच्च बोलीदाता को विधिक रूप से सक्षम होने की दशा में प्रश्नगत/भूमि/अन्य अचल सम्पत्तियों का क्रेता घोषित किया जायेगा।

1. प्रश्नगत क्रेता को तत्काल बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। असफल रहने की दशा में भूमि/अन्य अचल सम्पत्ति की तत्काल पुनः बिक्री की जायेगी।
2. शेष धनराशि की अदायगी क्रेता द्वारा नीलामी की तिथि से 15 दिन व उससे पूर्व उ.प्र. संहिता 2006 की धारा-190 तथा वर्णित विधि के अनुसार की जायेगी।
3. यदि अवशेष धनराशि जमा नहीं की जाती है तब ऊपर वर्णित प्रस्तर-2 के अनुसार जमा की धनराशि राज्य सरकार द्वारा जब्त कर ली जायेगी।
4. उपरोक्त वर्णित अवशेष धनराशि का भुगतान नीलामी द्वारा विक्रय के पूर्व कर दिये जाने में विक्रय की कार्यवाही नहीं की जाएगी।
5. विक्रय की पुष्टि प्रश्नगत संहिता की धारा-194 से शासित होगा।
6. क्रेतागण उक्त सम्पत्ति का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में तहसील सरोजनीनगर में सम्पर्क करके कर सकते हैं।
7. क्रेतागणों को नीलामी के समय बीस हजार रूपया (जमानत) धनराशि के रूप में अग्रिम जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं।
8. नीलामी की अन्य शर्तें मौके पर अवगत करायी जायेगी।

**नीलामी अधिकारी/नायब तहसीलदार**
**सरोजनीनगर, लखनऊ**

UPID-248511 Date: 18.03.26 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## चिकित्सक हत्याकांड में दो अभियुक्त दोषी करार, सजा 24 को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड के बहुचर्चित मामले में बुधवार को एडीजे संध्या चैधरी ने मुख्य अभियुक्त अजय नारायण सिंह व सह अभियुक्त दीपक सिंह को दोषी मानते हुए जेल भेजने का आदेश दिया है। दोनों दोषियों को कोर्ट ने सजा सुनाने के लिए 24 मार्च की तिथि तय की है। हत्याकांड में डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र की मॉनिटरिंग में अभियोजन पक्ष की ओर से वादी मुकदमा निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय व एडीजीसी क्रिमिनल पवन दुबे ने पैरवी की। लंभुआ के सखौली कला गांव निवासी डा. घनश्याम तिवारी की 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में नरायनपुर गांव के अजय नारायण सिंह, उनके पिता जगदीश नारायण सिंह, चचेरे भाई विजय नारायण सिंह व मायंग गांव के ड्राइवर दीपक सिंह के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। केस की सुनवाई के दौरान आरोपी जगदीश नारायण सिंह व विजय नारायण सिंह की मौत हो गई है।

## मोबाइल टावर से लाखों की 54 बैटरियां चोरी

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात चोरों ने कुंवर मऊ स्थित एक मोबाइल टावर को निशाना बनाते हुए बैटरी बैंक से बड़ी चोरी को अंजाम दिया। अज्ञात चोर टावर परिसर में घुसकर कुल 54 बैटरियां चोरी कर ले गए। सुबह होने पर कर्मचारियों को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने बताया कि चोरी गई बैटरियों की कीमत कई लाख रुपये की है। मामले में संबंधित टेक्नीशियन द्वारा नसीराबाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। इन घटनाओं को रोकने में अब तक नसीराबाद पुलिस नाकाम साबित हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। थाना प्रभारी पवन कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## नगर पंचायत नसीराबाद के दो सभासद पुन: नामित

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान पुराने कार्यकर्ता उमा शंकर चैरसिया और राम तिलक पासी को जहां शासन ने पुनः सभासद नामित किया है। वहीं थोड़ा परिवर्तन करते हुए पिछली बार के नामित सभासद रामेश्वर अग्रहरि के स्थान पर उनकी पत्नी ज्ञानमती अग्रहरि को मौका दिया गया है। सलोन भाजपा विधायक अशोक कुमार कोरी, उनके प्रतिनिधि बब्बन कुमार, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष चैतन्य सिंह भदौरिया, जिला मंत्री राधे रमन अग्रहरि, कमलेश कुमार वैश्य, राम कुमार अग्रहरि, हरिराम माली, आलोक मोदनवाल, कुलदीप वैश्य, अशोक कुमार मौर्य, अशोक वैश्य, प्रमोद श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोगों ने नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी नेतृत्व, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय जनता ने विश्वास जताया है कि नामित सदस्य नगर के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे।

# एम्स में पहली बार 'जेली बेली' की जटिल सर्जरी सफल

### पहली बार इतनी उच्च-स्तरीय तकनीक व विशेषज्ञता का उपयोग किया गया है

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली की सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टीम ने स्यूडोमिक्सोमा पेरिटोनाई जिसे आमतौर पर 'जेली बेली' कहा जाता है के एक अत्यंत दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। रायबरेली और आसपास के जिलों में पहली बार इतनी उच्च-स्तरीय तकनीक और विशेषज्ञता का उपयोग किया गया है।

इस जटिल प्रक्रिया को मुख्य सर्जन डॉ. अविनाश चंद्र सिंह (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) सहायक डॉ. अक्षय चं डॉ. अनुष्का, एनेस्थीसिया टीम से डॉ. अभय राज यादव, डॉ. प्रवीण विशेषज्ञों के कुशल नेतृत्व और सहयोग से संपन्न किया गया। कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन के मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन से यह ऐतिहासिक उपलब्धि संभव हो सकी है। व्यापक साइटोरिडक्टिव सर्जरी इसमें टोटल पेरिटोनेक्टोमी, राइट हेमीकोलेक्टोमी और मल्टीविसेरल रिसेक्शन जैसी जटिल प्रक्रियाएं शामिल थीं। ऑपरेशन के बाद मरीज को किडनी की समस्या और फेफड़ों की समस्या जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन हमारी मल्टीडिसिप्लिनरी आईसीयू और सर्जिकल टीम की 24/7 निगरानी और समर्पण के कारण, मरीज ने इन सभी बाधाओं को पार किया। हमें यह बताते हुए खुशी है कि मरीज अब पूरी तरह स्थिर है और उसे सुरक्षित डिस्चार्ज कर दिया गया है। यह सफलता आधुनिक ऑन्कोलॉजी और टीम वर्क की जीत है।

## परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**सलोन, रायबरेली।** निमिषा कान्वेंट स्कूल मटका में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक विवेक शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर, शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कक्षा रैंकर पुरस्कार, 100ः उपस्थिति पुरस्कार, बेस्ट स्टूडेंट पुरस्कार व विद्यालय द्वारा आयोजित ड्राइंग कंपटीशन में प्रतिभाग हुए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा और छात्रों ने न केवल शैक्षणिक, बल्कि सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी शानदार प्रदर्शन किया।

## दर्शन कर लौट रहे युवकों की कार हादसे का शिकार, एक की मौत, दो लोग घायल

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बनारस से दर्शन कर लौट रहे तीन युवकों की कार मंगलवार देर रात हादसे का शिकार हो गई। अमेठी जिले के रामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत त्रिशुंडी के पास कार अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई और फिर दीवार में जा भिड़ी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि कार सवार दो अन्य युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर में भर्ती कराया।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के राहिलपारा गांव निवासी शुभम पांडेय पुत्र महेंद्र प्रसाद पांडेय, संतोष शुक्ला पुत्र घनश्याम शुक्ला तथा शशांक मणि शुक्ला पुत्र कुलभूषण शुक्ला मंगलवार दोपहर करीब दो बजे निजी कार से बनारस दर्शन के लिए गए थे। दर्शन के बाद तीनों प्रयागराज हाईवे के रास्ते सुलतानपुर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि रात करीब एक बजे जब वे अमेठी जिले के त्रिशुंडी, रामगंज के पास पहुंचे, तभी कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार पहले सड़क किनारे पेड़ से टकराई और फिर पास की दीवार में जा घुसी। हादसे में कार सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेजवाया। परिजनों के अनुसार, शुभम पांडेय को गंभीर चोटें आई थीं और अधिक रक्तस्राव होने के कारण अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं, घायल संतोष शुक्ला और शशांक मणि शुक्ला का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद करीब साढ़े चार बजे शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शुभम की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और शुभचिंतक परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे।

**दो बहनों का इकलौता भाई था शुभम :** मृतक शुभम पांडेय परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। शुभम ने पोस्ट ग्रेजुएशन किया था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह अविवाहित था। इकलौते बेटे की मौत से पिता महेंद्र प्रसाद पांडेय और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने देर रात दियरा राज घाट पर शुभम का अंतिम संस्कार किया। गांव में मातम पसरा हुआ है।

## ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**शुकुल बाजार, अमेठी।** आगामी ईद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार, 18 मार्च 2026 को थाना बाजारशुक्ल परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने की। इस दौरान थाना क्षेत्र के धर्मगुरु, मौलाना, मौलवी तथा संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने उपस्थित लोगों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों से भली-भांति अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाए। बैठक में लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई संदिग्ध बात सामने आने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

## दहेज उत्पीड़न का आरोप, विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष पर दर्ज कराया मुकदमा

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने पति, ससुर और सास पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट, उत्पीड़न और घर से निकालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी 17 मई 2025 को जयसिंहपुर क्षेत्र निवासी युवक अंकित के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति, ससुर राजकुमार तथा सास चविया मंजू दहेज कम लाने का ताना देते रहे और उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष की ओर से सोने की चेन, अंगूठी और नकदी समेत अन्य सामान की मांग की जाती रही। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। विवाहिता का यह भी कहना है कि उसने स्थानीय थाने पर पहले भी शिकायत की थी, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। तहरीर के अनुसार, कुछ दिन पहले पति ने उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति मायके पहुंचकर भी उसके साथ मारपीट करता रहा। विवाहिता ने यह भी आरोप लगाया कि करीब एक सप्ताह पहले उसे ससुराल से पूरी तरह निकाल दिया गया। मामले में कोतवाली जयसिंहपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की विवेचना उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र को सौंपी गई है। दिनेश चंद्र ने बताया कि प्रकरण में दर्ज मुकदमे की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की संबंधित धाराएं लगाई गई हैं। जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## गोमती नदी में उतराता मिला अधेड़ का शव

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थानाक्षेत्र में बहाउद्दीनपुर गांव के निषाद बस्ती के पास गोमती नदी में बुधवार सुबह एक अधेड़ का शव उतराता मिलने से में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बुधवार सुबह मछली पकड़ने गए निषाद बस्ती के बच्चों को नदी में शव उतराता दिखाई पड़ा, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय और उपनिरीक्षक प्रमोद मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान नगर कोतवाली क्षेत्र के पार्किंशनगंज निवासी शीतला प्रसाद कसौधन (52) पुत्र मोतीलाल के रूप में हुई है। मृतक के पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक पेन, डायरी, करीब ढाई सौ रुपया, एक दवा का पत्ता व अन्य कागजात पुलिस को मिला है। परिजनों के अनुसार मृतक सोमवार को पारिवारिक विवाद के बाद घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया, जबकि फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किया। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गरीब के पट्टे की जमीन पर हो रही कब्जे की कोशिश

**डलमऊ, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जोहवा नटकी, पूरे कोइली तिवारी में एक गरीब मजदूर व दुकानदार की पट्टे की जमीन को लेकर विवाद सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पट्टे की जमीन पर कब्जे की कोशिश की जा रही है और दीवार को लगातार तोड़ा जा रहा है। मामले से जुड़ा मुकदमा तहसीलदार न्यायालय डलमऊ में विचाराधीन बताया जा रहा है। गांव निवासी छोटेलाल पुत्र शिव प्रसाद का कहना है कि वह साइकिल पंचर की छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके मुताबिक कई वर्ष पहले सरकार की ओर से उन्हें आवासीय पट्टा मिला था, जिस पर उन्होंने शौचालय बनवाया, दीवार खड़ी की, टीन शेड डाला, पशु बांधने की व्यवस्था की और पानी का नल भी लगवाया। उनका मकान भी इसी जमीन से जुड़ा हुआ है। छोटेलाल का आरोप है कि पड़ोसी मोतीलाल पुत्र सूर्यप्रसाद, उनकी पत्नी विजय कुमारी और बेटे अमित कुमार की पत्नी इस जमीन को लेकर आपत्ति जताते रहे हैं। उनके अनुसार इस संबंध में ग्राम सभा बनाम छोटेलाल का मुकदमा तहसीलदार न्यायालय डलमऊ में लंबित है और अभी निर्णय नहीं हुआ है। पीड़ित छोटेलाल का कहना है कि मुकदमा लंबित होने के बावजूद प्रतिपक्षी परिवार की ओर से उनकी दीवार की ईंटें उखाड़कर फेंकी जा रही हैं और दीवार को नीचे से कमजोर किया जा रहा है। छोटेलाल के अनुसार जब वह दीवार को दोबारा लगाने या ठीक करने की कोशिश करते हैं तो महिलाओं को आगे कर विरोध किया जाता है। उनका आरोप है कि उन्हें कथित रूप से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जाती है। छोटेलाल के मुताबिक 11 मार्च 2026 को उन्होंने लिखित शिकायत दी थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित का कहना है कि उस समय महिलाओं ने पुलिस के सामने भी विरोध करते हुए कहा कि दीवार या ईंट रखने का अधिकार केवल डीएम, एसडीएम या तहसीलदार को है, पुलिस कुछ नहीं कर सकती है। छोटेलाल के अनुसार इसके बाद पुलिस टीम बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गई। पीड़ित ने बताया कि 11 मार्च की शिकायत के बाद 17 मार्च 2026 को उन्होंने दोबारा अर्जी दी, लेकिन अब तक उन्हें कोई ठोस राहत नहीं मिली है। छोटेलाल का कहना है कि दीवार को रोज थोड़ा-थोड़ा तोड़ा जा रहा है और उन्हें आशंका है कि पूरी दीवार गिरने के बाद जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा सकती है।

# समाजशास्त्रीय शोध व लेखन ही उच्च शिक्षा की वास्तविक कसौटी: डॉ. अखिलेश सिंह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एमए के छात्र-छात्राओं के लिए समाजशास्त्र के क्षेत्र में प्रोजेक्ट एवं असाइनमेंट लेखन का शैक्षणिक महत्त्व विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में गुणवत्तापूर्ण लेखन ही उच्च शिक्षा की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे प्रोजेक्ट और असाइनमेंट को औपचारिकता न समझकर ज्ञानार्जन का माध्यम बनाएं, क्योंकि यही अभ्यास उन्हें एक सफल शोधार्थी के रूप में विकसित करता है।

मुख्य वक्ता डॉ. अखिलेश सिंह ने कहा कि प्रोजेक्ट एवं असाइनमेंट लेखन विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच और शोध प्रवृत्ति को विकसित करता है। उन्होंने शोध प्रविधि, प्राथमिक व द्वितीयक डेटा संकलन, संदर्भ ग्रंथ सूची तथा शुद्ध लेखन शैली की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता डॉ. बृजेश सिंह ने कहा कि प्रोजेक्ट और असाइनमेंट न केवल अकादमिक अभ्यास हैं, बल्कि ये विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित लेखन अभ्यास विद्यार्थियों को नेट/ जेआरएफ जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के लिए तैयार करने में अत्यंत सहायक होता है। कार्यक्रम का संचालन एवं विषय प्रवर्तन डॉ. विरेन्द्र कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने प्रोजेक्ट लेखन को सामाजिक यथार्थ के वैज्ञानिक एवं वस्तुनिष्ठ विश्लेषण की प्रक्रिया बताते हुए विषय की प्रासंगिकता स्पष्ट की। संवाद सत्र में अक्षत शुक्ला, हुजैफा खान, शिवानी मोदनवाल, महिमा सिंह, ज्योती कनौजिया, सिद्धार्थ पाठक, गौरव सिंह विभू तिवारी ने शोध प्रारूप, डेटा विश्लेषण एवं संदर्भ लेखन से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान वक्ताओं ने विस्तार से किया। अंत में डॉ. शालिनी सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट लेखन समाज के अदृश्य पहलुओं को उजागर करने का सशक्त माध्यम है।

## स्टेडियम में जल्द नियुक्त होंगे टेबल टेनिस कोच

**सुलतानपुर (वीओएल)।** वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट योजना के तहत टेबल टेनिस प्रशिक्षण और खेलो इंडिया सेंटर के संचालन के लिए कोच रखे जाएंगे जिसके लिए अभ्यर्थियों को 28 मार्च तक करना होगा आवेदन, टेबल टेनिस खेल से संबंधित केवल उन्हीं प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा जो एनआईएस डिप्लोमा धारक हों या अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हों। राष्ट्रीय स्तर से तात्पर्य उन खिलाड़ियों से है जिन्होंने राज्य टीम की ओर से राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप में भाग लिया है इच्छुक आवेदकों को साक्षात्कार के समय अपनी शैक्षणिक योग्यताओं, खेल योग्यताओं, आधार कार्ड, फोटो, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, माता-पिता के आधार कार्ड और निवास प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न करनी होगी। कार्य दिवसों में कार्यालय से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ये जानकारी क्रीड़ाधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने दी।

# जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में जमीन, रोजगार व पुनर्जीवन का संकट गहराया

- उद्योग के नाम पर ली जमीन, 35 साल बाद भी सूना पड़ा जगदीशपुर
- 2500 करोड़ निवेश की चर्चा के बीच जगदीशपुर में पुराना जख्म फिर हरा

बृजेश यादव

**कमरौली, अमेठी।** जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र एक बार फिर चर्चा में है। कभी प्रदेश के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किए गए इस इलाके में आज जमीन के उपयोग, बंद पड़े कारखानों, स्थानीय बेरोजगारी, किसानों के लंबे संघर्ष और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वर्षों पहले उद्योगों के नाम पर अधिग्रहित जमीन अब कई स्थानों पर बेकार पड़ी दिखाई देती है।

**जमीन के गलत इस्तेमाल का मुद्दाः** 80 और 90 के दशक में किसानों से यह कहकर जमीन ली गई थी कि यहां बड़े उद्योग लगेंगे, क्षेत्र का विकास होगा और लोगों का भविष्य बदलेगा। लेकिन हकीकत यह रही कि कई इकाइयां शुरू ही नहीं हो सकीं, जबकि कुछ कारखाने कुछ समय बाद बंद हो गए। नतीजतन बड़ी मात्रा में औद्योगिक भूमि निष्प्रयोज्य पड़ी है।

**रोजगार के वादे अधूरे :** औद्योगिक क्षेत्र बनने के समय स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का सपना दिखाया गया था। किसानों ने भी इसी उम्मीद में अपनी जमीन छोड़ी थी कि उनके परिवारों को नौकरी और स्थायी आय का साधन मिलेगा। मगर आज हालत यह है कि न उद्योगों की संख्या उम्मीद के मुताबिक बढ़ी और न स्थानीय लोगों को पर्याप्त रोजगार मिला।

**किसानों का लंबा संघर्ष :** जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित हुई, वे पिछले कई वर्षों से अपनी जमीन के उपयोग और अधिकार को लेकर आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जमीन पर उद्योग नहीं लग रहे हैं तो उसे वापस किया जाए। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में किसानों के विरोध, धरना और अधिकारियों से तीखी बहस के दृश्य भी चर्चा में रहे हैं।

**यूपीसीडा से टकराव और बढ़ता तनाव :** 2025 में जगदीशपुर सेक्टर-12 और आसपास के इलाकों में जमीन के उपयोग को लेकर किसानों और यूपीसीडा अधिकारियों के बीच तनाव बढ़ने की बात सामने आई। विरोध कर रहे किसानों का आरोप था कि वर्षों से खाली पड़ी जमीन का न तो सही उपयोग हो रहा है और न ही उनकी मांगों पर गंभीरता से सुनवाई की जा रही है।

**प्रशासनिक अनदेखी पर सवाल :** स्थानीय लोगों का कहना है कि 30 से 35 वर्षों से बड़ी मात्रा में जमीन खाली पड़ी है, फिर भी इस दिशा में ठोस समाधान नहीं निकला। न बंद इकाइयों को व्यवस्थित ढंग से पुनर्जीवित किया गया और न अनुपयोगी जमीनों पर नई औद्योगिक नीति का प्रभावी क्रियान्वयन दिखा। इससे प्रशासन की मंशा और कार्यशैली दोनों सवालों के घेरे में हैं।

**पुनर्जीवन की नयी उम्मीद :** हाल के महीनों में यह चर्चा तेज हुई है कि बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को दोबारा चालू करने और नए निवेश को आकर्षित करने की कोशिशें हो रही हैं। बताया जा रहा है कि बड़े निवेश प्रस्तावों के जरिए क्षेत्र को फिर से सक्रिय बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर उम्मीद जगी है, लेकिन लोग अब जमीनी अमल देखना चाहते हैं।

**जनता की मुख्य मांग :** किसानों, बेरोजगार युवाओं और स्थानीय नागरिकों की मांग साफ है—या तो खाली पड़ी जमीन पर तत्काल उद्योग स्थापित किए जाएं, या फिर वर्षों से निष्क्रिय पड़ी भूमि के मामले में न्यायपूर्ण फैसला लिया जाए।

## संचारी रोगों से बचाव को लेकर खाका तैयार

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार को कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर संचारी एवं दस्तक अभियान को लेकर एक ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) श्रीकांत तिवारी ने बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक जल जनित और मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बीडीओ श्रीकांत तिवारी ने बताया कि अभियान के दौरान साफ-सफाई, जलभराव की समस्या का समाधान, कूड़ा-कचरा निस्तारण और लोगों को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, दस्त और अन्य संक्रामक रोगों की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना है। सीएचसी कूरेभार के अधीक्षक डॉ. शैलेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छ पानी पीने, घरों के आसपास पानी जमा न होने देने और मच्छरों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही, संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने पशुपालकों को स्वच्छता बनाए रखने और पशुओं के आसपास गंदगी न फैलने देने की सलाह दी। वहीं, खंड शिक्षाधिकारी उदय भान ने विद्यालयों में छात्रों के माध्यम से जागरूकता फैलाने की बात कही। बैठक में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से सुलेखा यादव, सहायक खंड विकास अधिकारी प्रकाश मिश्रा सहित ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी भूमिका सक्रिय रूप से निभाने का संकल्प लिया।

## जनगणना के लिए 36 फील्ड ट्रेनरों को किया गया प्रशिक्षित

**रायबरेली।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के दृष्टिगत जनपद में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का अंतिम दिवस है, जो जिला पंचायत प्रतिनिधि सभागार, दरीबा में संपन्न हो रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 36 फील्ड ट्रेनरों को शासन स्तर से प्रशिक्षित चार मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो आगे चलकर जनगणना कार्य में अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की समस्त प्रक्रियाओं, डेटा संकलन की विधियों, डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग, मोबाइल एप्लिकेशन के संचालन तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है।

इसके अतिरिक्त, आगामी चरण में 19, 20 एवं 23 को दो बैचों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 62 अन्य कार्मिकों/फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रकार जनपद में चरणबद्ध तरीके से सभी संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षित कर जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने की तैयारी की जा रही है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निर्देशित किया गया है कि सभी प्रशिक्षु प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से ग्रहण करें तथा जनगणना कार्य में पूर्ण जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें, जिससे जनपद के सटीक एवंइस प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी उपजिलाधिकारी सलोन सचिन यादव नामित किए गए हैं, जिनके निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# प्रशासन व व्यापार मंडल के मध्य हुई बैठक बेनतीजा

**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी रायबरेली को गत सप्ताह एक ज्ञापन सौंपा था। डीएम ने उप जिलाधिकारी लालगंज को व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पत्र लिखा था। उसी के संदर्भ में बुधवार को तहसील सभागार में व्यापार मंडल और तहसील प्रशासन के मध्य वार्ता हुई जिसमें नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी भी शामिल रहे। लेकिन बैठक बे नतीजा रही, वही हंगामा भी खूब हुआ। लोगों ने अधिशासी अधिकारी की कार्यशैली पर नाराजगी प्रकटकिया। हालांकि विवेक शर्मा ने एक बार फिर से व्यापारियों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार लालगंज शिवम राठौड़ को ज्ञापन सौंपा है। विवेक शर्मा ने

तहसीलदार को बताया कि लालगंज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला के असहयोग के चलते व्यापारी समाज व आम जनमानस को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल ने बैठक में मांग करते हुए कहा कि नगर पंचायत लालगंज कार्यालय में वर्तमान में तैनात अधिशासी अधिकारी से मिलने का समय व दिन निश्चित हो और ऑफिस के बाहर पटल पर अंकित हो। अधिशासी अधिकारी के समक्ष व्यापारी व जनता से संवाद की तिथि निश्चित हो। माह में एक बैठक जरूर हो। तहसीलदार शिवम राठौड़ ने बताया कि नवरात्रि के बाद एक बार फिर से नगर पंचायत कार्यालय में बैठक होगी और वहीं पर अतिक्रमण हटाए जाने की तारीख निश्चित होगी। व्यापार मंडल की अन्य समस्याओं पर भी शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, शिवम गुप्ता, शिव शंकर मिश्रा बबलू सभासद आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

## चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 के नये प्रवेशी बच्चों को मिलेगा टैबलेट

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर का चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज निरंतर आधुनिक शिक्षा की ओर अग्रसरहै। नवीन पाठ्यक्रम के साथ-साथ कंप्यूटराइज शिक्षा देने के लिए प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला लगातार प्रयासरत हैं। प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने बताया कि कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले प्रथम 100 बच्चों को टैबलेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही वजीफा भी दिया जाएगा। वहीं कक्षा 9 के बच्चों को वजीफा के साथ-साथ निशुल्क किताबें भी दी जाएंगे।

संक्षेप

## प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के 36 छात्र चयनित

**फिरोजाबाद।** एफ एस विवि शिकोहाबाद में छात्रों के लिए प्रतिष्ठित कंपनी लाइफ विजन मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा औषधि निर्माण हेतु एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। ड्राइव में फार्मेसी विभाग के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें औषधि निर्माण (ड्रग मैन्युफैक्चरिंग) तथा चिकित्सा प्रतिनिधि एम.आर पदों के लिए 36 छात्रों को रोजगार के लिए चुना गया। चयन प्रक्रिया के दौरान सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कंपनी के निदेशक कुमार मोहन सिंह एवं सेल्स मैनेजर नवीन सचदेवा ने लिया। इस अवसर पर विवि के कुलाधिपति डॉ दिलीप यादव ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एफ एस विवि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे व्यावसायिक जीवन के लिए बेहतर रूप से तैयार होते हैं। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति डॉ योगेश यादव, ट्रस्टी डॉ राहुल यादव, डॉ नितिन यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज, महानिदेशक डॉ अभिनव श्रीवास्तव तथा फार्मेसी निदेशक डॉ. त्रिभुवन सिंह मौजूद रहे।

## युवक ने लगायी फांसी

**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर में एक युवक ने गृह क्लेश के चलते फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो चिकत्सक के पास ले गये जहां चिकत्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेजा है। गौरव उम्र करीब 21 साल पुत्र लाल सिंह निवासी गांव मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र टूंडला ने अपने घर पर ग्रह क्लेश के चलते पंखे से लटक कर फांसी लगा ली। परिवारीजनों द्वारा शव को फंखे से उतार कर आलावलपुर कस्बा टूंडला मे डॉक्टर को दिखाया था। जिसको डाक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के भाई सचिन द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी फिरोजाबाद भेजा हैं। इस दौरान इस घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## 1005 वाहनों के चालान, 2 सीज

**फिरोजाबाद।** जनपद की सड़कों पर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को यातायात पुलिस ने नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ा शिकंजा कसा। पूरे जनपद में सघन चेकिंग चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1005 वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई, जबकि दो वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। यह बड़ी कार्यवाई एसएसपी नगर के निकट पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में की गई। यातायात प्रभारी महेश सिंह ने टीम के साथ शहर के विभिन्न व्यस्त चौराहों और मुख्य मार्गों पर नाकेबंदी कर बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने व यातायात संकेतों को नजरअंदाज करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। अचानक हुई इस क्वायेवाही से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में अफरा तफरी का माहौल रहा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं बल्कि जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

# पौष्टिक भोजन देश की मानव पूंजी में महत्वपूर्ण निवेश: द्रोपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति ने परोसी अक्षय पात्र की 5 अरबवीं थाली

**मथुरा,वृंदावन।** अक्षय पात्र फाउंडेशन ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 5 अरबवीं थाली परोसने का मील का पत्थर पार किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक-चेयरमैन मधु पंडित दास तथा वाइस चेयरमैन चंचलापति दास सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विषय ह्रासुपोषित और सुशिक्षित भारत से विकसित भारतह रखा गया, जो बच्चों के पोषण एवं शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को रेखांकित करता है। समारोह में ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति-निर्माता, शिक्षाविद, परोपकारी संस्थाएं तथा बड़ी संख्या में हितधारक उपस्थित रहे। साथ ही, फाउंडेशन के पूर्व लाभार्थी, छात्र, अभिभावक एवं शिक्षक भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। राष्ट्रपति मुर्मू ने बच्चों को भोजन परोसकर तथा उपहार प्रदान कर इस उपलब्धि का उत्सव मनाया।अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों को दिया जाने वाला पौष्टिक भोजन देश की मानव पूंजी में एक महत्वपूर्ण निवेश है। उन्होंने बच्चों को भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का आधार बताते हुए कहा कि यही वर्ग भविष्य में राष्ट्र की प्रगति को गति देगा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने वक्तव्य में ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से प्रारंभ हुई यह पहल आज एक व्यापक जनआंदोलन बन चुकी है।16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों के 25,000 से अधिक स्कूलों में प्रतिदिन 23.5 लाख बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना एक असाधारण उपलब्धि है। इस अवसर पर मधु पंडित दास ने कहा कि 25 वर्षों की इस सेवा यात्रा में 5 अरब भोजन परोसना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उस संकल्प का पुनःस्मरण है कि कोई भी बच्चा भूखा वाइस चेयरमैन चंचलापति दास ने कहा कि यह उपलब्धि सरकार, दाताओं, साझेदारों और समर्पित कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

## गड़ासे से छोटे भाई की निर्मम हत्या, मां को भी किया घायल

**मथुरा।** जनपद के थाना मगोर्रा क्षेत्र के एहमल गांव में पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया जहां सगे भाई ने ही भाई की गड़ासा मारकर निर्मम हत्या कर दी। इतना ही नहीं बीच-बचाव करने पहुंची मां पर भी आरोपी ने बेरहमी से हमला कर दिया। घटना को अंजाम देकर आरोपी अपनी पत्नी को लेकर फरार हो गया। दोनों भाइयों की पत्नियां सगी बहनें हैं। पिछले डेढ़ वर्ष से घर मे विवाद चल रहा था। मृतक की पत्नी मायके में रह रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मामले में दोनों पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। थाना मगोर्रा के गांव एहमल में मंगलवार की देररात करीब 10 बजे निरंजन सिंह उर्फ नहना मजदूरी का काम करके घर आया था। तभी घर पर निरंजन सिंह खाना खा रहा था। भाभी दुर्गेश ने उसके चहरे पर ट्रॉर्च लगाई और पति से शिकायत करने लगी कि वो उस पर गलत नजर डाल रहा है। इसी बात पर दोनों में विवाद शुरू हो गया। ये विवाद इस कदर बढ़ गया कि मेघश्याम कमरे से गड़ासा निकाल लाया और निरंजन पर हमला कर दिया। उसकी गर्दन, कान और हाथ काट दिए। सगे भाई की बेरहमी से हत्या करने के बाद भी वो शांत नहीं हुआ। इस दौरान जब मां लोंगा देवी आई, तो उन पर भी हमला कर दिया। चीख सुनलोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान आरोपी अपनी पत्नी के साथ कमरे में ताला डालकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मेघश्याम सिंह और उसकी पत्नी दुर्गेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। सीओ अनिल कुमार सिंह का कहना है घटना में पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे।

## रालोद महानगर अध्यक्ष ने जतायी नाराजगी

**मथुरा।** रालोद के महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति ने नगर निगम में नामित पार्षदों की हाल ही में जारी सूची पर गहरी नाराजगी और निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में रहते हुए भी रालोद के किसी भी समर्पित कार्यकर्ता या प्रतिनिधि को स्थान न मिलना अत्यंत खेदजनक और चिंताजनक है। महानगर अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गठबंधन केवल चुनावी समीकरणों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें सभी सहयोगी दलों की सम्मानजनक, संतुलित एवं न्यायपूर्ण भागीदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। रालोद के जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी, गठबंधन की भावना और आपसी विश्वास पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

## मौलिक अधिकार पार्टी ने मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

**टूंडला।** मौलिक अधिकार पार्टी के मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार व जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद सहदेव संखवार ने तहसील परिसर में अति पिछड़े वर्गों के लिए पृथक आरक्षण एवं अन्य विन्दुओं पर एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार टूंडला को सौंपा। ज्ञापन मांग की गई कि अतिपिछड़े वर्गों का पृथक आरक्षण जैसे गरीब सवर्णों को बिना किसी कमेटी की संस्तुति बिना किसी आयोग की रिपोर्ट के एक दिन में लोकसभा दूसरे दिन राज्यसभा से बिल पास कराकर तीसरे दिन राष्ट्रपति से हस्ताक्षर कराकर जनसंख्या के अनुपात में 10% आरक्षण ले लिया। वैसे ही 40.50% अतिपिछड़े वर्गों 32.50% और पिछड़ा मुसलमान को 08.50 प्रतिशत आरक्षण इनकी जनसंख्या के अनुपात में राजनीति नौकरी शिक्षा में दिया जाए। एवं सम्पूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण मुफ्त संविधान के भाग चार अनु० 36 से 51 में सरकार की ड्यूटी के अन्तर्गत आता है जिसका आज बाजारीकरण हो गया है इसलिए शिक्षा का राष्ट्रीयकरण हो। सबको अनिवार्य छात्रवृत्ति मिले। प्राथमिक विद्यालय बन्द न हो। अध्यापकों और शिक्षा अधिकारियों की जबावदेही तय की जाय।प्राथमिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा स्वदेशी-विदेशी विश्वविद्यालय शिक्षा प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड राज्य सार पर बनाया जाय।सम्पूर्ण चिकित्सा एवं प्रशिक्षण मुफ्त संविधान के भाग चार सरकार की ड्यूटी के अन्तर्गत है। जरा सी देरी एवं लापरवाही में मौत हो जाती है। इसलिए डॉक्टरों की जबावदेही तय की जाय। सरकारी डाक्टरो की प्राईवेट प्रैक्टिस को दण्डनीय अपराध घोषित किया जाय। पढ़ने वाले डाक्टरों की सीट सीमा खत्म हो। प्राइवेट अस्पताल को मान्यता एवं अनुदान एक साथ दिया जाय। प्राइवेट जाँच एवं दवाओं के दाम सरकार तय करे।प्रतियोगिता परीक्षा गृह जनपद में हो। प्राप्तांक में उम्र जोड़ कर प्रदेश स्तर पर सभी वर्गों की अलग-अलग मेरिट लिस्ट बने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रो में वेतन पेंशन फण्ड सेवा शर्ते समान हो कार्यपालिका और न्यायपालिका का बँटवारा संविधान का अनु० 50 आज तक केन्द्र और राज्य सरकारों ने बँटवारा नहीं किया। इसलिए बच्चे डिग्रियों लेकर घूम रहे हैं। अतः बंटवारा प्रदेश मण्डल, जिला तहसील ब्लाक स्तर पर किया जाय। वहीं गांव धीरपुरा मौजा मजरा दारा पुर में शमसान घाट की मांग की व गांव के बीचो-बीच स्थित तालाब के पानी की निकासी की व्यवस्था की मांग की गई।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर करोड़ों की हेरोइन पकड़ी

**आगरा/ मथुरा।** एंटी नारकोटिक्स टीम आगरा और नोहझील पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से 621 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई में पुलिस ने कार सवार नितेश, निवासी ट्रांस यमुना कॉलोनी, आगरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं, जिसे पुलिस ड्रग मनी मान रही है। पुलिस के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स टीम को पहले से इनपुट मिला था कि यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते मादक पदार्थों की बड़ी खेप ले जाई जा सकती है। इसी सूचना के आधार पर नोहझील थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से 621 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की मात्रा और गुणवत्ता को देखते हुए पुलिस ने इसकी कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपये आंकी है। गिरफ्तार आरोपी नितेश से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वह आगरा के विभिन्न होटलों में हेरोइन की सप्लाई करता था। इससे अंदेशा है कि शहर में नशे का नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय है और इसमें कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस अब इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि आरोपी किन-किन होटल संचालकों, बिचौलियों या स्थानीय सप्लायरों के संपर्क में था। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 लाख रुपये नकद भी बरामद किए हैं। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह रकम नशे के कारोबार से जुड़ी हो सकती है। बरामद नकदी के स्रोत और इसके इस्तेमाल को लेकर भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क में आरोपी अकेला नहीं था। उसका एक साथी फिलहाल फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और सर्विलांस के जरिए उसके संपर्कों को भी खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि बरामदगी की मात्रा को देखते हुए यह मामला बड़े ड्रग नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।

## विकास भवन में गूंजा विकसित भारत-विकसित यूपी का संकल्प

**फिरोजाबाद।** विकास भवन के प्रांगण में सोमवार को 'नवनिर्माण के नौ वर्ष विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की थीम पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र चेक और चाबियां सौंपी गईं। कार्यक्रम अंतर्गत उमाकांत विश्वकर्मा को विश्वकर्मा योजना का प्रमाण पत्र दिया गया,जबकि डम्बर सिंह और राधे श्याम को मुख्यमंत्री आवास योजना की चाबियां भेंट की गईं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं सौम्या, निधि जन्नत और राधा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बनी हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रेमपाल धनगर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था, निवेश, कृषि और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखा है। उन्होंने बताया कि जीरो टॉलरेंस की नीति से अपराधों में कमी आई है और मिशन शक्ति व हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181 से महिला सुरक्षा सुदृढ़ हुई है। विधायक प्रेम पाल धनगर ने जानकारी दी कि प्रदेश में 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है,जिससे 60 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। उप्र अब एक्सप्रेस-वे प्रदेश बन चुका है, जहां देश के कुल नेटवर्क का 55 प्रतिशत हिस्सा मौजूद है। साथ ही, करोड़ों किसानों को सम्मान निधि और लाखों वृद्धों व निराश्रित महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने अयोध्या, काशी और मथुरा जैसे स्थलों के विकास को सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया युग बताया। मेयर कामिनी राठौर ने इन नौ वर्षों को उत्तर प्रदेश के विकास के लिए निर्णायक बताया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने अन्य अधिकारियों के साथ लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी बीएसए आशीष पाण्डेय, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के.एम. सिंह सहित कई जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नामनेर बाजार के दुकानदारों ने जिलाध्यक्ष के समक्ष ली 'फेम व्यापार मंडल' की सदस्यता

**आगरा।** विगत दिवस सोमवार को नामनेर बाजार के दुकानदारों ने बड़ी संख्या में नामनेर बाजार कमेटी के अध्यक्ष बंटी बघेल के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल की सदस्यता फेडरेशन के जिलाध्यक्ष, प्रमुख उद्यमी एवं समाजसेवी राजेश खुराना के समक्ष फेडरेशन के कार्यकारणी सदस्य दीप बघेल एवं मंत्री प्रेम शर्मा की मौजूदगी में ली। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश खुराना ने नामनेर बाजार के दुकानदारों को सदस्यता ग्रहण कराई और उनको प्रमाण पत्र दिए। उन्होंने कहा कि फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार मंडल व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा नीतिगत संघर्ष करता है और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाता है। यह संगठन कर प्रणालियों (जैसे जीएसटी), सरकारी नीतियों, और कानूनी मामलों में व्यापारियों को सहायता प्रदान कर उनके अधिकारों के लिए निरंतर सक्रिय रहता है। जिलाध्यक्ष राजेश खुराना, कार्यकारिणी सदस्य दीप बघेल एवं मंत्री प्रेम शर्मा ने सभी दुकानदारों को सदस्यता लेने पर बधाई दी और कहा कि उनके आने से संगठन और अधिक मजबूत होगा, वह सभी व्यापारियों के हित में कार्य करेंगे। राजेश खुराना ने बताया कि फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल की सदस्यता लेने वाले व्यापारियों में प्रमुख रूप से बंटी बघेल, अरुण अग्रवाल, राकेश चौधरी, अनुराग अग्रवाल, विमल प्रजापति, दिनेश अग्रवाल, दिव्यांशु मित्तल, सौरभ अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रोहित मित्तल, संजय अग्रवाल, रोहित चंदेल, दानिश खान, पंडित आनंद स्वरूप, रमेश प्रजापति, गौरव अग्रवाल, हेमसिंह बघेल, हरीश कपूर, संजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, भगवान दास भल्ला, वरुण सिंघल, नितिन बंसल, विपुल बघेल आदि उपस्थित रहे।

## संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 में दूसरे दिन हुए कड़े मुकाबले

**मथुरा।** संस्कृति विवि के तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फिएस्टा 2026 के दूसरे दिन विवि के इनडोर और आउटडोर खेल मैदानों पर खिलाड़ियों की जीत के लिए जोर अजमाइश जारी रही। सभी मैदानों पर दर्शक दीघाएं विद्यार्थियों की भीड़ और उनके शोर से गूंज रहीं थीं। अपने हाउस के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए समर्थक जोर-जोर से आवाज लगाकर जोश भर रहे थे। आज कबड्डी, शतरंज, लॉग जंप, वालीबाल, बास्केट बाल के मैच हुए जिनमें सैंकड़ों खिलाड़ियों ने अपनी तैयारियों का दमखम दिखाया।

मुख्य मैदान पर कबड्डी (पुरुष) के अंतिम चरण के मैंचों में नीलगिरी हाउस की टीम अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर फाइनल में पहुंची, वहीं विंध्यांचल की टीम भी अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को हराकर फाइनल में पहुंची। वहीं कबड्डी (महिला) में अरावली हाउस और शिवालिक हाउस की टीमें फाइनल राउंड में भिड़ेंगीं। शतरंज के मैंचों में विंध्यांचल की खिलाड़ी लारा ने शिवालिक हाउस की हिमाक्षी को हराकर फाइनल मैच में जीत हासिल की। वालीबाल (पुरुष) के रोमांचक मुकाबलों में अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर शिवालिक हाउस और नीलगिरी हाउस की टीमें फाइनल राउंड में पहुंचीं। वालीबाल (महिला) में नीलगिरी हाउस और अरावली हाउस की टीमें अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर फाइनल राउंड में पहुंची। महिलाओं की लंबी कूद (लॉग जंप) में विध्यांचल हाउस की अदिति ने सबको पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया।

बैडमिंटन (पुरुष डबल) के मैचों में नीलगिरी हाउस के अश्विन और लकी ने अरावली की टीम को हराकर फाइनल जीता। अरावली की टीम रनर रही और शिवालिक हाउस के प्रतीक और योगेंद्र ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं पुरुष (सिंगल) बैडमिटन में नीलगिरी हाउस के लकी ने अरावली हाउस के अनिकेत को हराकर फाइनल जीता। तीसरा मैच शिवालिक हाउस के योगेश जीता। बैडमिंटन (महिला सिंगल) मैच में शिवालिक हाउस की प्रनवी ने विंध्यांचल हाउस की ज्योतिषा को हराकर फाइनल जीता। तीसरे स्थान पर अरावली हाउस की श्रेया रहीं। बैडमिंटन डबल्स (महिला) में विध्यांचल हाउस की ज्योतिषा और नेहा ने शिवालिक हाउस की शिवानी और प्रनवी को हराकर फाइनल जीत हासिल की। तीसरे स्थान पर नीलगिरी हाउस की भूमि और रश्मि रहीं। संस्कृति स्पोर्ट्स क्लब की सचिव जाह्नवी मिश्रा ने बताया सभी मैचों में कड़े मुकाबले हुए।

## चौमुहां सीएचसी में रिश्वतखोरी में कर्मचारी रंगे हाथों गिरफ्तार, विभाग में मचा हड़कंप

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जनपद के चौमुहां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में उस समय हड़कंप मच गया, जब एंटी करप्शन टीम ने एक कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि बीसीपीएम पद पर तैनात कर्मचारी को टीम ने 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

सूत्रों के अनुसार, एंटी करप्शन टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अधिकारी पूरे मामले की जानकारी जुटाने में लग गए। विभागीय अधिकारियों ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चैमुहां सीएचसी से एक कर्मचारी को टीम द्वारा पकड़ा गया है, हालांकि उन्होंने विस्तृत जानकारी देने से फिलहाल परहेज किया। जानकारी के मुताबिक, आरोपी कर्मचारी का नाम अमित बताया जा रहा है, जो बीसीपीएम पद पर कार्यरत था। कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी को अपने साथ ले गई, लेकिन उसे कहां ले जाया गया है, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. संदीप चैधरी ने बताया कि विजिलेंस टीम सीएचसी पहुंची थी और उन्होंने बीसीपीएम अमित को गिरफ्तार किया। उन्होंने यह भी बताया कि उस समय वह स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद नहीं थे, बल्कि नरी-सेमरी मेले में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने गए हुए थे। फिलहाल मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग में चचाओं का दौर जारी है और आगे की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

## ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने रुकवाई कथा

**फिरोजाबाद।** थाना क्षेत्र शिकोहाबाद के गांव मोहम्मदपुर बैरई में बिना इजाजत हो रही बौद्ध कथा को शिकायत के आधार पर पुलिस ने बंद करा दिया। जिसके विरोध में ग्रामीण एसडीएम के पास परमिशन लेने पहुंचे लेकिन नवरात्र के दौरान उन्होंने इजाजत देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद ग्रामीण वापस लौट गए। गांव मोहम्मदपुर बैरई में मां दुर्गा मंदिर के निकट ग्रामीणों के द्वारा बिना प्रशासन की इजाजत के बौद्ध कथा का आयोजन कराया जा रहा था। माता के मंदिर के पास बिना इजाजत कथा को लेकर हिंदू अनुयायियों ने विरोध जताते हुए पुलिस से शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गांव जाकर आयोजकों से प्रशासन की अनुमति के पत्र मांगे लेकिन आयोजक अनुमति पत्र नहीं दिखा सके। जिसके आधार पर पुलिस ने कथा को रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गुरुवार से नवरात्र का पर्व शुरू हो रहा है ऐसे में माता के मंदिर के पास बौद्ध कथा से विवाद की स्थित बन सकती है।

## जिला संयुक्त अस्पताल को मिला भारत सरकार से जिले का पहला गुणवत्ता प्रमाण पत्र

**फिरोजाबाद।** राज नारायण माहेश्वरी जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद को भारत सरकार का गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। जिले का एक मात्र पहला सर्टिफाइड गुणवत्ता प्रमाण प्राप्त हुआ। 8 जनवरी से 10 जनवरी तक भारत सरकार के नामित अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार नेशनल असेसर जयपुर राजस्थान, क्वालिटी एक्सपर्ट डॉ गरिमा पंत देहरादून नेशनल एसेसर क्वालिटी एक्सपर्ट एवं विमला रानी सोनीपत हरियाणा नेशनल एसेसर क्वालिटी एक्सपर्ट द्वारा चिकित्सालय का एन क्यू ए एस क्वालिटी सर्टिफिकेशन हेतु तीन दिवस निरीक्षण किया था जिसमे 3 दिन तक पूरे चिकित्सालय का भ्रमण किया था। हर एक एक अनुभाग मे जाकर चिकित्सालय मे रोगियों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं उनके रिकॉर्ड को कैसे व्यवस्थित रखा जाता है। मानक अनुसार चिकित्सालय की गुणवत्ता को परखा गया। सभी संबंधित विभागों के अभिलेखों को जांचा, परखा था। उनके सुझाव दिए।चिकित्सालय की साफ सफाई एवं उपचार गुणवत्ता अच्छा लगा था। टीम द्वारा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश चन्द केशव और अस्पताल प्रबन्धक डॉ शाने आलम की टीम को प्रोत्साहन दिया था। टीम के निरीक्षण के बाद बुधवार को परिणाम घोषित किया गया। शिकोहाबाद अस्पताल को 88.2 अंक प्राप्त हुए। एन क्यू ए एस का नेशनल गुदवाता प्रमाण प्राप्त हुआ। जिले का पहला एकमात्र अस्पताल है जो लक्ष्य एवं एन क्यू ए इस का फुल्ली सर्टिफाइड प्रमाण प्राप्त हुआ। केंद्र सरकार के सर्टिफिकेट मिलने के बाद मरीजों, अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए केंद्र से 3 वर्षों तक एक निर्धारित राशि मिलगी। जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। केंद्र की टीम ने सर्टिफिकेट मिलना चिकित्सालय के लिए गर्व की बात है। इस दौरान अस्पताल प्रशासन के रेहान हुसैन, डॉ संजय कुमार सिंह डॉ शिव कुमार कर्दम डॉ अंशुल,डॉ शाहनवाज डॉ मोहित सिंघल स्टाफ नर्स नीलम दीप्ति कृष्णम कल्पना दीपना मार्लिन थामस संगीता यादव अखिलेश कुमारी सुधा लक्ष्मी मोहिनी सुनीता,नीरज, फार्मासिस्ट रविन्द्र द्विवेदी बृजेश कीर्ति गुप्ता अम्बरीष कटियार, हेल्प डेस्क ऑपरेटर उमेश पति राव स्वप्निल तिवारी अदनान, फिरोज प्रमोद आशीष ने हर्ष व्यक्त किया है।

## 'पंडित' शब्द के प्रयोग पर समाज में आक्रोश, मार्च निकाल कर चाणक्य सेना के बैनर तले सौंपा ज्ञापन

**आगरा।** मंगलवार को चाणक्य सेना के बैनर तले ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा के हिंदी सामान्य के प्रश्नपत्र में पंडित शब्द का उपयोग अवसरवादी के विकल्प के रूप में दशार्या गया है, जिस ब्राह्मण समाज में आक्रोश व्यक्त करते हुए शाहगंज से पैदल मार्च निकाला व जमकर विरोध प्रदर्शन किया और जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी आगरा को प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक को संबोधित एक ज्ञापन दिया गया। इस दौरान खासी संख्या में विभिन्न संगठनों के विप्रबंधु मौजूद रहे। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के नेताओं का कहना था कि लगातार ब्राह्मण समाज को अपमानित किया जा रहा है। अभी हाल ही में हुई पुलिस उप निरीक्षक परीक्षा में प्रश्न के रूप में अवसरवादी विकल्प में समाज को अपमानित करने का काम किया गया है, इससे पूर्व घूसखोर पंडित फिल्म आदि सभी बातों से समाज में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना था कि इस तरह की घटनायें जातिवाद को बढ़ावा देती हैं और समरसता में बाधा उत्पन्न करती हैं, इसलिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज कराया जाए। यदि कारवाई में विलंब होता है तो सभी ब्राह्मण संगठन सड़क पर उतरेंगे और आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्वश्री कैलाश नारायण मिश्र ब्राह्मण परिषद, राहुल चतुर्वेदी चाणक्य सेना, सत्येन्द्र लवानियां परशुराम दल, यतीश लवानियां, श्याम सुन्दर शास्त्री परशुराम दल, नरेंद्र उपाध्याय, डॉ. राजेश शर्मा, पं. पवन शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, देवेन्द्र उपाध्याय, प्रवेन्द्र पंडित, भुवनेश चन्द्र मिश्र, अमित वशिष्ठ, विनायक शर्मा, रवीश कटारा, हरिशंकर शुक्ला, कुलदीप शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, अभय दीक्षित, जितेंद्र शर्मा एवं अन्य ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे।

# 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने पर कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

- विधायक, सांसद प्रतिनिधि ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में 09 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश एवं माननीय सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों व प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा बारी-बारी से उनके उत्पादों/ योजनाओं / उपलब्धियों आदि की जानकारी ली। कार्यक्रम में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के विगत 09 वर्षों के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण किया गया।

विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने कहा कि उप्र देश के विकास को नई दिशा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। सीडीओ पूजा गुप्ता ने कहा प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आज सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 09 वर्षो के दौरान जनपद की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन कर उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक बल्देव सांसद प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत 56 लाभार्थियों को ऋण के स्वीकृत पत्र वितरण किये। उन्होंने 10 आगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुविधाओं एवं विकास हेतु संसाधन किटों का वितरण भी किया, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रिया यादव, राजकुमारी, सीमा सैनी, मोहिनी चतुर्वेदी, गीता यादव, सुनीता, वीरवती, सविता, प्रिया एवं विनो को आगनबाड़ी संसाधन किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह, जिला दिव्यांजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# चीनी निवेश को अनुमति

गलवान में चीन से धोखा मिलने और भारतीय जवानों की शहादत के बाद भारत सरकार ने एफडीआई नीति में बदलाव किया था जिसके बाद चीन का भारत निवेश कठिन हो गया था। गलवान झड़प को छह साल होने वाले हैं, अब सरकार ने एफडीआई नीति में जो संशोधन किया है, उससे एक बार फिर से चीनी कंपनियों को भारत में निवेश की बाधाएं समाप्त हो गयी हैं। इससे चीन का निवेश भारत में आयेगा। लेकिन इससे भविष्य में क्या चुनौतियां उत्पन्न होंगी और कहीं यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर तो नहीं करेगा, यह सब देखने-समझने और सतर्क रहने वाली बात है। 2020 के प्रेस नोट-3 के तहत चीन सहित पड़ोसी देशों से निवेश के लिए सरकारी मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी। वर्ष 2020 के प्रेस नोट-3 में बनाए गये नियमों के तहत चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की विदेशी कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए अभी तक पहले सरकारी मंजूरी लेनी पड़ती थी। इसमें यह भी प्रावधान था कि चाहे निवेश किसी भी अन्य देश के माध्यम से आया हो, लेकिन यदि इसका लाभकारी

स्वामित्व इन पड़ोसी देशों में स्थित हो, तो भी पूर्व सरकारी मंजूरी का यह प्रावधान लागू होता है। प्रेस नोट-3 से पहले भारत में अधिकांश क्षेत्रों से विदेशी निवेश स्वचालित मार्ग से आता था। गौरतलब है प्रेस नोट-3 का मुख्य उद्देश्य चीन से आने वाले निवेश के रास्ते में रुकावट लगाना था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में खटास आ गई। उस दौर में सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए न केवल चीन से पूंजी निवेश पर रुकावटें खड़ी की, बल्कि टिकटॉक समेत 200 से अधिक मोबाइल एप्लीकेशन पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि गलवान झड़प के बाद पिछले 5 सालों से अधिक समय से चीन ने सीमा विवाद खड़े करने समेत ऐसी कोई बड़ी आपत्तिजनक हरकत नहीं की है, लेकिन पूरी दुनिया में इस बात को लेकर मतैक्य है कि चीन द्वारा विभिन्न माध्यमों से जासूसी करने और कंप्यूटर प्रणाली को हैक करने की सदैव प्रवृत्ति रही है, और इसमें कोई सुधार अभी तक नहीं हुआ है और न ही सुधार की कोई आशा है। पिछले 5 सालों से अधिक समय से चीन के निवेश पर जो बंदिशें लगी हुई थी, अचानक उन्हें हटाने पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि ऐसा क्यों किया गया? छानबीन करने पर पता चलता है कि इस संबंध में नीति आयोग की सिफारिशें चीनी निवेश पर रोक हटाने का सबसे बड़ा कारण बनी। देखा जाये तो इन बंदिशों के कारण अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 के बीच चीन से एफडीआई भारत में आने वाली कुल एफडीआई का मात्र 0.32 प्रतिशत यानी 2.51 अरब डालर रहा। लेकिन जहां चीन से आने वाली एफडीआई कम होती गई, इस दौरान चीन से बढ़ते आयातों के चलते चीन के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2024-25 में 99.2 अरब डालर तक पहुंच गया। प्रेस नोट-3 के लागू होने के पहले भारत के स्टार्टअप में चीनी निवेशक बड़ी मात्रा में निवेश कर रहे थे। लेकिन 2020 के बाद सरकारी मंजूरी की बाध्यता के कारण चीनी निवेश धीमा हो गया। यही नहीं इस दौरान चीन की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को न केवल नए ठेकों से बाहर किया गया, बल्कि जिन ठेकों के बारे में निर्णय लंबित था, उनसे भी चीन को बाहर कर दिया गया। क्या है नीति आयोग की सिफारिशें: सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने दो विकल्प सरकार के सामने रखे। पहला कि प्रेस नोट-3 को निरस्त कर दिया जाए और चीन से निवेश पूर्व की भांति बहाल किया जाए। नीति आयोग ने दूसरा विकल्प यह दिया कि चूंकि 2020 के बाद चीनी निवेश पर बंदिशें लगाने के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रभावित हुआ है, इसलिए किसी भी भारतीय कंपनी में 24 प्रतिशत तक हिस्सेदारी वाले निवेश पर बिना किसी अनुमति के निवेश खोल दिया जाना चाहिए। निवेश को खोलना ठीक है लेकिन चीन से हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि चीन साजिशें करता रहता है।

---

### विचार

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

जब तक 'मत-छुओवाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

# मातृत्व पर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

लोकमित्र गौतम

> अगर सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले को डिकोड करें तो पता चलता है कि यह सिर्फ गोद लिए गये किसी भी उम्र के बच्चे के लिए समान मातृत्व अवकाश की बात भर नहीं है बल्कि इससे आगे मां की परिभाषा को जैविक से आगे ले जाकर सामाजिक और भावनात्मक बनाने की प्रक्रिया भी है।

बीते 17 मार्च 2026 को देश की सर्वोच्च अदालत ने गोद लिए बच्चे के लिए 12 हफ्ते की छुट्टी का फैसला सुनाकर हाल में सुनाये गये अपने ऐतिहासिक फैसलों की फेहरिस्त में एक और फैसला जोड़ा। भारत में अब तक मातृत्व की परिभाषा में सिर्फ जन्म देने वाली मां को ही देखा जाता था। लेकिन बदलते सामाजिक ढांचे और पारिवारिक संरचनाओं के बीच न्यायपालिका ने गोद लिए बच्चे के लिए भी 12 सप्ताह के मातृत्व अवकाश का निर्णय सुनाकर, मातृत्व की परिभाषा में व्यापक और ऐतिहासिक विस्तार किया है। इस फैसले के बाद सामाजिक ढांचे और पारिवारिक संरचनाओं के बीच मां का अस्तित्व सिर्फ जन्म देने वाली मां तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उस मां को भी वही महत्व दिया जायेगा, जिसने किसी और के जन्म दिए गए बच्चे को अपने बच्चे के रूप में पालती है। कहने का मतलब गोद लिए बच्चे को भी अब महिला के वास्तविक बच्चे जैसा ही माना जायेगा। अभी तक तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही मातृत्व अवकाश की व्यवस्था थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने गुजरे मंगलवार यानी 17 मार्च 2026 को इस नियम को अमान्य करते हुए कहा, 'अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते की मैटरनिटी लीव यानी मातृत्व अवकाश मिलेगा।' सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने सोशल सिक्युरिटी कोड-2020 से जुड़े मामले की सुनवायी करते हुए धारा 60 (4) को असंवैधानिक करार दिया, जिसमें तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को ही गोद लिए जाने पर मातृत्व अवकाश की व्यवस्था थी।

गौरतलब है कि 21 नवंबर 2025 को केंद्र सरकार ने जो सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 लागू की थी, इसमें उसी पुराने नियम को बरकरार रखा गया था, जो तीन महीने से कम उम्र के बच्चे पर ही मातृत्व अवकाश को मान्यता देता है। इस व्यवस्था को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'गोद लेने वाली मां के लिए तीन महीने की उम्र की शर्त न सिर्फ गलत और भेदभावपूर्ण है बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लघन है।' साल 2017 में हमसानंदनी नंदूरी ने

दो बच्चों को गोद लिया था। साढ़े चार साल की एक लड़की और दो साल के एक लड़के को। लेकिन जब बच्चों को गोद लेने के बाद उसने अपने दफ्तर से मैटरनिटी लीव यानी मातृत्व अवकाश की मांग की, तो उसे सिर्फ छह-छह हफ्ते की छुट्टी दी गई, क्योंकि गोद लिए गये ये बच्चे तीन महीने से बड़े थे। नंदूरी ने इस व्यवस्था के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने कहा कि तीन महीने की उम्र की शर्त न केवल भेदभावपूर्ण बल्कि संवैधानिक रूप से भी गलत है। क्योंकि इससे समानता के अधिकार का हनन होता है। 29 जनवरी 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया और 17 मार्च 2026 को तीन महीने की आयु सीमा वाले प्रावधान को असंवैधानिक करार दिया।

## मातृत्व की परिभाषा

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली मां को मातृत्व अवकाश दिया जायेगा। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए मातृत्व अवकाश के साथ-साथ पितृत्व अवकाश को भी महत्वपूर्ण और जरूरी बताया। मालूम हो कि भारत में अभी तक पितृत्व अवकाश को कानूनी मान्यता नहीं हासिल, जबकि महिलाओं को मैटरनिटी लीव मिलती है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पितृत्व अवकाश को भी सामाजिक सुरक्षा के दायरे लाया जाना चाहिए और इसके लिए केंद्र सरकार कानून बनाए। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक इस कानून में छुट्टी की अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरत के अनुसार तय होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पितृत्व अवकाश को भी अपने फैसले में इसलिए शामिल किया, क्योंकि उसका मानना है कि बच्चे के शुरूआती विकास में मां और पिता दोनो की ही प्रमुख भूमिका होती हैं। निःसंदेह यह फैसला कई वजहों से ऐतिहासिक है। सबसे पहले तो यह फैसला अब तक बच्चा जन्म देने वाली मां और बच्चा गोद लेने वाली मां के बीच जो भेदभाव मौजूद था, उसे यह फैसला खत्म करता है। उसके बाद नये जमाने की जरूरतों के हिसाब से परवरिश को देखने की कोशिश करता है। क्योंकि अब वह जमाना नहीं रहा, जब बच्चे को केवल मां ही पालती है। आजकल बच्चे के लालन-पालन में मां और बाप दोनो की बराबर की भूमिकाएं होती हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर भारत सरकार से आग्रह किया है कि वह पितृत्व अवकाश की भी व्यवस्था करे। हालांकि पितृत्व अवकाश कितने दिनों का हो, यह बात सुप्रीम कोर्ट ने नहीं तय की और कहा है कि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के हिसाब से इसे तय किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट का यह ऐतिहासिक फैसला ऐसे समय पर आया है, जब एक ओर भारत में मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के तहत जैविक माताओं को 26 सप्ताह की छुट्टी मिलती है, वहीं गोद लेने वाली माताओं के लिए यह अवकाश की व्यवस्था न सिर्फ सीमित बल्कि काफी हद तक अस्पष्ट थी। इस निर्णय के बाद अब जैविक और गोद लेने वाली माताओं के बीच का फासला खत्म हो गया है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि मातृत्व केवल जैविक भाव नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। ऐसे में शुरूआती समय में बच्चे के साथ माता-पिता विशेषकर मां की उपस्थिति बेहद महत्वपूर्ण है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इसे बॉन्डिंग पीरियड माना है और इसकी अहमियत को रेखांकित करते हुए फैसला दिया है कि गोद लिया गया बच्चा चाहे छोटा हो या बड़ा, उसकी भावनात्मक और विकासकात्मक जरूरतें एक जैसी होती हैं। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट की यह मान्यता एक नया सामाजिक संकेत दे रही है। क्योंकि भारत में परिवार की अवधारणा तेजी से बदल रही है। न केवल सिंगल पैरेंट्स, लेट मैरिज बल्कि बच्चे को गोद लेने की प्रवृत्ति भी बढ़ी है। ऐसे में यह निर्णय इन सभी सामाजिक रूपों को वैधता प्रदान करने के साथ-साथ सम्मान भी प्रदान करता है। साथ ही उन हजारों दंपत्तियों और एकल व्यक्तियों को भी बच्चे को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित करता है, जो किसी कारणवश जैविक रूप से मां या पिता नहीं बन सकते। मगर बच्चों को अपनाने की इच्छा रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में एक अप्रत्यक्ष रूप से यह इशारा भी छिपा है कि देश में बढ़ती जनसंख्या को काबू करने के लिए बच्चा पैदा करने की बजाय गोद लेने को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भले इस लक्ष्य को स्पष्ट शब्दों में व्यक्त न किया गया हो, लेकिन 'एकल पैरेंटिंग राइट्स' के इस कदम से जैविक बच्चे की ही तरह गोद लेने वाले बच्चे के प्रति भावना मजबूत होगी।

कुल मिलाकर अगर सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले को डिकोड करें तो पता चलता है कि यह सिर्फ गोद लिए गये किसी भी उम्र के बच्चे के लिए समान मातृत्व अवकाश की बात भर नहीं है बल्कि इससे आगे मां की परिभाषा को जैविक से आगे ले जाकर सामाजिक और भावनात्मक बनाने की प्रक्रिया भी है। पहली बार सुप्रीम कोर्ट जैसी किसी न्यायिक संस्था ने बच्चे के शुरूआती समय को, भावनात्मक जुड़ाव को, परवरिश के लिए न केवल महत्वपूर्ण माना है बल्कि उसे कानूनी आधार भी दिया है। इससे कार्यस्थलों को अधिक समावेशी बनाया जा सकेगा और भविष्य में जेंडर-न्यूट्रल पैरेंटिंग की नींव मजबूत होगी।

---

### सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने बाराबंकी से बहराइच तक 101 किमी लंबाई के 4 लेन रा. राजमार्ग-927 के निर्माण को 69 69 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। केशवप्र. मौर्य.

फिर हुआ एक समाज विशेष का अपमान, यह करता है कि ये सब जान बूझकर सत्ता के इशारे पर हो रहा है, असली सवाल है प्रश्न पत्र बनाने वालों में भी सजातीय को डाला है। अखिलेश यादव.

मुझे बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अगले महीने से पुजारियों, मुअज्जिनों का महीने का मानदेय 500 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया गया है। ममता बनर्जी.

---

# प्राणायाम का महत्व

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रोरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

अंतर्दृष्टि

# मुंह आया बताशा...

व्यंग्यलोक

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं-पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। पुस्तक ऐतिहासिक हो-साहित्य का पुरस्कार आराम से मिल जायेगा। आजकल तो एक और नया चलन चला है कि पुरस्कार पाठ्य पुस्तकों पर भी दिया जाने लगा है। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ। अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है? अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है।

पूरन सरमा

# नव संवत्सर मानवता और प्रकृति के उत्कर्ष का प्रारंभ

पर्व/त्योहार

प्रो.आर.एन. त्रिपाठी

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से भारतीय नव संवत्सर का प्रारम्भ होता है। जब नवोढ़ा प्रकृति वसंत-ऋतु के स्वर में जाग उठती है। रसराज अपने पूरे उफान होता है। पुराण-मान्यता के अनुसार इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि-रचना प्रारंभ की, इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को न केवल वर्ष का प्रथम दिन, बल्कि जगत के जन्म का भी प्रतीक माना जाता है। यह समय एक रैखिक गणना नहीं, बल्कि एक निरंतर जन्म-मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र के रूप में दिखता है, जिसकी हर मोड़ पर नव-सृष्टि का अवसर छिपा होता है।

विक्रम संवत से ईसा पूर्व 57 में उज्जयिनी के महाराजा विक्रमादित्य ने शक आक्रांताओं पर विजय प्राप्त कर एक नव-युग की स्थापना की। राजा ने इस विजय के उपलक्ष्य में नया संवत चलाया, जिसका नाम विक्रम-संवत पड़ा। इस प्रकार नव संवत्सर केवल आध्यात्मिक अथवा खगोलीय तिथि बल्कि राष्ट्रीय गौरव, न्याय और धर्मयुक्त शासन की विजय का भी प्रतीक है। यह दिन देवी-देवताओं के साथ जीवनादर्शों और कर्म की विविधताओं का संगम है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को घरों में मंगल कलश स्थापित किया जाता है, जिसमें जल, अक्षत, नारियल रखकर आर्द्र घास या जौ उगाई जाती है। यह कलश न केवल लक्ष्मी-समृद्धि का प्रतीक है, बल्कि सृष्टि की अनुकूल गति को जागृत करने का एक आध्यात्मिक प्रतीक है, जिसके माध्यम से व्यक्ति नववर्ष को शुभ ऊर्जा से और नवाचार, नई फसलों से, नए कोपलों नए वितानों से जोड़ता है। कहा यह भी जाता है कि इसी प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था, जो धर्म-आधारित राजनीति का आदर्श बन गया। इसी प्रकार धर्मराज युधिष्ठिर को भी विक्रम-सदृश न्यायप्रिय राजा के रूप में याद किया जाता है, जिससे नव संवत्सर को राज्य और नैतिकता का मेल भी मिलता है। मूलतः पिछले वर्ष के प्रायश्चित कर अधम कृत्यों से मुक्ति पाकर इस नव संवत्सर, केवल जन्म-मृत्यु के चक्र से आगे बढ़कर नैतिक पुनर्जागरण और सामाजिक पुनर्संस्थापना का प्रतीक होता है। वैज्ञानिक और खगोलीय आधार भारतीय नव संवत्सर का चयन याद्दच्छिक नहीं है, बल्कि प्राचीन वैदिक -ज्योतिषीय परम्परा के भीतर एक गहन वैज्ञानिक चिंतन पर आधारित है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा लगभग वसंत-विषुव के निकट पड़ती है, जब दिन और रात लगभग बराबर होते हैं और उत्तरी गोलार्द्ध में वसंत आरम्भ होता है। इस काल में सूर्य नए राशि-चक्र की ओर बढ़ते हुए ऊर्जा का संक्रमण और प्रकृति में नव-जीवन का संकेत देता है, जो नव संवत्सर के 'नव-आरंभ' के दर्शन को वैज्ञानिक रूप से सार्थक बनाता है।

इस दिन सूर्य संक्रांति के समीप होता है, जबकि चन्द्रमा शुक्ल पक्ष के प्रारंभ में होता है, अर्थात चन्द्रमा नवीन उज्ज्वलता की ओर बढ़ रहा होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह समय उच्च ऊर्जा का क्षण माना जाता है, जब दोनों महाप्राणी सूर्य और चन्द्र सक्रिय चक्र के आरंभ में होते हैं। इस प्रकार नव संवत्सर प्रकृति के सनातन नियमों के साथ मानवीय संकल्प को जोड़ने का एक वैज्ञानिक और रहस्यमय अवसर है, जिसमें अध्यात्म और खगोलीय गणना साथ-साथ चलती हैं। यह संवत्सर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर-मध्य भारत में विक्रमी नव संवत, दक्षिण में उगादि, असम में बैहागु, बंगाल में पोहेला बैशाख, फिजी और नेपाल में भी विभिन्न स्वरूपों में मनाया जाता है। इन सभी नामों के पीछे एक ही मूल दार्शनिक तंत्र छिपा है -ऋतु-चक्र के साथ मानवीय गतिविधियों का समन्वय, खेती काल, व्यापार, विवाह और धार्मिक आयोजनों का नवीन आरंभ। इस प्रकार नव संवत्सर सांस्कृतिक धरोहर का एक व्यावहारिक सामाजिक उत्सव है जो किसान, व्यापारी, विद्वान और राज्य सभी को एक सामूहिक समय बोध से जोड़ता है। हर नव संवत्सर पर लोग नए संकल्प लेते हैं—ऋण-मुक्ति, अहिंसा, सत्य वचन, दान और सेवा की ओर झुकने के निर्णय करते हैं। राजा विक्रमादित्य ने भी प्रजा के ऋण माफ करके एक नया साल शुरू किया था। इस परंपरा के माध्यम से नव संवत्सर न केवल कैलेंडर का नया वर्ष बनता है, बल्कि वह नैतिक और सामाजिक नव संस्थापना का भी दिवस है। आधुनिक वैश्विक समाज में नया वर्ष एक जनवरी, वित्तीय वर्ष एक अप्रैल से माना जाता है, परन्तु प्रकृति के समस्त प्राकृतिक संयोजनों का सुखद और नवाचारों के प्रारम्भ का वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से शुरू होता है और सही मायने में यही असली नववर्ष है।

**(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर**

---

## आप की बात

### समावेशी विकास नीति

समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों को राहत देना जरूरी है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है। इसे गरीबों को बड़ी राहत मिलती है और सरकार को भी अनाज प्रबंधन में आसानी हो जाती है।

**प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### आतंकियों संरक्षक है पाकिस्तान

परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्तााान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है। पाकिस्तान जहां आतंकवादियों का अड्डा बन गया है वहीं भारत कुशल मैन पावर का हब बन रहा है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## पति-पत्नी के विवाद में पत्नी की मौत

मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुआ मुगलन गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद हुई मारपीट में एक महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धमथुआ मुगलन गांव निवासी 30 वर्षीय गायत्री पत्नी अरविंद कुमार के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी।

यह कहासुनी जल्द ही मारपीट में बदल गई, जिसमें अरविंद कुमार ने कथित तौर पर अपनी पत्नी गायत्री को मार दिया, जिससे वह अचेत हो गईं। गायत्री की गंभीर हालत देखकर परिजन उन्हें इलाज के लिए पहले कुमारगंज के एक निजी अस्पताल ले गए।

वहां चिकित्सकों ने उन्हें किसी अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद अरविंद कुमार और अन्य परिजन मंगलवार रात करीब 2:30 बजे गायत्री को सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के चिकित्सक के मुताबिक, जब महिला को अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और मृतका के मायके वालों को सूचना दी। मायके वालों के आने के बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका गायत्री के तीन बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी अर्ज 7 वर्ष, मीठी 5 वर्ष और ढाई वर्ष का बेटा शिवांश शामिल हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन आज, प्रशासन अलर्ट

जिला संवाददाता

- श्रीराम यंत्र स्थापना को लेकर नगर निगम ने की व्यापक तैयारियां
- श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर, घाटों व प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता और सौंदर्यीकरण अभियान
- प्रस्तावित मार्गों, अंडरपासों और चौराहों पर हाईटेक सफाई, एंटी स्मॉग गन व जल छिड़काव की व्यवस्था

**अयोध्या**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अयोध्या आगमन को लेकर योगी सरकार ने जोरदार तैयारियां की हैं। 19 मार्च को हिंदू नववर्ष (वर्ष प्रतिपदा) और चैत्र नवरात्रि के पहले दिन वह रामनगरी पहुंचेंगी। यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। साथ ही वैदिक अनुष्ठानों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगी। यह दौरा राम मंदिर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा, क्योंकि राम यंत्र की स्थापना मंदिर के द्वितीय तल पर होगी, जो आध्यात्मिक और वास्तुशास्त्रीय दृष्टि से अत्यंत पवित्र मानी जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तिगत निर्देशन में अयोध्या को स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भव्य बनाने का व्यापक अभियान चल रहा है। नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य विभाग मिलकर दिन-रात काम कर रहे हैं ताकि राष्ट्रपति के आगमन के साथ ही श्रद्धालुओं को भी कोई असुविधा न हो। अयोध्या को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प अब और मजबूत हो गया है, क्योंकि यह दौरा केवल एक आधिकारिक यात्रा नहीं, बल्कि हिंदू नववर्ष के उत्सव और राम मंदिर की पूर्णता का प्रतीक बन रहा है। अयोध्या नगर निगम ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित मार्गों, राम जन्मभूमि मंदिर परिसर, सरयू घाटों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान छेड़ा है। पूरे नगर निगम क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चल रहा है, जिसमें स्वीपिंग मशीनों से सड़कों की नियमित सफाई शामिल है। सरयू तट पर जेटिंग मशीनों से घाटों की गहन धुलाई की जा रही है, ताकि स्नान घाट पूरी तरह स्वच्छ और आकर्षक दिखें। प्रमुख चैराहों और अंडरपासों जैसे एयरपोर्ट अंडरपास, महोवरा अंडरपास, साकेत पेट्रोल पंप अंडरपास, अयोध्या धाम मेला क्षेत्र आदि पर हाईटेक सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धूल नियंत्रण के लिए एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे हवा स्वच्छ रहे और यात्रा आरामदायक हो। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 81 वाटर कूलर लगाए गए हैं, जिनमें अयोध्या धाम क्षेत्र में 47 और फैजाबाद क्षेत्र में 31 शामिल हैं। इसके अलावा 25 वाटर कियोस्क स्थापित किए गए हैं। अयोध्या धाम में 18 और फैजाबाद में 7। ये सभी 24ॐ7 निःशुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थलों और भंडारा स्थलों पर वाटर टैंकर भी तैनात रहेंगे। आवारा पशुओं, खासकर गौवंश, पर सख्त नियंत्रण के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों द्वारा आवारा पशुओं को पकड़कर

गौशालाओं में पहुंचाया जाएगा, ताकि सड़कों पर कोई बाधा न रहे। फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज है, जिससे पैदल यात्रियों को सुगम मार्ग मिले। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, धर्मशालाएं, रेस्टोरेंट, होमस्टे और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सफाई और प्रबंधन योजना लागू है।

नागेश्वर नाथ मंदिर, हनुमानगढ़ी और अन्य प्रमुख मठ-मंदिरों के आसपास उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। भंडारा स्थलों पर नियमित सफाई, डस्टबिन की पर्याप्त व्यवस्था और जनसुविधाओं का विस्तार किया गया है। पॉलीथीन मुक्त अयोध्या बनाने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पब्लिक एड्रेस सिस्टम और वेरिएबल मैसेजिंग सिस्टम के माध्यम से देशभक्ति गीतों के साथ स्वच्छता, अतिक्रमण न करने और पॉलीथीन मुक्त रहने के संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। प्रकाश व्यवस्था को भी मजबूत किया गया है। संत तुलसीदास घाट, सरयू स्नान घाट और विभिन्न अंडरपासों पर विशेष लाइटिंग की गई है, ताकि शाम के समय भी क्षेत्र सुरक्षित और आकर्षक लगे। राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर प्रस्तावित मार्गों और आसपास के क्षेत्रों में लगभग 500 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी राष्ट्रपति के प्रस्थान तक निरंतर सफाई कार्य सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा उनकी ड्यूटी का पर्यवेक्षण किया जा रहा है, ताकि कोई चूक न हो। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि यह दौरा राम मंदिर की भव्यता को नई ऊंचाई देगा। योगी सरकार का प्रयास है कि अयोध्या न केवल राष्ट्रपति के स्वागत में भव्य दिखे, बल्कि हर आने वाले श्रद्धालु को ॒रामनगरी॒ की दिव्यता और स्वच्छता का अनुभव हो। हमारी कोशिश है कि रामनवमी पर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु एक अच्छा अनुभव लेकर जाए। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगम अयोध्या ने व्यापक तैयारियां की हैं। एक सप्ताह के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सरयू तट से लेकर पूरे नगर क्षेत्र में सफाई, फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी वाटर कियास्क, वाटर एटीएम, वॉटर टैंक की सफाई एवं मरम्मत कराकर इस दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के उपयोग लायक बनाया गया है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न चैराहों, पार्कों एवं महापुरुषों की मूर्तियों को सजाने का प्रबंध किया गया है। साढ़े आठ किलोमीटर लंबे आवागमन मार्ग को जगह-जगह फूलों, एवं हरियाली के प्रतीक पेड़-पौधों से सजाया गया है। स्वागत के लिए खड़े होने वाले नौनिहालों की सुविधा के लिए सफाई, पेयजल के विशेष इंतजाम किए गए हैं। देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालु अयोध्या की आध्यात्मिक आभा के साथ ही विकास, सफाई, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य कार्यों के लिए हो रहे नवाचारों से प्रेरणा लें। इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। वही राष्ट्रपति के प्रस्तावित अयोध्या दौरे तथा हिंदू नववर्ष, नवरात्रि और ईद जैसे प्रमुख पर्वों को देखते हुए अयोध्या पुलिस हाई अलर्ट पर है। बुधवार को शहर में व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रमुख बाजारों, चैराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की गहन जांच की गई। वहीं अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों की विशेष स्कैनिंग की गई और यात्रियों के सामान की जांच की गई। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सीओ सिटी यश त्रिपाठी ने बताया कि त्योहारों और वीवीआईपी कार्यक्रमों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस अभियान में स्थानीय पुलिस के साथ एंटी टेरर स्क्वॉड (एटीएस) और सीआरपीएफ के जवान भी तैनात रहे। कोतवाली प्रभारी अश्वनी पांडेय के नेतृत्व में चैक क्षेत्र में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिससे पूरे शहर में सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जा सके।

## फेसबुक पर की गई टिप्पणी के मामले ने पकड़ा तूल, विश्वविद्यालय कर्मी निलंबित

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में तैनात एक विश्वविद्यालय कर्मी द्वारा अपने सगे बहनोई एवं पूर्व में कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति पद पर नियुक्त किए गए डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह का नियुक्ति आदेश प्रदेश के गवर्नर कर दिए जाने के बाद उनके द्वारा अपने बहनोई के समर्थन में फेसबुक पर की गई टिप्पणी का मामला इस कदर तूल पकड़ लिया कि कृषि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके मूल तैनाती कृषि विज्ञान केंद्र से सुदूर नेपाल की सीमा स्थित श्रावस्ती कृषि विज्ञान केंद्र से संबद्ध कर दिया है। यही नहीं कुलपति के नाराजगी की गाज विश्वविद्यालय कर्मी के परिवार पर इस कदर गिरी कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित एनडीडीएवी पब्लिक स्कूल में कार्यरत उनकी शिक्षिका पत्नी का भी स्थानांतरण अंबेडकर जनपद के टांडा स्थित डीएवी कॉलेज में कर दिया गया है। बताते चलें कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में स्थाई कुलपति के तौर पर डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति बीते 11 फरवरी को हुई थी। किंतु निर्धारित समय के अंदर उनके द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यभार ग्रहण न किए जाने के चलते राज्यपाल द्वारा उनका नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया गया। इन सब धमा चैकड़ी के बीच कृषि विश्वविद्यालय के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र पर विषय वस्तु विशेषज्ञ के पद पर तैनात डॉ विनोद कुमार सिंह पप्पू द्वारा अपनी फेसबुक आईडी से भारत के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक का तिरस्कार निंदनीय है, संबंधी एक पोस्ट डाल दिया था, जो कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह को नागवार लगा और उन्होंने उन्हें उनके इस कार्य को कर्मचारी सेवा नियमावली का उल्लंघन मानते हुए निलंबित किए जाने का आदेश दे दिया। यही नहीं सबसे मजे की बात तो यह है कि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति की नाराजगी इस कदर भड़की कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग शिक्षक पद पर कार्यरत डॉ विनोद कुमार सिंह की धर्म पत्नी श्रीमती भक्ति सिंह का भी स्थानांतरण अंबेडकर नगर के टांडा कस्बा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल हेतु कर दिया गया। इस प्रकार से कृषि विश्वविद्यालय में अपने सगे रिश्तेदार बहनोई की उपेक्षा न बर्दाश्त कर पाने के चलते विश्वविद्यालय कर्मी द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई एक पोस्ट कृषि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति को कांटों की तरह चुभ गई है और वह अब भारत के माने जाने कृषि वैज्ञानिक डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह के रिश्तेदारों सहित सगे संबंधियों का उत्पीड़न करने पर तुल गए हैं। फिलहाल विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति द्वारा की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां विश्वविद्यालय सहित समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। दूसरी ओर निलंबित किए गए विश्वविद्यालय कमी डॉ विनोद कुमार सिंहका कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निलंबन आदेश के खिलाफ वह अब उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे जहां से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद दिख रही है।

## रोजा इफ्तार में आपसी भाईचारे व सौहार्द का दिया संदेश

अयोध्या। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शामिल होकर रोजा खोला और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद आमिर तथा महिला महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद आमिर ने कहा कि रमजान का महीना हमें सब्र, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देता है। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है और इस तरह के कार्यक्रम उसी भावना को दर्शाते हैं। महिला महानगर अध्यक्ष नाजिश फातिमा ने कहा कि रोजा इफ्तार जैसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी रोजेदारों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना हमें दूसरों की मदद करने और इंसानियत की सेवा करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष फ्लावर नकवी, जिओ हैदर, बसंत मिश्रा, अशोक कुमार राय, डी एन वर्मा, मोहम्मद बशीर, मिस्बाह उल हक, हुजैफा असलम आदि उपस्थित रहे।

## नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 09 दिवसीय समारोह का हुआ शुभारम्भ

**बहराइच**। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ॒उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्ष॒ के रूप में 09 दिवसीय समारोह का आयोजन कर रही है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में आयोजित होने वाले 18 से 26 मार्च 2026 तक 09 दिवसीय समारोह का शुभारम्भ विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने एमएलसी पदमसेन चैधरी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर मैट्रो एकेडमी की ओर गणेश वन्दना व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।

उत्थान आडिटोरियम में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण किया गया जिसे मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा आमजन द्वारा देखा व सुना गया। समारोह के दौरान मा. जनप्रतिनिधियों व अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान प्रदेष की 09 वर्ष उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित सुशासन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त, निवेश अनुकूल और तेजी से विकसित होने वाला राज्य बन चुका है। हमारी सरकार में बेटियों के सम्मान के लिए बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओं योजनान्तर्गत बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक का पैसा दिया जा रहा है।

प्रदेश में गरीब, निर्धन, असहाय परिवारों की बेटियों के लिए सामुहिक विवाह अन्तर्गत 01 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। महिला सुरक्षा और सम्मान के दृष्टिगत मिशन शक्ति, महिला हेल्पलाइन 181, वीमेन पावर लाइन 1090, एंटी रोमियो स्क्वायड और महिला बीट पुलिसिंग के माध्यम से महिला सुरक्षा को मजबूत किया गया है। 19,839 महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की गई और 9,172 महिला बीटों का गठन किया गया। महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में 98.90 प्रतिशत निस्तारण दर के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है।

सांस्कृतिक पुनर्जागरण और पर्यटन के क्षेत्र में मा. प्रधानमंत्री एवं मा. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों का व्यापक विकास किया गया है। वर्ष 2025 में प्रदेश में 1 अरब 56 करोड़ से अधिक पर्यटक आए, जिससे उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटक आगमन में देश में प्रथम स्थान पर रहा। अयोध्या दीपोत्सव में 26 लाख से अधिक दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण ने प्रदेश को वैश्विक धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाया है।

गरीब कल्याण और खाद्य सुरक्षा अन्तर्गत प्रदेश में 15 करोड़ से अधिक गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर खाद्य औररसद राज्यमंत्री ने गिनायीं उपलब्धियां

- विभिन्न विभागो के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र व किट वितरण कर किया सम्मानित
- जीरो टॉलरेंस नीति के चलते हर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है–सतीश चन्द्र शर्मा

**बाराबंकी**। उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट स्थित डी0आर0डीए सभागार में मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि योगी सरकार ने प्रदेश को दंगा मुक्त बनाकर विकसित यूपी की दिशा में कार्य किया है।

जिससे प्रदेश की छवि में बड़ा सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री की नीतियों के कारण प्रदेश में निवेश बढ़ा है और विकास को नई गति मिली है। जीरो टॉलरेंस नीति के चलते हर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है।

उन्होने पिछले नौ वर्षों में जनपद मे कृषि, ग्राम्य, पंचायतराज, समाज कल्याण, महिला कल्याण, खाद्य एव रसद, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य, पशुपालन, उद्योग, बाल विकास एंव पुष्टाहार, विद्युत, यू0पी0 नेड़ा सहित अन्य विभागो की उपलब्धियो के बारे में बताया। तथा विभिन्न विभागों के लाभार्थियो को स्वीकृति पत्र एंव किट वितरण कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम मे राहवीर योजना के अंतर्गत जनपद के 2 नागरिको को नकद राशि व प्रशस्ति पत्र एंव बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने वाले सीएचसी सतरिख के डा0 शैलेन्द्र सिंह को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा भुल्लन सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

## कनिष्का व उत्कर्ष का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

अयोध्या। प्राथमिक विद्यालय बरौली प्रथम विकास खण्ड सोहावल से इस बार भी दो छात्रों कनिष्का एवं उत्कर्ष का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है ।उत्कर्ष पोलियो ग्रस्त भी है लेकिन उसकी मेहनत ने सफलता के झंडे गाड़ दिए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूजा सिंह ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से लगातार बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हो रहा है अभी तक कुल 17 बच्चों का चयन हो चुका है ।पूजा सिंह ने इसका श्रेय बच्चों की मेहनत और विद्यालय के शिक्षक आनंद तिवारी, कविता रानी, प्रीति सिंह , सावित्री देवी के कुशल मार्गदर्शन एवं ग्राम प्रधान शांति देवी व राजकिशोर के सहयोग को दिया। प्रधानाध्यापिका ने संस्था हइजब ,सौमित्र दुबे,किरन संधू जी का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है ।विद्यालय की इस उपलब्धि पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रविता राव, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी जिलामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह, ज्ञानस्वरूप सिंह, शैलेंद्र वर्मा,समीर सिंह, जमाल अहमद, धर्मवीर चैहान आवेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

**बहराइच**। उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की जनसुनवाई में ग्राम खटीकन, परगना चर्दा, तहसील नानपारा निवासी सफीकन पुत्री घसीटे द्वारा इस आशय की शिकायत की गई कि गाटा संख्या 323, रकबा 0.111 हेक्टेयर भूमि, जो कि राजस्व अभिलेखों में नवीन परती के नाम दर्ज (सरकारी भूमि) है, उस पर ग्राम निवासी मेंराज पुत्र मकबूल द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई।

राजस्व टीम की जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को ध्वस्त करवा दिया गया और सरकारी जमीन से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया तथा भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी अभिलेखों के अनुसार सुरक्षित कराया गया। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सरकारी भूमि, चकमार्ग अथवा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों के संज्ञान में आने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जाय।

## किसान दिवस में एडीएम न्यायिक ने सुनी कृषको की समस्याएं, दिये आवश्यक निर्देश

**बाराबंकी**। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे विगत किसान दिवस मे कृषको की शिकायतो के सम्बन्ध मे विभागो द्वारा आख्या प्रस्तुत की गई। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने प्रत्येक शिकायत के निस्तारण की समीक्षा की। इसके उपरान्त किसानो द्वारा विभिन्न विषयों पर अपनी शिकायतें प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर कृषक विक्रान्त सैनी, लालजी यादव, देवेन्द्र सिंह, मो0 तुफैल, विरेन्द्र कुमार, शिवमोहन वर्मा प्रभारी मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत रामसनेहीघाट, मण्डी सचिव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई आदि मौजूद रहे।

## ससुर के हत्याभियुक्त को उम्रकैद

**देवरिया**। स्थानीय अदालत ने करीब एक दशक पहले ससुर की हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरेंद्र निषाद के अनुसार घटना 17 अगस्त 2016 की रात को गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बधिया तिवारी गांव में हुई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी हरिकेश यादव उर्फ शैलेश यादव अपनी ससुराल गया था और मोबाइल फोन पर बातचीत को लेकर पत्नी सरिता से बहस कर रहा था। जब विवाद बढ़ा, तो उसके ससुर राम निवास ने हस्तक्षेप किया। इस दौरान, हरिकेश ने अपनी कार में रखी लोहे की छड़ से राम निवास पर हमला किया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आईं। घायल को पहले बैतालपुर के एक स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया और बाद में जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक की पत्नी ललिता देवी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

साक्ष्य और गवाहों के बयान के आधार पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शिखा रानी जायसवाल ने हरिकेश यादव को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

## मिशन शक्तिटीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**बहराइच**। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी के कुशल तथा श्री नारायण दत्त मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के मार्गदर्शन में साप्ताहिक बाजार सुखनदिया जनपद बहराइच में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 200-250 स्थानीय नागरिकों को मोबाइल फोन एवं सोशल मीडिया आईडी की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनसमूह को निम्न बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया– इसके अतिरिक्त सभी को अवगत कराया गया कि यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड की घटना घटित होती है तो तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा संबंधी उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त निदेर्शों से भली-भांति अवगत कराते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**बहराइच**। पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास और अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी

**बहराइच**। धर्मराज पुत्र मोलहे निवासी गन्दूझाला दा० मझारा तौकली, थाना कैसरगंज द्वारा थाना स्थानीय को सूचना दी गयी कि दिनांक-17.09.2020 को शाम लगभग 04 बजे मेरे चचेरे भाई पुत्तीलाल जानवरों को चारा काटने खेत में गए थे। शाम लगभग 05 बजे जब मेरे चचेरे भाई पुत्तीलाल चारा का बोझ सरपर रखकर घर के लिए निकलने लगे तो मेरे गाँव के हंसराम पाल के खेत में कही से अचानक रामजस यादव पुत्र बेचई निवासी गन्दूझाला दा0 मंझारा तौकली थाना कैसरगंज जनपद बहराइच अपने हाथ में कुदाल लेकर आ गया और मेरे चचेरे भाई पुत्तीलाल को जान से मारने की नियत से अपने ली हुई कुदाल से तबाड़-तोड़ उनके सिर व शरीर पर वार करने लगा। मेरे चचेरे भाई गुहार मचाते हुए जमीन पर गिर गये, उनकी गुहार पर पास के खेत में मौजूद पारसनाथ पुत्र मोलहे व पृथ्वीराज पुत्र जगदीश प्रसाद, निवासी उपरोक्त मेरे चचेरे भाई को बचाने दौडे तब रामजस मेरे चचेरे भाई को मारना छोड़कर कुदाल लेकर गन्ने के खेत में भाग गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर दिनांक 18.09.2020 को मु.अ.सं. 443/2020 धारा 302 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना तत्कालीन विवेचक निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता, निरीक्षक हरिश्चन्द्र यादव द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त अभियुक्त रामजस यादव उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दिनांक 07.11.2020 को अन्तर्गत धारा 302 भा.द.वि. दाखिल किया गया, माननीय न्यायालय द्वारा आरोपो कों दिनांक 10.03.202 को विरचित किया गया। पुलिस कार्यालय बहराइच, प्रभारी थाना कैसरगंज, अऊ्र्क्ष क्रमिनल एएसजे-कश्री प्रमोद कुमार सिंह, कोर्ट मोहर्रिर हे0 का0 रविन्द्र कुमार, का0 दिनकर यादव, थाना पैरोकार का0 अमरेन्द्र यादव की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक-18.03.2026 को दोषी अभियुक्त रामजस यादव उपरोक्त को आजीवन कारावास व 40,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड न अदा करनें पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गई ।

## बलिदान दिवस पर याद आए अमर शहीद आमिर अली

अयोध्या। 1857 क्रांति के वीर सेनानी आमिर अली की याद में बुधवार को कचेहरी स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस मौके पर वीर सेनानी आमिर अली के चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा देश की आजादी के संघर्षों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिषद के अध्यक्ष मनोज मेहरोत्रा व संचालन सेनानी पुत्र राजीव शुक्ला ने किया। इस मौके पर वीर सेनानी के पौत्र साहब आलम ने कहा कि 1857 में पहली आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले फैजाबाद हसनू कटरा मोहल्ला के निवासी आमिर अली को अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अधिवक्ता व पत्रकारों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए वीर सेनानी आमिर अली की आदमकद प्रतिमा हसनू कटरा चैराहे पर लगवाने और सड़क का नामकरण उनके नाम करने का प्रस्ताव पारित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बृजेन्द्र दत्त त्रिपाठी, फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री गिरीश त्रिपाठी, अधिवक्ता अजय वर्मा, मनोज यादव, जगन्नाथ पाण्डेय, राकेश वैद, सौमित्र मिश्र, ओम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### एचसीआईएल ने इलेक्ट्रिक एसयूवी का टेस्ट रन शुरू किया

नयी दिल्ली। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने भारत में अपनी आगामी बैटरी इलेक्ट्रिक वैहिकल (बी.ई.वी) एस.यू.वी का टेस्ट रन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही भारत में इस एस.यू.वी के पब्लिक रोड वैरिफिकेशन टेस्टिंग की आधिकारिक शुरूआत हो गई। यह भारतीय ग्राहकों के लिए ऑल-न्यू इलेक्ट्रिक एस.यू.वी पेश करने की ओर होंडा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के सफर का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मॉडल का प्रोटोटाइप जापान मोबिलिटी शो 2025 में होंडा ओ अल्फा के रूप में पेश किया गया था। अब इस टेस्टिंग प्रोग्राम द्वारा इस एस.यू.वी का परीक्षण भारत में ड्राईविंग की परिस्थितियों के लिए किया जा रहा है, जिसके लिए इसे हाईवे, शहर की सड़कों और चुनौतीपूर्ण रास्तों पर ले जाया जाएगा। इस एस.यू.वी के लिए मुख्य ध्यान इसकी ड्यूरेबिलिटी, हैंडलिंग, राईड कम्फर्ट, एफिशियंसी और विश्वसनीयता पर केंद्रित किया गया है। इस एस.यू.वी की टेस्टिंग भीषण गर्मी और मॉनसून के दौरान भी की जाएगी।

### सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एम 17ई 5जी

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी एम 17ई 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन 20 मार्च से Samsung.com, अमेजन और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरूआती कीमत 13,999 रुपये रखी गई है। गैलेक्सी एम सीरीज सैमसंग के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है, और गैलेक्सी एम 17ई 5जी इसी विरासत को आगे बढ़ाता है। युवा भारतीय उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए, यह स्मार्टफोन प्रमुख फीचर्स– एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबी चलने वाली बैटरी, दमदार परफॉर्मेंस, शानदार कैमरे और स्मार्ट सॉफ्टवेयर– में भरोसेमंद परफॉर्मेंस और रोजमर्रा के इस्तेमाल की शानदार सुविधा देता है। गैलेक्सी एम 17ई 5जी ऐसे इनोवेशन और अनुभव देता है जो जेन जी के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। मूल्य को महत्व देने वाले ये युवा यूजर्स ऐसे डिवाइस चाहते हैं जिनमें लंबी बैटरी लाइफ, स्मूथ ऐप परफॉर्मेंस, हाई-क्वालिटी फोटोग्राफी और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने वाले स्मार्ट फीचर्स हों।

### अपना खास नवरात्रि मेन्यू वापस ला रहा है सोशल

लखनऊ। नवरात्रि एक ऐसा समय है जब खाना आस्था, उत्सव और एकजुटता का प्रतीक बन जाता है। इस साल, सोशल अपना बेहद पसंद किया जाने वाला नवरात्रि मेन्यू वापस ला रहा है। यह एक ऐसा फेस्टिव मेन्यू है जो व्रत के पारंपरिक पसंदीदा व्यंजनों को उस चंचल और मजेदार अंदाज के साथ मिलाता है जिसके लिए यह ब्रांड जाना जाता है। 19 मार्च से 27 मार्च तक उपलब्ध रहने वाला यह मेन्यू हजरतगंज सोशल , देहरादून सोशल और दिल्ली एनसीआर के सभी सोशल आउटलेट्स पर पूरे दिन परोसा जाएगा। यह मेहमानों को नौ दिनों के इस त्योहार को मनाने का एक स्वादिष्ट तरीका देता है। व्रत के अनुकूल सामग्री और सुकून देने वाले स्वाद के साथ तैयार किए गए इस मेन्यू में ऐसे व्यंजन शामिल हैं जो पौष्टिक भी हैं और खाने में भी बेहद स्वादिष्ट। मेहमान 'आलू और केले की टिक्की चाट' से शुरूआत कर सकते हैं। यह एक कुरकुरा और चटपटा पसंदीदा व्यंजन है जिसमें दही, टमाटर, गाजर, चुकंदर के लच्छे और चटनी की परतें होती हैं। कुछ पेट भरने वाले व्यंजन के लिए, 'नवरात्रि खिचड़ी' एक बेहतरीन विकल्प है। समा के चावल, घी, टमाटर और धनिया से बनी यह खिचड़ी एक गर्म और पौष्टिक व्यंजन है जो त्योहार के दौरान रखे जाने वाले व्रत के सार को पूरी तरह से दर्शाता है।

### द बॉडी शॉप ने ड्यूबेरी के साथ मनायी ईद

नयी दिल्ली। इस ईद पर, द बॉडी शॉप अपनी प्रतिष्ठित 'ड्यूबेरी' रेंज की वापसी के साथ आपसी एकजुटता और उपहार देने का जश्न मना रहा है। यादों से भरा यह संवेदी कलेक्शन त्योहारों के आनंद के लिए एकदम सही है। पहली बार 90 के दशक में पेश की गई ड्यूबेरी को अब आधुनिक टेक्सचर और समृद्ध फॉर्मूला के साथ नए रूप में लाया गया है, जो पुरानी यादों को आज की आधुनिक देखभाल के साथ जोड़ता है। शिया बटर और तिल के तेल जैसी 'कम्युनिटी फेयर ट्रेड' सामग्रियों से भरपूर, यह रेंज एक शानदार सेल्फ-केयर अनुभव प्रदान करती है, जो ईद की गर्मजोशी और उदारता के साथ पूरी तरह मेल खाती है।

# सेंसेक्स में 633 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 633 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 197 अंक के लाभ में रहा। कच्चे तेल के दाम में हल्की नरमी और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में मजबूत रुख से बाजार में तेजी रही।

तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.38 अंक तक चढ़ गया था। इसी प्रकार, पचास शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 196.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयर में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। हाल की बिकवाली के बाद निचले स्तर पर लिवाली के समर्थन से घरेलू बाजारों में तेजी बनी रही। सौदों को पूरा करने और निचले स्तर पर लिवाली से तेजी चौतरफा रही। आईटी, रियल एस्टेट और वाहन क्षेत्रों की अगुवाई में मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर में मजबूती देखी गई। स्थिर वैश्विक संकेतों के साथ बुधवार को लगातार तीसरे सत्र में बाजार में तेजी जारी रही। हालांकि अस्थिरता बनी हुई है। निफ्टी की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और सत्र के अधिकतर समय तक सकारात्मक रुख बना रहा। हालांकि, अंतिम घंटों में मुनाफावसूली से कुछ बढ़त कम हुई। उन्होंने कहा कि आईटी शेयर में तेजी रही और बाजार में जारी बढ़त में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.39 प्रतिशत और छोटी कंपनियों से जुड़े स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.59 प्रतिशत की तेजी आई। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव का जारी रहना, रुपये की विनिमय दर में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में फिर से अस्थिरता आने की आशंका बाजार के प्रतिभागियों को सतर्क रहने के लिए मजबूर कर रही है। वैश्विक स्तर पर अनुकूल संकेतों के कारण तीन दिनों तक मजबूत उछाल के बाद, बाजारों में सतर्कता बनी रह सकती है। इसका कारण निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों की निरंतर गतिविधि के प्रति संवेदनशील बनी हुई है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत टूटकर 103.3 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# रुपया 23 पैसे टूटकर 92.63 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

मुंबई। मजबूत डॉलर और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 23 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 92.63 प्रति डॉलर (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की उंची कीमतों ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और अधिकांश समय 92.41-92.48 के दायरे में कारोबार करता रहा। लेकिन सत्र के अंतिम चरण में गिरावट के साथ यह 92.63 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 92.65 प्रति डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर भी आया। इससे पहले मंगलवार को रुपया 92.47 के स्तर को छूने के बाद 92.40 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। प्रमुख केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक समीक्षा बैठक से पहले रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी इसे 92.50 के स्तर के पार जाने दिया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 99.62 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड लगभग स्थिर रुख के साथ 103.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 633.29 अंक चढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी 196.65 अंक बढ़कर 23,777.80 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 4,741.22 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

## एफएफएफएआई ने युद्ध जोखिम अधिभार लगाने पर किया सरकार से हस्तक्षेप का आह्वान

नयी दिल्ली। फेडरेशन ऑफ फ्रेट फॉरवर्डर्स एसोसिएशंस इन इंडिया (एफएफएफएआई) ने पश्चिम एशिया संकट के बीच शिपिंग कंपनियों के माल ढुलाई पर युद्ध जोखिम अधिभार (डब्ल्यूआरएस) लगाने के फैसले से उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से हस्तक्षेप करने का आह्वान किया है।

एफएफएफएआई ने बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि शिपिंग कंपनियों ने कुछ गंतव्यों के लिए और वहां से आने-जाने वाले माल पर युद्ध जोखिम अधिभार लगाना शुरू कर दिया है। निकाय ने सरकारी हस्तक्षेप का अनुरोध करते हुए कहा कि कई मामलों में मांगा जा रहा अधिभार मूल रूप से तय समुद्री मालभाड़े से करीब दोगुना है जिससे व्यापार पर अप्रत्याशित एवं भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है। हम समझते हैं कि असाधारण भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अतिरिक्त जोखिम कवरेज की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जिस तरीके से वर्तमान में ये अधिभार लगाए जा रहे हैं, उससे निर्यातकों एवं लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं के लिए काफी अनिश्चितता तथा परिचालन संबंधी कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं। एफएफएफएआई ने सोमवार को भेजे गए पत्र में कहा कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं।

## केंद्र का राज्यों को ज्यादा एलपीजी देने का वादा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में कमी तीसरे सप्ताह जारी रहने के बीच पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने वाले राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का बुधवार को वादा किया। इससे खाना पकाने के ईंधन की उपलब्धता पर दबाव कम किया जा सकेगा। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत की करीब 60 प्रतिशत एलपीजी तक पहुंच अवरुद्ध होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है।

होटल जैसे वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शुरू में आपूर्ति बंद कर दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा दिया गया। केंद्र सरकार ने अब उन राज्यों में वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने की पेशकश की है, जो पीएनजी नेटवर्क के विस्तार को तेज करेंगे। पीएनजी, घरेलू रसोई एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए एलपीजी का एक आसान विकल्प है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि एलपीजी आपूर्ति सीमित है लेकिन घरों व उद्योगों को पीएनजी की आपूर्ति निर्बाध जारी है। उन्होंने कहा कि जहां शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क पास में उपलब्ध है, वहां एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी का कनेक्शन लेना चाहिए। संयुक्त सचिव ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की पेशकश की है, यदि वे सभी पुराने आवेदनों को स्वीकृत अनुमति प्रदान करते हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए नए आवेदन के 24 घंटे बाद भी यही अनुमति देते हैं, वार्षिक किरायेपट्टे के शुल्क में कटौती करते हैं और खुदाई व पुनरस्थापन योजनाओं की अनुमति देते हैं। शर्मा ने कहा कि इन सुधारों को आगे बढ़ाने और मंजूरियों में तेजी लाने की जिम्मेदारी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों पर है। एलपीजी आपूर्ति की स्थिति पर उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी पूरी तरह आपूर्ति समाप्त नहीं हुई है। हालांकि, स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि आयात बाधित हो गया है।

## बाजार में तीन दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.18 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.18 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी है।

वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में 2,140.21 अंक यानी 2.87 प्रतिशत की तेजी आई है। बुधवार को सेंसेक्स 633.29 अंक यानी 0.83 प्रतिशत चढ़कर 76,704.13 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई तेजी के कारण, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन दिन में 9,18,579.57 करोड़ रुपये बढ़कर 4,39,00,831.84 करोड़ रुपये (4,750 अरब डॉलर) हो गया।

# घरेलू ईंधन जरूरतों को प्राथमिकता देगा भारत

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट और आपूर्ति में मची उथल-पुथल के बीच भारत, बांग्लादेश और अन्य पड़ोसी देशों के अनुरोधों पर विचार करने से पहले अपनी घरेलू ईंधन मांग को पूरा करने को प्राथमिकता देगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने राष्ट्रहित सर्वोपरि का मंत्र देते हुए स्पष्ट किया कि देश की आंतरिक जरूरतों को पूरा करना सबसे पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू मांग पूरी होने के बाद यदि कोई अधिशेष बचता है, तभी सक्षम प्राधिकारी निर्यात के अनुरोधों पर कोई निर्णय लेंगे। वर्तमान भू-राजनीतिक तनाव के कारण पैदा हुई किल्लत को देखते हुए बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव जैसे पड़ोसी देशों ने भारत से आपातकालीन ईंधन आपूर्ति का आग्रह किया है। बांग्लादेश ने मौजूदा पाइपलाइन व्यवस्था के अलावा पांच हजार टन अतिरिक्त डीजल की मांग की है, वहीं नेपाल ने भी प्रति माह 3,000 टन अतिरिक्त रसोई गैस (एलपीजी) का अनुरोध किया है। भारत वर्तमान में नेपाल और भूटान को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति करता है। हालांकि, भारत के पास अपनी वार्षिक खपत से अधिक की शोधन क्षमता है, लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण कच्चे तेल और रसोई गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है। भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल और 60 प्रतिशत रसोई गैस आयात करता है, जिसका बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से आता है। इस मार्ग में बाधा आने के कारण भारत अब रूस और अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।

## योद्धा ईपॉड ने उत्तर प्रदेश में किया डेब्यू

नोएडा। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ब्रांड योद्धा ने उत्तर प्रदेश के बाजार में अपना नवीनतम उत्पाद, योद्धा ईपॉड, लॉन्च किया है। यह एक अगली पीढ़ी का एल5 श्रेणी का इलेक्ट्रिक पैसेंजर थ्री-व्हीलर है। एक बार चार्ज करने पर 227 किमी की प्रमाणित रेंज के साथ, यह वाहन राज्य में वाणिज्यिक उपयोग के लिए उपलब्ध सबसे कुशल इलेक्ट्रिक तीन-पहिया वाहनों में से एक है। बढ़ती ईंधन कीमतों और किफायती परिवहन की बढ़ती मांग के बीच, उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। योद्धा ईपॉड को इन बदलती मोबिलिटी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लंबी ड्राइविंग रेंज, बेहतर प्रदर्शन और आधुनिक तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है। योद्धा ईपॉड की सबसे बड़ी खासियत इसकी 227 किमी की प्रमाणित रेंज है।

# जापान ने फरवरी में 57.3 अरब येन का व्यापार अधिशेष किया दर्ज

जापान। जापान ने फरवरी में 57.3 अरब येन (36 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, जो एक महीने पहले के घाटे से उलट है। यह जानकारी बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में दी गई।

जापान के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी मौसमी रूप से समायोजित प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में निर्यात उम्मीद से बेहतर 4.2 प्रतिशत बढ़कर 9570 अरब येन हो गया। आयात सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत बढ़कर 9510 अरब येन रहा जबकि जनवरी में इसमें 2.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी। उस महीने जापान ने 1150 अरब येन का व्यापार घाटा दर्ज किया था। अमेरिका तथा इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू करने और तेहरान के जवाबी कर्रवाई करने से उत्पन्न स्थिति के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से तेल एवं अन्य ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के चलते आयात लागत बढ़ने की संभावना है। जापान अपना लगभग पूरा तेल आयात करता है और अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत हाल के हफ्तों में बढ़कर लगभग 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, विशेषकर ईरान में युद्ध, जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा जोखिम बनी हुई है। हालांकि कमजोर येन कुछ राहत दे सकता है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले येन की विनिमय दर करीब 159 है, जबकि एक वर्ष पहले यह 150 येन से कम थी। चीन को निर्यात में सालाना आधार पर 10.9 प्रतिशत की गिरावट आई, हालांकि इस वर्ष लूनर न्यू ईयर फरवरी में पड़ने के कारण मांग असामान्य रूप से कमजोर रही। अमेरिका को निर्यात आठ प्रतिशत घटा, क्योंकि मोटर वाहन के निर्यात में कमी आई। है। यूरोप को निर्यात मजबूत रहा और फरवरी में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़ा जबकि एशिया के अन्य हिस्सों में निर्यात 2.8 प्रतिशत बढ़ा।

## पेज एक का शेष

### इजराइली हमले

के धीमा पड़ने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। ईरान ने हवाई सुरक्षा को भेदते हुए अपनी कुछ नवीनतम मिसाइलों का इस्तेमाल फारस की खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों व इजराइल पर हमले करने के लिए किया। साथ ही तेल अवीव के पास दो लोगों को मार डाला। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने कहा कि ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खातीब रात भर चले हमले में मारे गए और उन्होंने वादा किया कि आज पूरे दिन सभी मोर्चों पर महत्वपूर्ण आश्चर्यजनक घटनाओं के सामने आने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। ईरान ने खातीब की मौत की तुरंत पुष्टि नहीं की। इजराइल ने मंगलवार को ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी और अर्धसैनिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के बासिज बल के प्रमुख को मार गिराया था। इजराइल ने लेबनान पर दबाव बनाए रखा है और ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथियों को निशाना बनाकर हमले कर रहा है जिनमें बेरूत में कई अपार्टमेंट भवनों को निशाना बनाया गया और कम से कम 12 लोग मारे गए। ईरान में बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर पर एक रात पहले एक प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है और संयंत्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने तेहरान से मिली एक रिपोर्ट के आधार पर दी। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी ने संघर्ष के दौरान अधिकतम संयम बरतने की अपील दोहराई, ताकि किसी परमाणु दुर्घटना का खतरा टाला जा सके। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर 28 फरवरी को हमले के बाद से ईरान अपने खाड़ी अरब पड़ोसियों के ऊर्जा ढांचे और सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। यह रणनीति तेल कीमतों को बढ़ाने और वाशिंगटन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से अपनाई जा रही है।

### बाराबंकी-बहराइच

गलियारा स्थापित करेगी। इससे रूपईडीहा भूमि बंदरगाह तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे बहराइच और श्रावस्ती जैसे दूरस्थ जिलों के बीच संपर्क सुविधा बढ़ेगी, कृषि व्यापार, पर्यटन, सीमा पार व्यापार और क्षेत्रीय निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को गति मिलेगी। भव्य योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्लग-एंड-प्ले पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत ही उत्पादन या संचालन शुरू कर सकती हैं। इन पार्कों में आंतरिक सड़कें, भूमिगत उपयोगिताएं, पानी-निकासी, अवशिष्ट प्रबंधन और प्रशासनिक ढांचा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, तैयार फैक्ट्री शेड, किसी खास कंपनी की जरूरत के हिसाब से डिजाइन एवं तैयार बिल्ट-टू-सूट इकाइयां, परीक्षण प्रयोगशालाएं, गोदाम और श्रमिकों के लिए आवास जैसी मूल्यवर्धित सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। वैष्णव ने कहा कि इन औद्योगिक पार्कों में बाहरी बुनियादी ढांचे के लिए परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक समर्थन दिया जाएगा, ताकि संपर्क सुविधा बेहतर हो सके। इस योजना के तहत परियोजनाओं का चयन चैलेंज मोड के जरिये किया जाएगा, ताकि केवल निवेश के लिए तैयार एवं सुधारोन्मुख प्रस्तावों को ही आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत विकसित औद्योगिक स्मार्ट शहरों की सफलता को आधार बनाते हुए भव्य योजना को राज्यों और निजी क्षेत्र की साझेदारी में लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पहले से स्वीकृत भूमि, तैयार बुनियादी ढांचे और एकीकृत सेवाओं के साथ भव्य योजना निवेशकों के लिए प्रवेश संबंधी बाधाओं को काफी हद तक कम करेगी। इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

### 9 वर्ष में

और रोजगार का संकट था, भर्ती प्रक्रियाएं भ्रष्टाचार और वसूली से प्रभावित थीं। कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी, और न ही आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता था। प्रदेश में विकास के लिए कोई स्पष्ट विजन नहीं था, जिसके कारण युवा वर्ग निराश होकर या तो पलायन करता था या संघर्ष में उलझा रहता था।

### भारत-कनाडा

के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य ने बीते वर्षों में आधारभूत संरचना, नीतिगत सुधार और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। भेंट के दौरान उच्चायुक्त ने ग्रीन एनर्जी, एलएनजी/एलपीजी, क्रिटिकल मिनरल्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में साझेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कनाडा के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों और उत्तर प्रदेश के बीच सहयोग से कौशल विकास, नवाचार और वैश्विक प्रतिभा विनिमय को नई गति मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश-अनुकूल नीतियां इसे वैश्विक कंपनियों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाती हैं। उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि कनाडाई कंपनियां उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए सक्रिय रूप से अवसरों का आकलन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सतत ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्रों में कनाडा की विशेषज्ञता, उत्तर प्रदेश की विकास आकांक्षाओं के साथ स्वाभाविक रूप से मेल खाती है, जिससे दोनों पक्षों के बीच एक मजबूत साझेदारी विकसित की जा सकती है।

### पीएम 28 को

दुर्दशा का जिक्र किया, फिर अपनी सरकार के कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि देश का 55 फीसदी एक्सप्रेसवे यूपी के पास है। गंगा एक्सप्रेसवे इसी महीने पूरा हो रहा है। इसके पश्चात यूपी का शेयर 60 फीसदी हो जाएगा। यूपी ने इंटरस्टेट, इंटरनेशनल, फोरलेन कनेक्टिविटी को बेहतर किया है। मैत्रीद्वार बनाए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि यूपी निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। सिंगापुर, जापान और जर्मनी से बड़े निवेशक यूपी आने वाले हैं। अभी से पत्र आने प्रारंभ हो गए हैं। सरकार ने इस पर कार्य भी शुरू कर दिया है। जिस प्रदेश में कोई निवेशक नहीं आता था, वहां अब तक 15 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी हैं। छह लाख करोड़ रुपये का निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। हर जिले में निवेश हो रहा है। हमारे पास व्यापक लैंडबैंक है। 34 सेक्टोरल पॉलिसीज, निवेश मित्र व निवेश सारथी जैसी उद्यम सर्मथित व्यवस्थाएं है। प्रदेश इस दिशा में आगे बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 2017 से पहले निवेशक नहीं आता था, क्योंकि यहां सुरक्षा, पॉलिसी, लैंडबैंक और सरकार की नीयत भी नहीं थी। निवेश तब आता है, जब सरकार की नीयत अच्छी होती है।

### आध्यात्मिक

के विकास और सुगम पहुंच के लिए भी लगातार कार्य हो रहा है। इन पहलों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड की असली पहचान उसकी सांस्कृतिक समृद्धि, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक परंपराओं में निहित है। सरकार इन मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए विकास को आगे बढ़ा रही है, जिसमें संतों और आध्यात्मिक मार्गदर्शकों का सहयोग महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने आर्ट ऑफ लिविंग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था वैश्विक स्तर पर योग, ध्यान और सेवा के माध्यम से मानवता को जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास समाज में शांति और संतुलन स्थापित करने में सहायक हैं।

### पालम की

से फैल गई। संभवतः दुकान में मौजूद अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। स्थानीय बाजार संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र अपनी पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियों के साथ उस इमारत में रहते थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद नहीं थे। कश्यप गोवा में थे, जबकि उनका एक बेटा और उसका परिवार छुट्टी मनाने बाहर गए हुए थे। मृतकों की पहचान राजेंद्र की पत्नी लाडो (70), उनके बेटे प्रवेश (33) और कमल (39), कमल की पत्नी आशु (35) और उनकी तीन बेटियों के रूप में हुई। उनकी तीन बेटियों की उम्र 15, छह और तीन साल थी। पुलिस ने बताया कि लाडो की बेटी हिमांशी (22) और बहू दीपिका (28) की भी इस अग्निकांड में मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि राजेन्द्र और लाडो का बेटा अनिल (32) अपनी दो साल की बेटी को तीसरी मंजिल पर सीढ़ी से उतारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह नीचे गिर गई। इसके तुरंत बाद उसने खुद भी छलांग लगा दी।

### इंदौर में ईवी

घटना में मारे गए आठ लोगों के शव एक सरकारी अस्पताल में लाए गए हैं और उनका पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। घनघोरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान तन्मय (छह), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा आग लगने के बाद बचाए गए दो लोगों को भी अस्पताल लाया गया था। हालांकि, उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद अपना इलाज दूसरे अस्पताल में कराने की इच्छा जताई जिसके बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मकान के बाहर एक कार को चार्ज किया जा रहा था। उन्होंने कहा चार्जिंग प्वाइंट में धमाका हुआ और इसके बाद कार में लगी आग ने मकान को अपनी जद में ले लिया।

### पेयजल योजनाओं

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले जहां सीमित गांवों तक ही पाइप पेयजल की सुविधा थी, वहीं आज हजारों गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिन क्षेत्रों में कभी दूषित पानी के कारण गंभीर बीमारियां आम थीं, वहां अब हालात तेजी से सुधरे हैं। विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस जैसी समस्या पर नियंत्रण में स्वच्छता और पेयजल योजनाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल कनेक्शन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं के दीर्घकालिक संचालन और रखरखाव पर भी बराबर ध्यान दिया जा रहा है।

### पूर्व विधायक

इस दौरान उसमें दबे भैयालाल नामक व्यक्ति को गंभीर हालत में बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया। घटना में ईशू चौरसिया, रामवीर यादव, राशू मिश्रा समेत अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात करीब आठ बजे जोरदार धमाका हुआ, जिससे मकान की तीसरी मंजिल तक खिड़कियां, दरवाजे और छत क्षतिग्रस्त हो गईं। आसपास के घरों में भी कंपन महसूस किया गया।

# अभिषेक लगातार 8 महीने से नंबर-1 बैटर

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग- बुमराह बिना मैच खेले टॉप-5 में पहुंचे:अफ्रीकी बॉलर बॉश के पॉइंट्स गिरने से फायदा

एजेंसी

नयी दिल्ली। जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने थे। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग के टॉप-5 में वापसी कर ली है। वे बिना कोई मैच खेले टॉप-5 में पहुंच गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टी-20 वर्ल्डकप के बाद हुई साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की 5 मैच की सीरीज में अफ्रीकी टीम में कॉर्बिन बॉश को मौका नहीं मिला है। इससे उन्हें रैंकिंग में नुकसान हुआ और वह छठे स्थान पर खिसक गए। आईसीसी ने बुधवार को ताजा प्लेयर रैंकिंग जारी की। इसमें जसप्रीत 702 रेटिंग अंक के साथ पांचवें पहुंच गए। बुमराह टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। बैटर्स की रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। भारत के अभिषेक शर्मा (875 रेटिंग पॉइंट्स) टॉप पर हैं। वे जुलाई 2025 से टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं। बॉलर्स रैंकिंग में कीवी कप्तान सैंटनर को भी फायदा टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को फायदा मिला है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की सीरीज के पहले 2 मुकाबलों में उन्होंने 3 विकेट लेने के साथ 35 रन भी बनाए, जिसकी बदौलत सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। वहीं, अभी तीन मैच बाकी हैं। इस प्रदर्शन के दम पर सैंटनर गेंदबाजों की रैंकिंग में 11 स्थान की छलांग लगाकर 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

पिछले हफ्ते वह 24वें नंबर पर थे। टी-20 के ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी मिचेल सैंटनर करियर की बेस्ट रैंकिंग में पहुंच गए हैं। वे दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर आ गए हैं। कॉन्वे ने बैटर्स रैंकिंग में 4 स्थान की छलांग लगाई बल्लेबाजों की टी-20 रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। ईशान किशन भी पिछले हफ्ते की तरह दूसरे नंबर पर हैं। दोनों में सिर्फ 4 पॉइंट का अंतर है। न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए चार स्थान की छलांग लगाई। अब वह 70वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में कोई नया नाम नहीं ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में कोई नया नाम शामिल नहीं हुआ है। सैंटनर ही 9वें से 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे रैंकिंग में सलमान आगा को 9 स्थान का फायदा वनडे रैंकिंग में बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज और पाकिस्तान के टी-20 कप्तान सलमान अली आगा को फायदा हुआ है। पाकिस्तान के सलमान अली आगा हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाया था, इससे उन्होंने एक साथ 9 स्थानों की छलांग मारी है, इससे अब वे 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब केएल राहुल के बराबर 664 हो गई है। बॉलर्स में मेहदी हसन को फायदा बांग्लादेश के लिए इस हफ्ते मेहदी हसन मिराज वनडे बॉलर्स की ताजा रैंकिंग में 9 स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं 28 साल के मिराज ने ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी दो पायदान का सुधार किया है और अब वह इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। मेहदी हसन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने तीनों मैचों में कुल पांच विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिसकी बदौलत बांग्लादेश ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। उनके अलावा गेंदबाजों की सूची में तस्कीन अहमद ने 12 स्थान की बढ़त के साथ 28वां स्थान हासिल किया, जबकि मुस्तफिजुर रहमान 13 स्थान की छलांग लगाकर 47वें पायदान पर पहुंच गए। महिला वनडे रैंकिंग में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने नंबर-1 स्थान बरकरार रखा है, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं। मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में हरमनप्रीत को जहां एक स्थान का फायदा हुआ, वहीं न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन दो पायदान नीचे खिसककर 9वें स्थान पर पहुंच गई हैं। जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के मशहूर चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव की शादी का मंगलवार को लखनऊ में भव्य रिसेप्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजनीति और खेल जगत की विभिन्न हस्तियों से सजी इस महफिल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित खेल जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के होटल द सेंट्रम में आयोजित इस आलीशान रिसेप्शन पार्टी में कुलदीप अपनी दुल्हन वंशिका के साथ रोल्स-रॉयस विंटेज कार में सवार होकर पहुंचे। इस मौके पर कुलदीप ने काले रंग का बंद गला सूट तो वहीं वंशिका ने क्रीम रंग की साड़ी पहनी थी। पीटीआई-वीडियो की फुटेज के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे और इस दौरान कुलदीप ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव भी रिसेप्शन में पहुंचे। इस दौरान कुलदीप और वंशिका ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अखिलेश ने इस मौके पर नवविवाहित दंपति के साथ फोटो भी खिंचवाई। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी रिसेप्शन पार्टी में पहुंचे और कुलदीप को गले लगाकर उन्हें बधाई दी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने भी रिसेप्शन पार्टी में पहुंच कर नवविवाहित दंपति को शुभकामनाएं दी। शास्त्रीय संगीत की सुगम धुन के बीच आयोजित रिसेप्शन पार्टी में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, गंभीर, भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा, विस्फोटक बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन भी शामिल हुए। कुलदीप ने वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को उत्तराखंड के मसूरी में शादी की थी।

## आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में सनराइजर्स की अगुआई करेंगे इशान

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन को बुधवार को आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों के लिए अंतरिम कप्तान नियुक्त किया जबकि अभिषेक शर्मा उप कप्तान होंगे। यह फैसला इसलिए किया गया क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं। कमिंस पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। इसी चोट की वजह से वह पिछली एशेज श्रृंखला के अधिकतर मुकाबलों और टी20 विश्व कप में भी नहीं खेल पाए थे। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पर बताया, पैट कमिंस चोट से उबरने की प्रक्रिया के दौरान कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक इशान किशन कप्तान और अभिषेक शर्मा उप कप्तान रहेंगे। हालांकि आईपीएल 2016 के विजेता सनराइजर्स ने यह साफ नहीं किया कि कमिंस कितने मैच नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स ने सभी प्रारूपों में अच्छे प्रदर्शन के बाद इशान को कार्यवाहक कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने नौ मैच में 199.37 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उनका औसत 80.25 रहा और उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े। बल्ले से शानदार प्रदर्शन की बदौलत इशान आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस रैंकिंग में अभिषेक पहले स्थान पर हैं। इस सत्र की शुरुआत में इशान ने झारखंड टीम की कप्तानी करते हुए उसे भारत के शीर्ष घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाया था।



## संक्षेप

### खुशी खनिजाऊ ने पहले दौर में एक शॉट की बढ़त

नोएडा। खुशी खनिजाऊ ने बुधवार को यहां जेपी विशटाउन गोल्फ कोर्स में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के छठे चरण के पहले दौर में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाकर पहले दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला। खुशी ने पहले चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की। वह एक शॉट की बढ़त बनाए हैं। वह श्वेता मानसिंह और गुंतास के संधू से एक शॉट आगे रहीं। इन दोनों ने 2-अंडर 69 का कार्ड बनाया था। रिद्धिमा दिलावड़ी इवन वार 71 के कार्ड से स्मृति भार्गव, जैस्मीन शेखर और अलीशा दत्त के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

### ओम सेमवाल ने सेबेस्टियन सालाजार को हराया

मुंबई। भारत के ओम सेमवाल ने बुधवार को यहां जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में पांच सेट के मुकाबले में मेक्सिको के सेबेस्टियन सालाजार पर 3-2 से जीत हासिल की। सेमवाल ने मैच के आखिरी चरणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11-6, 11-9, 8-11, 10-12, 19-17 के स्कोर से मैच अपने नाम कर लिया। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी सूरज कुमार चंद हालांकि मिस्र के इब्राहिम एल्काबानी के खिलाफ I-3 से हार गए।

### ईरान की महिला फुटबॉल टीम ऑस्ट्रेलिया से लौटी

दुबई। ईरानी मीडिया ने बुधवार को बताया कि महिला एशियाई कप में खेलने वाली राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम ऑस्ट्रेलिया से स्वदेश वापस लौट आई है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद ईरान की महिला टीम की कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी, जहां महिला एशियाई कप खेला जा रहा है। मीडिया संस्थानों ने महिलाओं के तुर्की में उतरने और बस से सीमा तक पहुंचने के बाद ईरान में प्रवेश करने के दृश्य साझा किए। सीमा पर कुछ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ईरान की दो महिला खिलाड़ी फातेमेह पसंदिदेह और अतीफेह रमेजानिसादेह ने ऑस्ट्रेलिया में ही रूकने का फैसला किया। ये दोनों ब्रिस्बेन रोर क्लब के साथ ट्रेनिंग कर रही हैं। महिला एशियाई कप से टीम के बाहर होने के बाद ईरान की कुछ खिलाड़ियों ने शुरू में ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। ईरान की टीम 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से कुछ समय पहले ही इस टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी।

## वाडा ने ट्रंप पर संभावित प्रतिबंध पर फैसला विश्व कप के बाद तक टाला

एजेंसी

मांट्रियल (कनाडा)। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोकने के फैसले को इस साल होने वाले विश्व कप के बाद तक टाल दिया है। इससे ट्रंप और अन्य अधिकारियों के साथ संभावित टकराव कम से कम विश्व कप तक टल गया है। वाडा एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है जो ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो।

इस नियम का मूल आधार अमेरिकी सरकार का वाडा के वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं करना है। वाडा की कार्यकारी समिति की बैठक हुई और उसने कहा कि वह सितंबर में इस नए नियम पर विचार करेगी और यह विश्व कप खत्म होने के दो महीने बाद होगा। अमेरिका विश्व कप की मेजबानी कनाडा और मेक्सिको के साथ मिलकर कर रहा है। अगर इस साल के आखिर में ऐसा कोई नियम अपनाया जाता है तो यह संभवतः 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले लागू हो जाएगा। अगर यह सिलसिला जारी रहता है तो नया नियम ट्रंप और अमेरिकी सांसदों को उनके अपने ही देश में होने वाले खेलों के लिए प्रतिबंध की सूची में डाल सकता है।

अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं। अमेरिका ने 2024 और 2025 के दौरान वाडा के कई मामलों से निपटने के तरीके के विरोध में कुल 73 लाख डॉलर का भुगतान रोक रखा है। इनमें सबसे ताजा मामला चीनी तैराकों से जुड़ा है जिन्हें प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बावजूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। वाडा ने चीन की संबंधित संस्थाओं की इस बात पर भरोसा किया कि खिलाड़ियों ने गलती से यह पदार्थ ले लिए थे।

## पंकज आडवाणी व सौरव कोठारी ने स्नूकर क्लासिक में जीत से शुरुआत की

मुंबई। मौजूदा चैंपियन पंकज आडवाणी और भारत के छठे नंबर के खिलाड़ी सौरव कोठारी ने बुधवार को यहां सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट में अपने राउंड 32 मैच जीत लिए। आडवाणी ने रॉबिन डिसूजा को 4-0 (58-55, 73-7, 92-33, 64-52) से हराया। कोठारी ने पुणे के सूरज राठी को 4-0 (93-28, 70-0, 123-7, 72-37) से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी आदित्य मेहता ने मुंबई के मानव पांचाल के खिलाफ एक फ्रेम गंवाने के बाद 4-1 (94-6, 79-37, 37-69, 72-7, 119-20) से जीत हासिल की। मुंबई के हसन बादामी ने रेलवे के सिद्धार्थ पारिख पर 4-0 (92-13, 72-21, 79-70, 59-31) की शानदार जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश के बीसी कार्तिक ने उलटफेर करते हुए लक्ष्मण रावत पर 4-2 (54-36, 69-50, 63-37, 20-93, 23-74, 57-38) से जीत हासिल की।

आडवाणी और भारत के छठे नंबर के खिलाड़ी सौरव कोठारी ने बुधवार को यहां सीसीआई स्नूकर टूर्नामेंट में जीत लिए।

## ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के अगले दौर में खरब व तन्वी

एजेंसी

ओरलियंस (फ्रांस)। भारत के किदांबी श्रीकांत बुधवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए जबकि अनमोल खरब और तन्वी शर्मा महिला एकल वर्ग में राउंड 16 में पहुंच गईं। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से 12-21, 10-21 से पराजित हो गए जबकि खरब ने तुर्की की नेस्लिहान अरिन के खिलाफ 21-12, 21-16 से शानदार जीत दर्ज की। तन्वी भी अगले दौर में पहुंच गईं। थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग ने चोट के कारण 21-18, 14-12 के स्कोर पर मैच से हटने का फैसला किया।

दूसरी ओर रक्षिता रामराज जापान की मनामी सुइजू के खिलाफ पहले दौर में 9-21, 15-21 से हार गईं। वहीं दूसरी ओर दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू ने इस बात पर जोर दिया कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए पढ़ाई करना बेहद जरूरी है और पढ़ाई को नजरअंदाज करके सिर्फ खेल पर ध्यान देना बहुत जोखिम भरा है क्योंकि एक ही चोट से खेल करियर खत्म हो सकता है। पूर्व विश्व चैंपियन ने डीपीएस इंटरनेशनल में एक बातचीत के दौरान शिक्षाविद देवयानी जयपुरिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। हैदराबाद की इस खिलाड़ी ने अपनी बात को समझाने के लिए अपनी जिंदगी के कई पहलुओं का जिक्र किया। इनमें 2016 के ओलंपिक से पहले का वह दौर भी शामिल है जब वह अपने बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण परेशान थीं और उन्हें खुद पर शक होने लगा था।

उन्होंने कहा, मैं इतने साल से खेल रही हूं। कभी न कभी तो आपको रिटायर होना ही पड़ता है। और यही सच है। आप 45, 50 या 60 साल की उम्र तक शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकते। सिंधू ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद की बात का समर्थन किया जिन्होंने उभरते हुए खिलाड़ियों के माता-पिता से शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही थी। इस खिलाड़ी ने कहा, आपको इस बात को स्वीकार करना ही होगा कि शिक्षा हमेशा पूरी जिंदगी आपके साथ रहेगी और हमेशा आपके पास रहेगी। उन्होंने कहा, कोई भी सोने की चम्मच लेकर पैदा नहीं होता और आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, चाहे वह पढ़ाई में हो या खेल में। पढ़ाई और खेल दोनों ही अहम हैं। मैंने अपना एमबीए किया है। इसलिए मुझे पता है कि यह आसान नहीं है। आप सुबह ट्रेनिंग के लिए जाते हैं, वापस आते हैं, पढ़ाई करते हैं, फिर शाम के सत्र के लिए जाते हैं। सिंधू ने कहा, सच तो यही है कि खेल एक बहुत छोटी सी चीज है। शिक्षा हमेशा आपके साथ रहेगी। खेल भी जरूरी है, लेकिन इतना भी नहीं कि आप अपनी पढ़ाई पूरी तरह से रोक दें। तीस साल की यह खिलाड़ी अभी ब्रेक पर है।

## सबसे बड़ा आईपीएल, इस बार 84 मुकाबले

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 28 मार्च की शाम जब बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में टॉस के लिए सिक्का उछलेगा, तो भारत में सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि एक 'त्योहार' की शुरूआत होगी। कढछछ का 19वां सीजन अपने अब तक के सबसे भव्य और लंबे अवतार में हमारे सामने आ रहा है। यह सीजन पिछले 18 सालों के इतिहास से अलग है। इस बार 10 टीमों के बीच कुल 84 मुकाबले खेले जाएंगे, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा सीजन बनाएंगे। पहले अधिकतम 74 मैच होते थे। 10 टीमों के बीच देशभर के 13 अलग-अलग वेन्यू पर 64 दिन चौके-छक्के का रोमांच नजर आएगा। नए सीजन के लिए सभी 10 टीमों ने तैयारियां तेज कर दी हैं और प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप के जरिए खिलाड़ी मैच मोड में आने की कोशिश कर रहे हैं। वर्ल्ड कप खत्म होने के ठीक 20 दिन बाद आईपीएल शुरू हो रहा है। ऐसे में बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजी मिलकर कई प्रमुख खिलाड़ियों के वर्कलोड पर नजर भी रख रही हैं। चेन्नई के कप्तान ऋतुराज, धोनी समेत कई खिलाड़ी 1 मार्च से नवेलूर स्थित हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास शुरू कर चुके हैं। वहीं, आरसीबी ने 10 फरवरी से कैंप शुरू किया, जिसमें जितेश, वेंकटेश और सुयश शर्मा जैसे खिलाड़ी शामिल रहे। गुजरात के 16 फरवरी से नाथद्वारा में आयोजित कैंप में कप्तान शुभमन और साई सुदर्शन शामिल थे। टीम जनवरी में भी कैंप कर चुकी है। पंजाब किंग्स ने 8-14 फरवरी तक अबु धाबी में कैंप किया। टीम का दूसरा कैंप भी शुरू हो चुका है। लखनऊ ने अपने तेज गेंदबाजों को डरबन भेजा था। अब मुख्य कैंप लखनऊ में शुरू हो चुका है। सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई, राजस्थान, केकेआर, दिल्ली का भी कैंप शुरू हो चुका है।

> बेंगलुरु में 28 मार्च को डिफेंडिंग चैम्पियन आरसीबी व सनराइजर्स हैदराबाद के मैच से शुरूआत

## शीर्ष-20 से शीर्ष-10 का सफर व भी अधिक मुश्किल होगा : अनाहत सिंह

मुंबई। विश्व स्क्वाश रैंकिंग के शीर्ष-20 में जगह बनाने वाली सबसे कम उम्र की एशियाई खिलाड़ी बनने के बाद 17 साल की अनाहत सिंह जानती हैं कि शीर्ष -10 में जगह बनाना कहीं अधिक मुश्किल होगा क्योंकि उन्हें शीर्ष स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा पीएसए रैंकिंग में 10वें स्थान तक पहुंची थीं लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाईं। विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद अनाहत कम उम्र और खास प्रतिभा के दम पर वह कर सकती हैं जो आज तक किसी भारतीय ने नहीं किया। अनाहत ने इंडियन ओपन के दौरान पीटीआई से कहा, मुझे पता है।

## मोरक्को को एफकोन 2025 का चैंपियन किया गया घोषित

एजेंसी

मोरक्को। मोरक्को को एफकोन 2025 का चैंपियन घोषित किया गया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल ने सेनेगल की 1-0 की जीत को रद्द कर दिया है। यह फैसला 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच के दौरान हुए विवाद के बाद लिया गया है।

> अफ्रीकी फुटबॉल फेडरेशन ने सेनेगल की जीत रद्द की, मैच के बीच मैदान छोड़ाना गलत माना

दरअसल, मैच के आखिरी समय में सेनेगल के खिलाड़ियों ने रेफरी के एक फैसले के विरोध में मैदान छोड़ दिया था, जिसे नियमों का उल्लंघन माना गया है। क्या था विवाद 18 जनवरी को खेले गए फाइनल मैच में निर्धारित समय तक स्कोर 0-0 की बराबरी पर था। स्टॉपेज टाइम (इंजुरी टाइम) में रेफरी ने मेजबान मोरक्को के पक्ष में एक पेनल्टी दी। इस फैसले से सेनेगल के खिलाड़ी नाराज हो गए और विरोध स्वरूप मैदान से बाहर चले गए। करीब 17 मिनट तक

खेल रुका रहा। बाद में खिलाड़ी वापस लौटे, मोरक्को के ब्राहिम डियाज पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और एक्स्ट्रा टाइम में सेनेगल के पापे गुये ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिला दी थी। नियमों के आधार पर पलटा गया फैसला मोरक्को फुटबॉल फेडरेशन ने मैच के नतीजों को लेकर कएफ की अपील कमेटी में चुनौती दी थी। कएफ ने अपनी जांच में पाया कि सेनेगल ने एफकोन रेगुलेशन के आर्टिकल 82 का उल्लंघन किया है। इस नियम के मुताबिक, अगर कोई टीम रेफरी की अनुमति के बिना मैच खत्म होने से पहले मैदान छोड़ती है, तो उसे हारा हुआ माना जाता है।

आर्टिकल 84 के तहत ऐसी स्थिति में विरोधी टीम को 3-0 से विजेता घोषित कर दिया जाता है। इसी आधार पर सेनेगल को अयोग्य ठहराते हुए मोरक्को को 3-0 से विजेता मान लिया गया। मोरक्को फेडरेशन ने यह सिर्फ नियमों की जीत फैसला आने के बाद मोरक्को फुटबॉल फेडरेशन ने बयान जारी कर कहा कि उनकी अपील किसी टीम के प्रदर्शन को चुनौती देने के लिए नहीं थी, बल्कि टूर्नामेंट के नियमों को लागू कराने के लिए थी। फेडरेशन ने कहा, 'हम नियमों के सम्मान और अफ्रीकी प्रतियोगिताओं में स्पष्टता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले सभी देशों की सराहना करते हैं।' सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन उनकी नेशनल टीम के एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट हुआ। इसमें प्लेयर्स बस परेड में ट्रॉफी के साथ सेलिब्रेट करते दिखे। साथ में 'ओके' इमोजी था। 2015 अफ्रीका कप में मेजबान इक्वेटोरियल गिनी पर रेफरी फैसलों को प्रभावित करने के आरोप लगे थे, जिससे घाना के खिलाड़ी और अधिकारी खुले तौर पर नाराज दिखे। 2022 अफ्रीका कप में ट्यूनीशिया और माली के बीच खेले गए मैच में रेफरी ने समय से पहले मैच खत्म कर दिया था, जिस पर भारी विवाद हुआ था। उस मुकाबले के बाद कैफ (अफ्रीकन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन) को आधिकारिक सफाई तक देनी पड़ी थी। वहीं दूसरी ओर जर्मनी के पूर्व कोच जोकिम लोव ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा की मेजबानी में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में सुरक्षा को लेकर चिंताएं जताई हैं।

## दक्षिण कोरिया को हराकर जापान महिला एशियाई कप के फाइनल में

एजेंसी

सिडनी। जापान की महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार को यहां दक्षिण कोरिया पर 4-1 की जीत से महिला एशियाई कप के फाइनल में जगह बनाई जिसमें उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। सेमीफाइनल में जापान का दबदबा रहा जिसमें रिको उएकी और माइका हमानो ने पहले हाफ में गोल करके बढ़त दिलाई।

पहले हाफ में आओबा फुजिनो के 43वें मिनट में गोल को वीएआर समीक्षा के बाद अमान्य घोषित कर दिया गया। वरना पहले हाफ का स्कोर 3-0 हो सकता था। 75वें मिनट में अनुभवी डिफेंडर साकी कुमागाई ने मोमोको तानिकावा की कॉर्नर किक पर हेडर से टीम का तीसरा गोल किया। फीफा रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज एशिया की शीर्ष टीम जापान के इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में गोलों की संख्या 27 हो गई है।

वहीं जापान की टीम ने इस टूर्नामेंट में पहली बार कोई गोल खाया जब 78वें मिनट में कांग चे-रिम ने बेहद करीब से जोरदार शॉट लगाते हुए गोल कर दिया। फिर जापान के लिए रेमिना चिबा ने 81वें मिनट में एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 4-1कर दिया। अब फाइनल मुकाबला शनिवार को सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराया था।

## चैंपियन्स लीगः रीयाल मैड्रिड व पीएसजी क्वार्टर फाइनल में

मैनचेस्टर। रीयाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रमशः मैनचेस्टर सिटी और चेल्सी की वापसी की उम्मीदों को खत्म करते हुए मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पहले चरण में तीन गोल की बढ़त हासिल करने के बाद रीयाल मैड्रिड ने विनिसियस जूनियर के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी को उसकी सरजमीं पर 2-1 से हराकर कुल 5-1के स्कोर से जीत दर्ज की। गत चैंपियन पीएसजी ने शुरुआती 14 मिनट में दो गोल दागने के बाद चेल्सी को 3-0 से हराया और कुल 8-2 के स्कोर से अंतिम आठ में जगह बनाई।

# पीएम मोदी ने कुवैत के युवराज से बात की

## होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना सर्वोपरि प्राथमिकता बनी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर विचार-विमर्श किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाये रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क आवश्यक है।

मोदी ने कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के लगभग तीन सप्ताह बाद प्रधानमंत्री ने कुवैत के नेता से दूसरी बार बात की। इस संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। जिसके जवाब में ईरान ने भी कई खाड़ी देशों को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से पश्चिम एशिया के कई नेताओं से बात की है। इनमें सऊदी अरब, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान, जॉर्डन, इजराइल और ईरान के नेता शामिल हैं।

# ईरान ने युद्ध के बावजूद लाखों बैरल तेल निर्यात किया

हांगकांग। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद होने के बावजूद ईरानी तेल टैंकरों सहित लगभग 90 जहाज इस संकरे जलमार्ग से गुजर चुके हैं और तेहरान अब भी लाखों बैरल तेल का निर्यात कर रहा है। समुद्री व्यापार पर नजर रखने वाले मंचों के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

समुद्री डेटा फर्म लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कई जहाजों ने कथित तौर पर अवैध पारगमन किया था जो पश्चिमी सरकार के प्रतिबंधों और निगरानी से बचकर गुजरे और जिनके ईरान से संबंधित होने की संभावना है। हाल ही में, भारत और पाकिस्तान से जुड़े जहाजों ने भी सरकारों द्वारा बातचीत तेज करने के बाद सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार किया है। कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंचने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सहयोगी देशों और व्यापारिक साझेदारों पर युद्धपोत भेजने और जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दबाव डाला, ताकि तेल की कीमतों में कमी लाई जा सके। हालांकि, व्यापार डेटा और विश्लेषण मंच केप्लर के अनुमान के अनुसार, ईरान मार्च की शुरुआत से अब तक 1.6 करोड़ बैरल से अधिक तेल का निर्यात करने में कामयाब रहा है। इसके अनुसार, पश्चिमी प्रतिबंधों और उनसे जुड़े जोखिमों के कारण ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन रहा है। कंसल्टिंग फर्म रेड्डल के वरिष्ठ अधिकारी कुन काओ ने कहा कि ईरान ने संकरे जलमार्ग पर नियंत्रण का इस्तेमाल करके तेल की बिक्री से मुनाफा कमाने के साथ-साथ अपने निर्यात मार्ग को भी सुरक्षित रखा है। एक से 15 मार्च के बीच कम से कम 89 जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया, जिनमें 16 तेल टैंकर शामिल थे। युद्ध से पहले प्रतिदिन लगभग 100 से 135 जहाजों के आवागमन की तुलना में यह संख्या काफी कम है।

## संक्षेप

### आजीवन कारावास की सजा निलंबन की याचिका खारिज

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कठुआ में 2018 में आठ वर्षीय बच्ची के साथ हुए बलात्कार और हत्या मामले के मुख्य साजिशकर्ता एवं मंदिर के पूर्व सेवादार सांझी राम की याचिका खारिज करते हुए कहा है कि इस स्तर पर सजा के निलंबन की रियायतै नहीं मिलनी चाहिए। जनवरी 2018 में जिस मंदिर में अपराध हुआ था, उसके सेवादार सांझी राम को अगले वर्ष पठानकोट की एक सत्र अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सांझी राम के रिश्तेदार परवेश कुमार और विशेष पुलिस अधिकारी दीपक खजूरिया को भी आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी। न्यायमूर्ति गुरविंदर सिंह गिल और न्यायमूर्ति रमेश कुमारी की खंडपीठ ने सांझी राम की याचिका पर 6 मार्च को यह आदेश पारित किया। तीन पृष्ठ का यह आदेश इस सप्ताह की शुरुआत में उपलब्ध कराया गया। मामले के गुणदोष पर टिप्पणी किए बिना, अदालत ने कहा कि उसकी राय में यह ऐसा मामला नहीं है जिसमें याचिकाकर्ताअपीलकर्ता इस स्तर पर सजा के निलंबन की रियायत का हकदार हो।अदालत ने कहा, इस प्रकार, आवेदन खारिज किया जाता है।

# निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में पांच आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पांच अधिकारियों के तबादले और तैनाती के बुधवार को आदेश दिए, जिनमें उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद के अधिकारी भी शामिल हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

मुख्य सचिव को लिखे एक पत्र में आयोग ने निर्देश दिया कि राठौड़ अमितकुमार भरत की तैनाती रायगंज रेंज के डीआईजी के पद पर की जाए, जबकि अजीत सिंह यादव को मुर्शिदाबाद डीआईजी नियुक्त किया गया है। इसमें कहा गया है कि श्रीहरि पांडे को डीआइजी, बर्धमान और कंकर प्रसाद बरुई को डीआइजी, प्रेसीडेंसी रेंज के पद पर तैनात किया गया है। बुधवार को जारी आदेश के अनुसार, अंजली सिंह जलपाईगुड़ी की डीआईजी के रूप में कार्यभार संभालेंगी। इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे तक जमा करनी होगी।

# बेरोजगारी बढ़ाने में सरकार धुरंधर उसके पास समाधान नहीं: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बुधवार को कहा कि मोदी सरकार के पास बेरोजगारी जैसे महासंकट का कोई समाधान नहीं है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए यह आरोप लगाया कि मोदी सरकर बेरोजगारी बढ़ाने में धुरंधर है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, बेतहाशा बेरोजगारी बढ़ाने में धुरंधर मोदी सरकार। कोई ताज्जुब नहीं होता जब प्रधानमंत्री अपने चुनावी भाषणों में युवाओं द्वारा रील बनाने को अपनी सरकार की मुख्य उपलब्धि के तौर पर गिनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास इसके अलावा कोई चारा भी नहीं है, क्योंकि भारत में पढ़े-लिखे, डिग्रीधारी युवाओं में बेरोजगारी के जो आंकड़े लगातार सामने आ रहे हैं, वे बेहद चिंताजनक हैं इसलिए उनमें साहस नहीं है कि वह रोजगार पर बात कर लें। रमेश ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 20 से 29 वर्ष की उम्र के 6.3 करोड़ स्नातक में से करीब 1.1 करोड़ युवा बेरोजगार हैं। सिर्फ सात प्रतिशत स्नातक ही बेरोजगार होने के एक साल के भीतर स्थायी वेतन वाली नौकरी हासिल कर पाते हैं। शिक्षा में युवाओं (पुरुषों) की हिस्सेदारी 2017 में 38 प्रतिशत से घटकर 2024 के अंत तक 34 प्रतिशत हो गई। कांग्रेस नेता के अनुसार, आर्थिक मजबूरी के कारण युवा पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 2017 में जहां 58 प्रतिशत युवाओं ने घर की आय में सहयोग के लिए पढ़ाई छोड़ी, वहीं 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 72 प्रतिशत हो गया। ऐसी और भी कई रिपोर्ट्स लगातार सामने आ चुकी हैं। देश की जनता को लाइन में लगाने में माहिर इस सरकार में युवा नौकरी की लाइन में लगा है, लेकिन नौकरी नहीं है।

# सीएम ने पालम में आवासीय इमारत में लगी आग की जांच के आदेश दिये

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के पालम क्षेत्र स्थित एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में लगी आग की घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए गए हैं।

गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आवासीय भवन में आग लगने के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) और दिल्ली पुलिस बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह लगी आग में तीन बच्चों समेत एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। आग की लपटों से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाने वाले दो अन्य लोगों का इलाज किया जा रहा है। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि बचाव और अग्निशमन अभियानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पालम मेट्रो के पास एक आवासीय इमारत में लगी आग की घटना से मैं बहुत दुखी हूं। इस दुखद घटना से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। डीएफएस को सुबह करीब सात बजे पालम मेट्रो स्टेशन के पास एक इमारत में घर पर आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल के 30 वाहन मौके पर भेजे गए और आग बुझाने तथा अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए अभियान शुरू किया गया।

# गुजरात सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक विधानसभा में पेश किया

गांधीनगर। गुजरात सरकार ने बुधवार को गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026 विधेयक विधानसभा में पेश किया, जिसका उद्देश्य धर्म, जाति या पंथ की परवाह किए बिना विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सहजीवन संबंध से संबंधित कानूनों को विनियमित करना है।

उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने यह विधेयक पेश किया। राज्य द्वारा नियुक्त समिति ने एक दिन पहले ही राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन पर अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंपी थी। उम्मीद है कि इस विधेयक पर बजट सत्र के अंतिम दिन यानी 25 मार्च को चर्चा और अनुमोदन के लिए विचार किया जाएगा। गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026 नामक प्रस्तावित कानून पूरे राज्य में लागू होगा और गुजरात की सीमा से बाहर रहने वाले निवासी भी इसके दायरे में होंगे। हालांकि, विधानसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए गए विधेयक के दस्तावेज में कहा गया है कि यह अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों और कुछ ऐसे समूहों पर लागू नहीं होगा, जिनके पारंपरिक अधिकार संविधान के तहत संरक्षित हैं। इसमें कहा गया है, वर्तमान विधेयक धर्म, जाति, पंथ या लैंगिक भेदभाव के बिना राज्य के सभी नागरिकों के लिए नागरिक मामलों को नियंत्रित करने वाला एक समान कानूनी ढांचा प्रदान करके इन सिफारिशों को प्रभावी बनाने का प्रयास करता है। इसका उद्देश्य धर्मनिरपेक्षता, लैंगिक न्याय और सामाजिक सुधार के सिद्धांतों को कायम रखना है।

# यूक्रेन को न भूलें सहयोगी देश: जेलेंस्की

लंदन। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को रूस और ईरान को नफरत के मामले में भाई-भाई बताया और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से ऐसे वक्त में समर्थन मांगा जब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अमेरिका की मध्यस्थता वाली रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की रफ्तार धीमी पड़ गयी है।

जेलेंस्की ने देश के सहयोगियों से अपील की कि वे यूक्रेन को न भूलें और सुझाव दिया कि अमेरिका एवं अन्य देश पश्चिम एशिया के संघर्ष में यूक्रेन की ड्रोन रोधी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध ने तेल राजस्व में वृद्धि के माध्यम से रूस की सुस्त अर्थव्यवस्था में फिर से जान फूंक दी है। ब्रिटेन की संसद में जेलेंस्की ने कहा कि रूस और ईरान की सरकारें नफरत के मामले में भाई-भाई हैं और इसीलिए वे हथियारों के मामले में भी भाई-भाई हैं। हम चाहते हैं कि नफरत पर आधारित सरकारें कभी किसी भी चीज में जीत हासिल न कर सकें। लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में जेलेंस्की से बातचीत के दौरान स्टार्मर ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को ईरान संघर्ष से लाभ नहीं मिलना चाहिए, चाहे वह तेल कीमतों में बढ़ोतरी हो या प्रतिबंधों में ढील। यह बैठक ऐसे समय हुई जब अमेरिका ने वैश्विक आपूर्ति के दबाव को कम करने के लिए रूसी तेल पर कुछ प्रतिबंध अस्थायी रूप से हटा दिए।

## इंटरटेनमेंट...

# अजय और अनुभव की कभी आपस में नहीं हुई बात

**मुंबई।** डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने हाल ही में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म कैश के दौरान उनकी और अजय देवगन की आखिरी बार बात हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 18 साल का समय हो गया है, लेकिन अजय और अनुभव की कभी आपस में बात नहीं हुई। डायरेक्टर ने दोनों के बीच बातचीत बंद होने का कारण बताया है।

अनुभव सिन्हा लल्लनटॉप से ? बात करते हुए कहा, हमारे बीच कभी कोई लड़ाई नहीं हुई। वह बस मुझसे बात नहीं करते और मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है। फिल्म कैश की मेकिंग के बाद से, हम एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। शायद वो मुझे इग्नोर करते हैं या उनके मन में कुछ और भी हो सकता है। मैंने उन्हें दो-तीन बार मैसेज भी किए, लेकिन उनकी तरफ से कभी कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए मैंने खुद से सोच लिया कि शायद वह भूल गए होंगे या उन्होंने मेरा मैसेज देखा ही नहीं होगा। लेकिन, हमें बात किए हुए लगभग 18 साल हो गए हैं। फिल्म कैश के बाद से अजय देवगन और अनुभव सिन्हा ने कभी भी साथ में काम नहीं किया। डायरेक्टर से पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के समय उनके बीच कोई विवाद हुआ था? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- नहीं, हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ था। हां, उस समय प्रोड्यूसर और फाइनेंसर के बीच विवाद हुआ था। डायरेक्टर से पूछा गया कि क्या किसी सॉन्ग को लेकर कोई विवाद हुआ था, जिसमें अजय देवगन काम करना चाहते थे? जवाब में उन्होंने कहा- किसी गाने को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ था।

डायरेक्टर अनुभव ने अजय की तारीफ करते हुए कहा- अजय मेरे पसंदीदा कलाकारों में से एक थे। मैं उन्हें एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में पसंद करता था। उनके साथ रहना और काम करना मुझे अच्छा लगता था। वह यारों के यार जैसे हैं। अजय हमेशा जरूरत पड़ने पर दोस्त की मदद के लिए सबसे पहले खड़े रहते हैं। डायरेक्टर अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी फिल्म कैश साल 2007 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में डायरेक्टर ने अजय देवगन को बतौर लीड एक्टर कास्ट किया था। इस फिल्म में सुनील शेट्टी, ईशा देओल, रितेश देशमुख, शमिता शेट्टी और दीया मिर्जा भी मुख्य भूमिकाओं में थे।

# भारत और ब्रिटिश के गायक एक साथ दिखे

नयी दिल्ली। भारतीय गायक अरिजीत सिंह व ब्रिटिश गायक एड शीरन का एक साथ स्कूटर पर घूमने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रशंसकों द्वारा इसे अब तक का सबसे अच्छौ वीडियो बताया जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, इस समय शीरन अपने मैथेमैटिक्स टूर के लिए भारत आए हुए हैं। सिंह को शीरन के साथ वाहन पर सवार होकर बिना सुरक्षाकर्मी के घूमते हुए देखा गया। हालांकि वीडियो की तारीख और स्थान की जानकारी की तत्काल पुष्टि नहीं हो सकी, लेकिन रिपोर्ट के अनुसार गायक जोड़ी को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सिंह के गृहनगर जियागंज की सड़कों पर स्कूटर चलाते हुए देखा गया है। पिछले साल, शीरन लंदन में सिंह के संगीत कार्यक्रम में मंच पर शामिल हुए थे।

# सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वीडियो

**मुंबई।** सिंगर सोनू निगम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों पर भड़कते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सिंगर माइक पर यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, 'बैठ जाओ, वरना बाहर निकल जाओ।' वहीं, उनके इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। दरअसल, यह वीडियो कोलकाता में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में सोनू निगम कहते हुए नजर आ रहे हैं, 'अगर तुम्हें खड़ा होना ही है तो चुनाव में खड़े हो जाओ यार। प्लीज बिठाओ। जल्दी करो इतना टाइम जा रहा है, मुझे मालूम है। तुम्हारा कट-ऑफ टाइम आ जाएगा फिर।

# विक्की ने की अक्षय खन्ना के किरदार को लेकर बात

**मुंबई।** विक्की कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्टर ने हाल ही में फिल्म में अपने और अक्षय खन्ना के किरदार को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर संभाजी महाराज के लुक को लेकर इतने सीरियस थे कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू करने से ही मना कर दिया था।

विक्की कौशल ने बताया कि डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर का कहना था कि जब तक विक्की का अपीयरेंस एक रियल वॉरियर जैसा नहीं होगा, तब तक वे फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं करेंगे। विक्की कौशल ने रेडियो नशा से बातचीत में कहा- छावा मेरे करियर की सबसे टफ फिल्मों में से एक है। मेरे लिए संभाजी महाराज का किरदार निभाना बिल्कुल आसान नहीं था। फिजिकली छावा मेरे लिए सबसे टफ रोल रहा है क्योंकि एकदम से 25 किलो वेट गेन करना आसान नहीं है। मुझे ये वेट गेन करने में 7 महीने लगे थे। फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। विक्की ने डायरेक्टर के बारे में बात करते हुए कहा- लक्ष्मण सर ने मुझसे साफ कहा था कि जब तक तुम अपने लुक को चेंज नहीं कर लेते तब तक शूटिंग शुरू नहीं होगी। तुम्हें एक रियल वॉरियर दिखना होगा, जब तक तुम वो लुक नहीं पा लेते, घुड़सवारी नहीं सीख लेते, तलवारबाजी की पूरी ट्रेनिंग नहीं ले लेते और एक्टिंग फाइटिंग नहीं सीख लेते, मैं फिल्म शुरू नहीं करूंगा। मैं अपने व्यूअर्स को धोखा नहीं देना चाहता हूं, मैं वीएफएक्स का इस्तेमाल नहीं करूंगा। विक्की ने कहा- छत्रपति संभाजी महाराज का रोल प्ले करने के लिए मैंने अपने बाल बढ़ाए, दाढ़ी बढ़ाई थी और बॉडी बनाई। लक्ष्मण सर छावा ने छावा को पूरी तरह से रियल दिखाने की कोशिश की है। अगर फिल्म के ट्रेलर में 2000 लोग दिखाई दे रहे हैं। तो रियल में सेट पर 2000 लोग मौजूद थे। हमारे पास 2000 जूनियर आर्टिस्ट और देश के 500 स्टंटमैन थे। इस फिल्म को बहुत ही ग्राउंड लेवल पर शूट किया गया है। फिल्म छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं। तो वहीं अक्षय खन्ना मुगल बादशाह औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com